हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● मंगलवार ● 04.08.2026 ● वर्ष : 17 ● अंक : 14 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## बांकीपुर उपचुनाव : प्रशांत किशोर की प्रचंड जीत, भाजपा के नीरज कुमार को हराया



एजेंसी

**बांकीपुर :** बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में सोमवार को जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नीरज कुमार सिन्हा को 18,953 मतों के अंतर से पराजित करके जीत दर्ज की। निर्वाचन आयोग के परिणामों के अनुसार, सभी 31 में से 31 दौरों की मतगणना पूरी होने के बाद प्रशांत किशोर को 63,203 मत मिले, जबकि भाजपा के नीरज कुमार सिन्हा को 44,250 मत प्राप्त हुए। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की उम्मीदवार रेखा कुमारी 14,085 मत हासिल करके तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य उम्मीदवारों में प्रगतिशील जनता पार्टी के मनोरंजन कुमार श्रीवास्तव को 950, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के तनवीर आलम को 847, भारतीय आम आवाम पार्टी के प्रदीप कुमार को 763, भारतीय जवान किसान पार्टी के बैजनाथ प्रसाद को 369, निर्दलीय अनिल दास को 308 और निर्दलीय सिकंदर कुमार को 261 मत मिले।

### नितिन नवीन के राज्यसभा जाने के बाद खाली हुई थी सीट

बता दें कि बांकीपुर उपचुनाव भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के अप्रैल में राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुई सीट पर कराया गया था। नितिन नवीन ने नवंबर 2025 के विधानसभा चुनाव में लगातार पांचवीं बार यह सीट जीती थी। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की उम्मीदवार रेखा गुप्ता को 50 हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया था।

### दतिया में कांग्रेस की जीत



दतिया विधानसभा के उपचुनाव की मतगणना के सभी राउंड पूरे होने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने जीत दर्ज कर ली है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार आशुतोष तिवारी हरा दिया है। घनश्याम सिंह ने 6056 वोटो से जीत दर्ज की है। यहां कुल 15 राउंड की मतगणना हुई और घनश्याम सिंह शुरू से ही लगाता बढ़त बनाए हुए थे। दतिया में 30 जुलाई को हुए उपचुनाव में 71.44 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। मतगणना केंद्र के अंदर और बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कांग्रेस ने इस बार उपचुनाव में दतिया से घनश्याम सिंह को उम्मीदवार बनाया है, जहां उनका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आशुतोष तिवारी, आजाद समाज पार्टी के दामोदर सिंह यादव और 19 अन्य उम्मीदवारों से है। बता दें कि, कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती को दिल्ली की एक अदालत द्वारा धोखाधड़ी के एक केस में 3 साल की सजा सुनाए जाने के चलते उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त होने के कारण ही दतिया सीट पर उपचुनाव की आवश्यकता पड़ी थी।

### मांजलपुर में भाजपा की सीट बरकरार



गुजरात में मांजलपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव गुजरात की मांजलपुर विधानसभा सीट पर बीजेपी के सतेंद्रभाई पटेल जीत गए हैं. उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार भीखाभाई रबाड़ी को 30630 मतों से हराया. निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, 12 दौर की गणना के बाद पटेल ने कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री भीखाभाई रबारी पर 19,368 मतों की बढ़त बनाते हुए 34,345 वोट हासिल किए। रबारी को अब तक 14,977 वोट मिले हैं। मतगणना सुबह आठ बजे वडोदरा के मकरपुरा क्षेत्र स्थित भवन स्कूल परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। मांजलपुर सीट पर 30 जुलाई को हुए उपचुनाव में 37.5 प्रतिशत मतदान हुआ। भाजपा विधायक एवं गुजरात के पूर्व मंत्री योगेश पटेल का दो जून को निधन हो जाने के कारण यह उपचुनाव कराने की जरूरत पड़ी। पटेल लंबे समय से बीमार थे। भाजपा ने वडोदरा नगर निगम के पूर्व पार्षद सतीश गोविंदभाई पटेल को मैदान में उतारा है जबकि कांग्रेस ने गुजरात इकाई के अपने उपाध्यक्ष भीखाभाई रबारी को उम्मीदवार बनाया।

### एक नजर

### पुलिस मुठभेड़ में मारा गया गैंगस्टर सुजीत सिन्हा

**जामताड़ा :** झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा रविवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मामला जामताड़ा जिले में उस समय हुई, जब उसे साहिबगंज मंडल कारा से धनबाद जेल स्थानांतरित किया जा रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रात करीब नौ बजे जामताड़ा क्षेत्र में कैदी वाहन तकनीकी खराबी के कारण रुक गया। इसी दौरान कुछ संदिग्ध लोग वहां पहुंचे। आरोप है कि सुजीत सिन्हा ने मौके का फायदा उठाते हुए एक पुलिसकर्मी की इंसास राइफल छीन ली और भागने का प्रयास किया। इस दौरान उसने फायरिंग भी की, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। सुजीत सिन्हा का शव पुलिस एनकाउंटर के करीब आठ घंटे बाद घटनास्थल से हटाया गया। इससे पहले सोमवार की सुबह रांची से पहुंची फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम ने वैज्ञानिक तरीके से जांच की और खून के नमूने, फिंगरप्रिंट, हथियारों से जुड़े साक्ष्य, कारतूस के खोखे समेत कई अहम सबूत जुटाए। जांच पूरी होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पहली पुण्यतिथि आज

### बरलंगा में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन करेंगे आदमकद प्रतिमा का अनावरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पहली पुण्यतिथि चार अगस्त को रामगढ़ जिले के बरलंगा स्थित लुकैयाटांड़ शहीद स्मारक परिसर में श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सुबह 11 बजे आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे शहीद स्मारक परिसर में स्थापित 15 फीट ऊंची शिबू सोरेन की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। साथ ही राज्य के विभिन्न विकास कार्यों का ऑनलाइन शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे।

इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्री, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक और श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। प्रशासन की ओर से कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रथम



पुण्यतिथि के अवसर पर चार अगस्त को रांची समाहरणालय में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय स्थित सभी विभागों के कार्यालय प्रधानों, पदाधिकारियों और कर्मियों से स्वेच्छा से रक्तदान करने तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करने की अपील की है।

उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवनदान के समान है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस मानव सेवा अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि यही दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



## एक नजर

### सड़क कीचड़ में तब्दील बच्चों को आंगनबाड़ी एवं स्कूल पहुंचने में परेशानी



**बड़कागांव :** प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम महुदी में मुख्य सड़क आंगनवाड़ी केंद्र महुदी से लेकर अंबाटोला होते हुए कालीकरण रोड ऊपर महुदी तक सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है।बताते चले की आजादी के वर्षों बीत जाने के बाद अब तक लगभग 3 किलोमीटर लम्बी इस कच्ची सड़क का अब तक निर्माण कर पक्कीकरण नहीं किया गया है। कच्ची सड़क होने के कारण कई स्थानों पर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। वहीं वर्षा की पानी के जल जमाव के कारण काफी कीचड़ हो गया है। जिसके कारण जहां एक ओर लोगों को प्रखंड या जिला मुख्यालय एवं अन्य स्थानों पर आने-जाने में कठिनाई हो रही है।वहीं विशेष कर बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्कूल पहुंचने में परेशानी हो रही है। क्योंकि कई किलोमीटर घूम कर बच्चे आंगनबाड़ी या स्कूल पहुंच रहे हैं। इसलिए ग्रामीणों ने मांग किया है कि आंगनबाड़ी केंद्र महुदी से लेकर करम पट्टी तालाब होते हुए ऊपर महुदी मुख्य सड़क तक सड़क निर्माण करवाने की मांग जनप्रतिनिधि एवं सरकार से किया है। सड़क निर्माण की मांग करने वालों में मुख्य रूप से , उप प्रमुख वचन देव कुमार, बड़कागांव मध्य जीप सदस्य सुनीता देवी, प्रभारी मुखिया राजदेव महतो, पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे, पूर्व मुखिया पारस प्रसाद , समाजसेवी भवानी प्रसाद दांगी, राजनाथ कुमार दांगी, तनवीर आलम, खुर्शीद आलम , मुख्तार अंसारी, अनीस अंसारी , विनोद राम, अफतर हुसैन , अजाद आलम , अफताब आलम सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीनगर में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन



**बरही:** उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीनगर में प्रबंधन समिति का गठन को लेकर एक बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अजय कुमार को अध्यक्ष, मीना कुमारी उपाध्यक्ष एवं सीता देवी को संयोजिका के लिए चुना गया। बैठक में महेंद्र ठाकुर, रमजान मियां, अजय कुमार, सोनी देवी, पुष्पा देवी तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनूप प्रधान,शिक्षक सुनील यादव, धनेश्वर यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### उज्जैना में आंगनबाड़ी सह नर्सरी स्कूल का बीडीओ ने किया उद्घाटन

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत के उज्जैना स्थित आंगनबाड़ी सह नर्सरी स्कूल का उद्घाटन सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) जयपाल महतो ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बीएसओ संजय यादव, स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा, पंचायत सचिव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि आंगनबाड़ी सह नर्सरी स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव हैं। यहां बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ पोषण, स्वास्थ्य और संस्कार का बेहतर वातावरण मिलेगा। सरकार की मंशा है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध हो, जिससे उनका भविष्य मजबूत बन सके। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों और ग्रामीणों का सहयोग भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया पौधरोपण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायी मुहिम "एक पेड़ माँ के नाम" के अंतर्गत हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को कटकमसांडी प्रखंड के धरहरा में फलदार पौधों का पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।



इस दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण और पर्यावरण का संवर्धन हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य के साथ उनका पौधारोपण अभियान विगत कई वर्षों से निरंतर चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी एक लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है। फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जैव विविधता के संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा स्थानीय लोगों को दीर्घकालिक लाभ प्रदान करेगा।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ॑एक पेड़ माँ के नाम॒ अभियान से जुड़ने, अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही स्वच्छ, हरित एवं समृद्ध हजारीबाग के निर्माण का संकल्प साकार होगा।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, सुमन राय, कालेश्वर रजक, विनोद सिंह, अशोक राणा, मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, अजीत कुशवाहा, शिवपाल यादव, प्रदीप मिश्रा, बिजूल देवी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, गदोखर के मुखिया नारायण साव, रामू राम, महामंत्री वीरेंद्र ओझा, वीरेंद्र ठाकुर, वीरेंद्र शुक्ला, गोविंद यादव, बजरंग साव, राजेश ठाकुर, पवन गिरी, बैजनाथ यादव, राजेंद्र ठाकुर, उपेन्द्र शर्मा, रमेश राम, मनीष चौधरी, परमेश्वर यादव, राजेश यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उपायुक्त को जिप सदस्य गीता देवी ने सड़कों के निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न सड़के बड़े-बड़े गड्ढे एवं कीचड़ में तब्दील हो गए हैं।क्षेत्र की जनता के मांग पर खराब सड़क समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला परिषद सदस्य बड़कागांव पूर्वी गीत देवी ने डीएमएफटी मध्य अंतर्गत मांग करते हुए पथ निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान करने को लेकर उपयुक्त हजारीबाग हेमंत सती को 3 अगस्त 2026 को ज्ञापन सौंपी है। गीता देवी ने पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए कही है कि बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत दो मुख्य पथ जो वर्तमान में काफी खराब हो गई है। वर्तमान बरसात के मौसम में ग्रामीणों के आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निम्न में दोनों पथ के निर्माण होने से 20000 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित होंगे। जो सड़के मुख्य रूप से है : - पहला ग्राम पंचायत नयाटांड़



से ग्राम पंचायत नापोखुर्द तक पथ निर्माण कार्य एवं दूसरा ग्राम पंचायत पोटंगा ग्राम असवा में चैता मुंडा के घर से पंदनवाटांड़ होते हुए पार गढ़ा मंदिर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य करवाने को लेकर इन दोनों पथ के निर्माण कार्य डीएमएफटी मध्य से प्रदान करते करने की आग्रह की है। इस दरमियान इन्होंने उपायुक्त हजारीबाग को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर अवगत कराई। और उम्मीद जताई है कि निश्चित तौर पर इन सड़कों का निर्माण विभाग के द्वारा और करवाया जाएगा।

## बड़कागांव में चोरी कांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, तीन मोबाइल समेत नगद बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बडकागांव :** बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महगाईखुर्द में हुए चोरी कांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी गए सामान को भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम महगाईखुर्द निवासी नंदकिशोर प्रजापति के घर पर अज्ञात अपराधियों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना के बाद पीड़ित ने दिनांक 31 जुलाई 2026 को बड़कागांव थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। आवेदन के आधार पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 136/26 दिनांक 31/07/26 के तहत धारा 341(4)/305(अ) इठर



के अंतर्गत मामला दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। इसी क्रम में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे, जिसके आधार पर दिनांक 02 अगस्त 2026 को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान काशिफ खान उर्फ अंसर इमाम (पिता सफदर इमाम, निवासी बादम) तथा अशहर रजा उर्फ मो. राजा (पिता मो. कलाम, निवासी कनकीडाड़ी, डाड़ी कला) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी बड़कागांव थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। पुलिस ने जब दोनों आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की, तो उन्होंने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गया सामान बरामद कर लिया। बरामद सामान में तीन मोबाइल फोन, चांदी के दोनों पांव के पायल तथा 11,600 रुपये नकद शामिल हैं।

## विधायक ने उत्तरवाहिनी बराकर से जल लाकर बाबा मनोकामनेश्वर मंदिर में किया जलाभिषेक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** श्रावण मास की पहली सोमवारी पर बरही में आस्था और भक्ति का नजारा देखने को मिला। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बरही के विधायक मनोज कुमार यादव ने पवित्र उत्तरवाहिनी बराकर नदी से जल उठाकर बाबा मनोकामनेश्वर शिव मंदिर, बरही में जलाभिषेक किया। इस दौरान विधायक जी ने भगवान भोलेनाथ से समस्त क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि, शांति और आरोग्य की प्रार्थना की। मंदिर परिसर "बोल बम" और "हर हर महादेव" के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि "श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस पवित्र महीने की पहली सोमवारी पर उत्तरवाहिनी बराकर से जल लाकर



बाबा का जलाभिषेक करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मेरी कामना है कि बाबा भोलेनाथ सभी क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएं और सबको स्वस्थ रखें। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजकुमार यादव ने कहा कि "उत्तरवाहिनी बराकर का जल अत्यंत पवित्र और दुर्लभ है। शास्त्रों में मान्यता है कि श्रावण मास की सोमवारी पर उत्तर दिशा की ओर बहने वाली नदी के जल से भगवान शिव का अभिषेक करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। उत्तरवाहिनी से जल लाकर जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती हैं और क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि का वास होता है। उन्होंने भी बाबा से सभी के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजकुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, मनोज केशरी, दिलीप केशरी, राजकुमार केशरी, बलराम केशरी, गणपति झा, सोनू केशरी, बसंत राणा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, ईचाक में खाद्य सुरक्षा टीम का औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमंत सती एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि जायसवाल के निर्देशानुसार सोमवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग-02 अम्बरीश पाण्डेय ने खाद्य सुरक्षा टीम के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, ईचाक बोंगा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए उसना चावल, अरहर दाल, आटा, मसूर दाल एवं चूड़ा के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम, रांची भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा टीम ने विद्यालय प्रबंधन और रसोई कर्मियों को




किचन की रोजाना साफ-सफाई रखने, भोजन बनाते और परोसते समय एप्रन-टोपी पहनने तथा रसोईघर को कीट, चूहे, मक्खियों और छिपकलियों से मुक्त रखने का निर्देश दिया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग-01 मो. मंजर हुसैन, विकास शर्मा, सूरज कुमार एवं धनेश्वर प्रसाद कुशवाहा भी मौजूद थे। जिला प्रशासन ने कहा कि जिले के विद्यालयों और अन्य संस्थानों में बच्चों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले, इसके लिए इस तरह के निरीक्षण और नमूना संग्रह की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

### केसठ में एमएसके सॉल्यूशन प्वाइंट का शुभारंभ, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने किया उद्घाटन

# अब गांव में ही मिलेंगी वाहन इंश्योरेंस से लेकर ड्राइविंग लाइसेंस तक की सुविधा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड की पाण्डेयबारा पंचायत अंतर्गत केसठ गांव में डिजिटल सेवाओं को लेकर एक बड़ी पहल हुई। यहां एमएसके सॉल्यूशन प्वाइंट का विधिवत उद्घाटन बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद पूर्व विधायक ने प्रतिष्ठान के मालिक मतीन खान एवं संचालक शहंशाह खान को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आधुनिक डिजिटल सेवा केंद्रों की स्थापना आज समय की मांग है। इससे ग्रामीणों को




आवश्यक सरकारी और ऑनलाइन सेवाएं अब अपने गांव में ही सुलभ होंगी। इससे समय और पैसे की बचत होगी तथा युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने प्रतिष्ठान की निरंतर प्रगति और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रतिष्ठान के मालिक मतीन खान एवं संचालक शहंशाह खान ने पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

संचालक शहंशाह खान ने बताया कि एमएसके सॉल्यूशन प्वाइंट के माध्यम से क्षेत्रवासियों को सभी डिजिटल सेवाएं सरल, पारदर्शी और सुलभ तरीके से उपलब्ध कराई जाएंगी। अब लोगों को छोटी-छोटी आवश्यक सेवाओं के लिए शहरों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि केंद्र पर एक ही छत के नीचे निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध होंगी:

वाहन इंश्योरेंस, वाहन टैक्स, वाहन फिटनेस, नेशनल परमिट, प्रदूषण प्रमाणपत्र पीयूसी, ड्राइविंग लाइसेंस, टीडीएस फॉर्म, कुरियर सेवा, वाहन ऑनलाइन चालान भुगतान सहित अन्य ऑनलाइन एवं डिजिटल सेवाएं। उद्घाटन समारोह में उपमुखिया संजय गुप्ता, समाजसेवी जुबैर अहमद, मोइनुद्दीन, वाहिद अंसारी, फॉल्टन खान, गुलबहार अंसारी, तौसीफ अंसारी, मनोज सिंह, दिलशाद खान, सद्दाम खान, मो० इस्राइल, अतीक खान, कलीम खान, इसराइल खान, सालिक खान, काशीम खान, सेराज खान, साहेब खान, सरफराज खान, वसीम अकरम, मोकद्दर आलम, शाबान खान, शब्बा अहमद खान, शाहबाज खान, सुल्तान खान, मोबीन खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रावणी मेले की पहली सोमवारी पर बुढवा महादेव सेवा समिति ने शिवभक्तों के बीच बांटी खीर



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बुढवा महादेव सेवा समिति कर्णपूरा क्षेत्र बड़कागांव के द्वारा श्रवणी मेला को लेकर प्रथम सोमरी को भण्डार का अयोजन किया गया शिव भक्त को खिर वितरण किया गया। वितरण कर्ता अध्यक्ष योगेन्द्र महतो, सचिव सरजु महतो, कोषाध्यक्ष संजय महतो, के द्वारा किया गया मौके पर उपस्थित सदस्य के रूप में जिला परिषद सुनिता देवी,बंसन कुमार, इन्द्र भुषण, सुरेश महतो, रंजित महतो, बिनोद कुमार, उप प्रमुख वचनदेव कुमार,डा रघुनंदन कुमार, प्रेमचंद कुमार ,सिकंदर महतो, रूपनारायण महतो, रणविजय कुमार ,संतोष कुमार ,उमेश कुमार, मनोज कुमार ,दिनेश्वर महतो, भोला महतो, तुलेश्वर महतो, हितलाल महतो, अनिल कुमार राम, प्रभु दयाल ठाकुर, रामविलास महतो, जयपाल कुमार, आलोक कुमार नागमणि, प्रदीप कुमार, बालेश्वर राम, कीनू राम, धर्मनाथ महतो, कमलनाथ महतो, बेचन राणा, दशरथ महतो, राजकुमार राणा उपस्थित थे।

### जनार्दन सिंह रोजाना 31 मंदिरों में करते हैं फूलों का दान



**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड के ढेंगा ग्राम स्थित कदमाडीह गांव निवासी समाजसेवी जनार्दन सिंह भगवान की भक्ति के प्रति एक अद्भुत उदाहरण है । इन्होंने पिछले 10 वर्षों से रोजाना सुबह 4 :00 बजे भोर उठकर फूल तोड़ मंदिरों में दान करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं आवश्यकता पड़ने पर जनार्दन सिंह घर में भी जाकर फूल देकर ,लोगों की सेवा करते हैं । ताकि अच्छी तरह से भगवान की पूजा लोग कर सकें। यह सब करने में जनार्दन सिंह का इसमें कोई लोभ लालच नहीं है, हमेशा निशुल्क फूलों का दान करते आ रहे हैं।बताते चलें कि जनार्दन सिंह फूल का बगीचा लगाकर रखे हैं, ताकि कभी भी मंदिरों में या अन्य जरूरतमंद लोगों के घर भगवान की पूजा करने में फूल की कमी नहीं हो, तकरीबन 31 मंदिरों में जनार्दन सिंह रोजाना फूलों का चढ़ावा करते हैं। जनार्दन सिंह ने कहा कि रोजाना लगभग 30 मंदिरों में फूल दान करता हूं। इससे मुझे काफी संतुष्टि मिलती है और भगवान के प्रति हमेशा जुड़ाव बना रहता है।

### उदय राणा ने किया आशुतोष प्रज्ञा केंद्र डिजिटल सेवा एवं अविनाश चाऊमीन सेंटर का शुभारंभ



**चौपारण :** प्रखंड की पाण्डेयबारा पंचायत अंतर्गत सेल्हारा रोड पर सोमवार को आशुतोष प्रज्ञा केंद्र डिजिटल सेवा एवं अविनाश चाऊमीन सेंटर का विधिवत उद्घाटन प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, पूर्व मुखिया अनिल पांडे और समाजसेवी बीके यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने प्रतिष्ठान का अवलोकन किया तथा संचालकों को सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवा केंद्रों की स्थापना से लोगों को सरकारी एवं ऑनलाइन सेवाओं के लिए शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। वहीं स्थानीय स्तर पर नए व्यवसाय शुरू होने से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रतिष्ठान संचालक ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य लोगों को बेहतर डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ गुणवत्तापूर्ण सेवा देना है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि ग्राहकों की सुविधा और भरोसे को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उद्घाटन समारोह में सरवन यादव, रामविलास चंद्रवंशी, भाजपा के पूर्वी मीडिया प्रभारी प्रीतम चंद्रवंशी, बहादुर सिंह, अशोक सिंह, नरेश राणा, अजय राणा, चंदन यादव, प्रभात कुमार, रंजीत पांडेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पुलिस का विशेष समकालीन अभियान एक रात में 33 अपराधी गिरफ्तार



**हजारीबाग:** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के आदेशानुसार 01/02 अगस्त 2026 की रात्रि को जिले में चोरी, लूट, डकैती एवं विभिन्न कांडों में फरार चल रहे अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध विशेष समकालीन छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक एवं पुलिस निरीक्षकों ने किया। अभियान में जिले में कुल 30 टीमों का गठन किया गया था, जिनका नेतृत्व थाना प्रभारी कर रहे थे। छापामारी में लगभग 113 पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी शामिल थे। अभियान के दौरान कुल 33 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि यदि उनके क्षेत्र में कोई आपराधिक तत्व गिरफ्तारी के डर से छिपा हुआ है, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाना को दें। सूचना मिलने पर तत्काल सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### हटिया से कार में बैठाकर लड़की को ले भागे अपराधी

**रांची :** हटिया इलाके से एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। कार सवार अपराधियों ने घटना को एक अगस्त की दोपहर में अंजाम दिया है। परिजनों के मुताबिक नाबालिग लड़की किसी कार्य से घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान अपराधियों ने उसे जबरन अपनी कार में बैठा लिया और लेकर फरार हो गए। इस संबंध में नाबालिग के पिता ने जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। नाबालिग लड़की के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी शनिवार की दोपहर करीब एक बजे प्रेमनगर के रोड नंबर चार में गई थी। इसी दौरान एक कार आयी और उसमें बैठे शख्स ने उनकी पुत्री को उसमें बैठा लिया। काफी देर तक जब उनकी पुत्र घर नहीं लौटी तो परिजनों को खोजबीन में इस बात की जानकारी मिली। इसके बाद परिजन जगन्नाथपुर थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस नाबालिग लड़की की तलाश में जुट गई है।

### झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू 5-6 अगस्त को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर

**रांची :** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू 5 और 6 अगस्त को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह कांग्रेस विधायक दल की बैठक के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के विधायकों की संयुक्त बैठक में हिस्सा लेंगे। झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि के. राजू 5 अगस्त को सुबह 9:15 बजे हैदराबाद से इंडिगो की उड़ान से रांची के लिए रवाना होंगे और सुबह 11:10 बजे बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। रांची पहुंचने के बाद वह दोपहर 2:00 बजे मोरहाबादी के स्टेट गेस्ट हाउस में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद शाम 4:00 बजे एटीआई ऑडिटोरियम में आयोजित इंडिया गठबंधन के सभी विधायकों की संयुक्त बैठक में भाग लेंगे। कार्यक्रमों के बाद के. राजू रांची स्थित स्टेट गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद 6 अगस्त को वह दिल्ली के लिए रवाना होंगे। कांग्रेस प्रभारी के इस दौरे को राज्य की राजनीतिक गतिविधियों और आगामी रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में होने वाली बैठकों में संगठनात्मक मजबूती, विधानसभा से जुड़े मुद्दों और इंडिया गठबंधन के समन्वय पर चर्चा होने की संभावना है।

### कडरू मदरसा के लापता दोनों बच्चों को पुलिस ने किया बरामद

**रांची :** कडरू स्थित मदरसा हुसैनिया के दो लापता बच्चों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। दोनों बच्चों का अपहरण नहीं हुआ था। वे दोनों अपने रिश्तेदार के घर चले गए थे। बच्चों के बयान में इसका खुलासा हुआ। बच्चों ने पुलिस को बताया कि घर का खाना नहीं मिलने से परेशान होकर दोनों रिश्तेदार के घर चले गए थे। बता दें कि 23 जुलाई को मदरसा के लिए निकले दोनों बच्चे अचानक गायब हो गये थे। खोजबीन में कुछ भी पता नहीं चलने पर परिजनों ने अरगोड़ा थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद अरगोड़ा पुलिस ने तकनीकी सेल की मदद से जांच शुरू की। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें बच्चों को आखिरी बार कडरू इलाके में देखा गया था। खोजबीन के बाद पता चला कि बच्चे रिश्तेदार के घर चले गए है। इस संवेदनशील मामले के बाद रांची पुलिस ने आम जनता और अभिभावकों से विशेष अपील की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अक्सर बच्चे घरेलू विवाद, पढ़ाई के तनाव या किसी अन्य नाराजगी के कारण बिना बताए घर छोड़ देते हैं।

# विस अध्यक्ष ने की मॉनसून सत्र की तैयारियों की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड विधानसभा के आगामी मानसून सत्र के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार तथा विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मानसून सत्र की तैयारियों, विधायी कार्यों के समयबद्ध निष्पादन, सदस्यों के प्रश्नों के त्वरित जवाब तथा पेपरलेस विधानसभा व्यवस्था को प्रभावी बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में आगामी मानसून सत्र के औपबंधिक कार्य दिवसों, सदन की कार्यवाही के संचालन तथा विभिन्न विधायी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी विभागों को आपसी समन्वय और तत्परता के साथ सत्र से जुड़े सभी कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। रबीन्द्र नाथ महतो ने बैठक के दौरान लंबित सरकारी आश्वासनों, सदस्यों के शून्यकाल, निवेदन और ध्यानाकर्षण सूचनाओं से संबंधित प्रश्नों के विभागवार लंबित उत्तरों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सदन की कार्यवाही बाधित न हो और जनप्रतिनिधियों को समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

उन्होंने सत्र में प्रस्तुत किए जाने वाले विधेयकों की प्रतियां समय से उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। अध्यक्ष ने कहा कि विधेयकों की प्रतियां समय पर मिलने से सदस्यों को उनका अध्ययन करने और आवश्यक संशोधन प्रस्ताव तैयार करने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। इसके लिए संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (एनईवीए) प्रणाली के पूर्ण क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी विभागों में शीघ्र नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि पेपरलेस विधानसभा व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करना राज्य विधानसभा की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल व्यवस्था से विधानसभा की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी, आधुनिक और सुगम बनेगी।

अध्यक्ष ने कहा कि मानसून सत्र की अवधि अपेक्षाकृत कम है, लेकिन सदस्यों की ओर से बड़ी संख्या में प्रश्न प्राप्त हो रहे हैं। ऐसे में सभी विभाग निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रश्नों के उत्तर विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराएं। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि इसमें अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा सत्र के दौरान प्रत्येक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति अधिकारी दीर्घा में सुनिश्चित की जाए, ताकि सदन में उठने वाले विषयों पर तत्काल आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

बैठक में सत्रावधि के दौरान चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता पर भी चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने चिकित्सकों की तैनाती, एम्बुलेंस, जीवनरक्षक दवाइयों, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि सत्र के दौरान किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विधानसभा के प्रभारी सचिव रंजीत कुमार, कैबिनेट सचिव वंदना दादेल, अजय कुमार सिंह, प्रवीण कुमार टोप्पो, प्रशांत कुमार, अरवा राजकमल, अबू इमरान, मंजूनाथ भजंत्री, राकेश रंजन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड में 7 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना, येलो अलर्ट जारी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में अगले कुछ दिनों तक मौसम के सक्रिय रहने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 7 अगस्त तक राज्य के विभिन्न जिलों में भारी बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 75 मिलीमीटर वर्षा पतरातू में दर्ज की गई। वहीं, इस अवधि में राज्य का सर्वाधिक तापमान सरायकेला में 35.8 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान रांची के कांके में 20.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1 जून से 3 अगस्त तक झारखंड में 538.7 मिलीमीटर सामान्य वर्षा के मुकाबले 384.7 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से 29 प्रतिशत कम है।

## पहली सोमवारी पर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा रांची का पहाड़ी मंदिर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में श्रावण माह की पहली सोमवारी पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह सरकारी पूजा के बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। इसके बाद करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इससे पहले सुबह 3 बजे पहाड़ी मंदिर में विधि-विधान के साथ सरकारी पूजा संपन्न हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए और जल व दूध अर्पित किया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव', 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में 80 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मंदिर आने वाले हर मार्ग पर सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पहली सोमवारी पर भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग की व्यवस्था की, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो। पहली सोमवारी के अवसर पर कई सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों ने सेवा शिविर लगाए।

# रांची में दो दिवसीय शिव शिष्य कार्यशाला का समापन देशभर से 550 से अधिक शिवशिष्यों ने लिया भाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** शिव शिष्य परिवार के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला "शिव शिष्यता की पृष्ठभूमि, व्याप्ति एवं प्रयोजन" का शांतिपूर्ण वातावरण में अग्रसेन भवन, रांची में समापन हो गया। कार्यशाला में भारत के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 550 शिवशिष्यों एवं शिष्याओं ने भाग लिया।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए साहब श्री हरीन्द्रानंद जी के संदेश "आओ चलें शिव की ओर" को साझा करते हुए श्रीमती बरखा आनंद ने कहा कि लगभग आठ वर्ष पूर्व साहब ने यह संदेश दिया था, जो आज भी शिवशिष्यों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कथन नहीं, बल्कि मानवता को शिवत्व की ओर अग्रसर करने का आह्वान है। उन्होंने सभी से देश, समाज और परिवार की मर्यादाओं को सुदृढ़ करते हुए भगवान शिव के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

"गुरु, सद्गुरु एवं जगतगुरु" विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अर्चित आनंद ने कहा कि गुरु वह है जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर साधक के भीतर शिवभाव जागृत करता है। वहीं सद्गुरु अपनी कृपा से शिष्य के हृदय में परमात्मा के प्रति प्रेम का अंकुरण करते हैं और उसे शिवत्व की ओर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि जगतगुरु समस्त मानवता के मार्गदर्शक होते हैं।

शिष्यानुभूति : एक प्रकाश स्तंभविषय पर शिव शिष्य परिवार के सचिव अभिनव आनंद ने कहा कि भौतिक प्रकाश जहां लोगों को मार्ग दिखाता है, वहीं आध्यात्मिक प्रकाश मनुष्य को शिव तक पहुंचाने का कार्य करता है। उन्होंने आध्यात्मिक जीवन में अनुभव और साधना के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में गौतम कुमार ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से आए शिवशिष्यों ने भी अपने आध्यात्मिक अनुभव एवं विचार साझा किए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजेश, गौतम शिवकुमार विश्वकर्मा, रजनीश, रणधीर, आदित्य सहित शिव शिष्य परिवार के अनेक सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रांची-सबौर व राउरकेला-रामगढ़ को चलेगी रेलवे भर्ती परीक्षा स्पेशल ट्रेनें

**रांची :** रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए दक्षिण-पूर्व रेलवे ने बड़ी सुविधा दी है। आम यात्रियों के साथ परीक्षार्थियों को असुविधा से बचाने के लिए रांची-सबौर और राउरकेला-रामगढ़ कैंट के बीच रेलवे ने दो जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ये ट्रेनें तीन से 22 अगस्त के बीच अलग-अलग तिथियों पर चलेंगी। इससे झारखंड, बिहार और ओडिशा के परीक्षार्थियों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 08601-08602 रांची-सबौर परीक्षा स्पेशल तीन से छह अगस्त, नौ से 14 अगस्त और 17 से 21 अगस्त तक रांची से प्रतिदिन शाम सात बजे रवाना होगी।

# जेपीएससी अनियमितता मामला : सीआईडी का रांची समेत 4 जिलों में 20 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड लोक सेवा आयोग की 14वीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच अब निर्णायक चरण में पहुंचती नजर आ रही है। मामले की जांच कर रही झारखंड सीआईडी ने सोमवार सुबह बड़ा अभियान चलाते हुए रांची, बोकारो, पलामू और हजारीबाग में एक साथ 20 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। सूत्रों के अनुसार, सीआईडी की टीम स्थानीय पुलिस के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच कर रही है। यह कार्रवाई परीक्षा में कथित गड़बड़ी से जुड़े नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने के उद्देश्य से की जा रही है।

### पहले भी हो चुकी हैं कई गिरफ्तारियां

गौरतलब है कि जेपीएससी परीक्षा अनियमितता मामले में सीआईडी पहले ही कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच के दौरान उप परीक्षा नियंत्रक, निजी एजेंसी से जुड़े अधिकारियों और अन्य लोगों से पूछताछ की गई है। पूर्व खढरउ अध्यक्ष एल. खियांग्ते से भी कई दौर की लंबी पूछताछ हो चुकी है। इसके अलावा डटफशीट से जुड़ी कथित गड़बड़ियों की जांच भी जारी है।

### रांची में 15 से अधिक स्थानों पर छापेमारी

जानकारी के मुताबिक राजधानी रांची के धुर्वा, नामकुम समेत 15 से अधिक स्थानों पर एक साथ कार्रवाई चल रही है। सीआईडी की अलग-अलग टीमें संदिग्ध स्थानों पर पहुंचकर दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों की जांच में जुटी हुई हैं।

### कोचिंग संचालकों के ठिकाने पर भी कार्रवाई

सीआईडी की जांच का दायरा अब कोचिंग संस्थानों तक भी पहुंच गया है। रांची में कई कोचिंग संस्थानों के संचालकों के ठिकानों पर सीआईडी और रांची पुलिस की संयुक्त टीम छापेमारी कर रही है। जांच एजेंसी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी बाहरी नेटवर्क या कोचिंग संस्थान की कोई भूमिका तो नहीं रही।

### जांच के बाद सामने आएगी पूरी तस्वीर

फिलहाल सीआईडी की यह कार्रवाई जारी है। जांच एजेंसी की ओर से अभी तक छापेमारी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि तलाशी अभियान पूरा होने के बाद बरामद दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट



**नयी दिल्ली :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को नई दिल्ली में भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के क्रम में राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को लोक भवन, झारखण्ड द्वारा प्रकाशित "संवाद से विश्वास" की प्रति भेंट की, जिसमें राज्यपाल के दो वर्षों के कार्यकाल की प्रमुख पहलों एवं गतिविधियों का संकलन है।

### प्रधानमंत्री से मिले राज्यपाल संतोष गंगवार, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**नयी दिल्ली :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के क्रम में राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राज्य के समसामयिक घटनाक्रम तथा राज्यहित एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने माननीय प्रधानमंत्री को लोक भवन, झारखण्ड द्वारा प्रकाशित "संवाद से विश्वास" की प्रति भी भेंट की, जिसमें राज्यपाल के दो वर्षों के कार्यकाल की प्रमुख पहलों एवं गतिविधियों का संकलन है।

### साहित्य संगम संस्थान ने किया 'सावन की फुहार' का शुभारंभ



**रांची :** साहित्य संगम संस्थान, झारखंड इकाई की ओर से श्रावण मास के अवसर पर 'सावन की फुहार' कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सचिव पूनम वर्मा 'अनूप' ने मां सरस्वती की वंदना एवं स्वागत उद्बोधन के साथ किया। कार्यक्रम में झारखंड, राजस्थान और बिहार सहित विभिन्न राज्यों के साहित्यकारों ने शिव एवं सावन पर आधारित गीत, भजन और काव्य प्रस्तुत कर भक्तिमय वातावरण बनाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह 'मंत्र' ने अपने संबोधन में साहित्य और आध्यात्मिक आनंद के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. नवीन कुमार भट्ट 'नीर' ने बताया कि श्रावण मास के दौरान प्रतिदिन 'शिवार्चन संध्या' एकल काव्यपाठ का आयोजन भी किया जा रहा है। सचिव पूनम वर्मा 'अनूप' ने बताया कि 'सावन की फुहार' कार्यक्रम श्रावण मास के प्रत्येक रविवार को आयोजित होगा तथा इसका समापन 23 अगस्त 2026 को संरक्षक डॉ. प्रशांत करण के समापन उद्बोधन के साथ होगा।

### श्रावण के प्रथम सोमवार पर श्री श्यामेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रांची :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर श्री श्यामेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक विधि-विधान से संपन्न हुआ। मंदिर के आचार्य के सान्निध्य में यजमान संजीत चौधरी एवं रंजना चौधरी ने परिवार सहित संकल्प लेकर जलाभिषेक, पंचामृत, दूध, गन्ने के रस, नारियल जल एवं अन्य पूजन सामग्री से भगवान शिव का रुद्राभिषेक कराया। अनुष्ठान के बाद कोलकाता से मंगाए गए फूलों से शिव परिवार, गणेश जी एवं श्री श्यामेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया। संध्या आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के उपरांत भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, मंत्री पंकज गाड़ोदिया, विष्णु चौधरी, प्रवीण सिंघानिया, श्यामसुंदर शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम की जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

### धुर्वा केसरी समाज का सावन उत्सव संपन्न, सुमन केसरी बनीं सावन क्वीन




**रांची :** धुर्वा केसरी समाज की ओर से सोमवार को शिवानी इंटरनेशनल होटल में महिलाओं के लिए सावन उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजना केसरी ने की। आयोजन की शुरूआत महिलाओं ने पारंपरिक सावन गीतों के साथ की, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सावन पर्व की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाया। उत्सव के दौरान महिलाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सावन क्वीन प्रतियोगिता में सुमन केसरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सावन क्वीन का खिताब अपने नाम किया। वहीं बैलून रेस प्रतियोगिता में श्वेता गुप्ता, शर्मिला केसरी, मंजू देवी और सरिता केसरी को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में शर्मिला केसरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिखा केसरी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन पूनम केसरी ने प्रस्तुत किया। आयोजन के दौरान महिलाओं ने गीत-संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सावन पर्व का आनंद लिया तथा आपसी एकता और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर पूनम केसरी, सुधारानी, श्वेता केसरी, शिखा केसरी, सरिता केसरी, बीना केसरी, श्वेता गुप्ता, आरती केसरी सहित केसरी समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थे।

## एक नजर

### बजरंग दल खूंटी के नए जिला संयोजक बने कर्मवीर

**खूंटी** : लोहरदगा में आयोजित विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल की प्रांतीय बैठक में संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रांत नेतृत्व ने कर्मवीर महतो को बजरंग दल, खूंटी का नया जिला संयोजक नियुक्त किया। कर्मवीर महतो इससे पहले जिला सह संयोजक के रूप में संगठन की जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं। उनके कार्यकाल में जिले के विभिन्न प्रखंडों और नगरों में संगठन का विस्तार हुआ और युवाओं को संगठन से जोड़ने के साथ सेवा, सुरक्षा और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया। संगठन नेतृत्व ने उनके समर्पण, अनुशासन और सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद कर्मवीर महतो ने प्रांत नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने, अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने और सेवा, सुरक्षा एवं संस्कार से जुड़े कार्यों को गति देने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कर्मवीर महतो को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में खूंटी जिले में बजरंग दल का संगठनात्मक विस्तार और अधिक मजबूत होगा।

### डीसी ने पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

**खूंटी** : उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने सोमवार को खूंटी प्रखंड के कालामाटी स्थित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रावास की व्यवस्थाओं और आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित पठन-पाठन, स्वच्छता और छात्राओं के बेहतर परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय के कक्षों, प्रधानाध्यापक कक्ष, लिपिक कक्ष, रसोईघर तथा छात्राओं को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने निर्धारित मेनू के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराने, पर्याप्त संख्या में रसोइयों की तैनाती सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता के मानकों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने शिक्षकों से कहा कि छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण कक्षाओं का संचालन किया जाए। साथ ही पढ़ाई में कमजोर छात्राओं की पहचान कर उनके लिए विशेष कक्षाओं की व्यवस्था करने का निर्देश दिया, ताकि उनकी शैक्षणिक प्रगति में सुधार हो सके।

### कुर्रा मोड़ पर दो बाइक की टक्कर, तीन घायल

**बोकारो** : राष्ट्रीय राजमार्ग-32 के कुर्रा मोड़ के पास सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घटना पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के निकट हुई। घायल लोगों में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के बिंदुडीह के निवासी सुभाष महतो और गौतम महतो तथा एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अज्ञात अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस फिलहाल यह पता लगाने में जुटी है कि वह घायल किस अस्पताल में भर्ती है। बाकी दो घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है और दो लोगों को थाने लाकर भर्ती कराया गया है। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. कामाख्या ने बताया कि घायलों पर गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन उनकी स्थिति अब खतरे से बाहर है।

# 10 अगस्त को देशव्यापी जेल भरो आंदोलन का एलान किसान संगठनों व ट्रेड यूनियनों ने बनाई रणनीति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियन्स तथा स्वतंत्र फेडरेशनों एवं यूनियनों के संयुक्त मंच के आह्वान पर भारत छोड़ो आंदोलन दिवस के अवसर पर 10 अगस्त 2026 को देशव्यापी जेल भरो आंदोलन को सफल बनाने का निर्णय ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों की संयुक्त बैठक में लिया गया। सहाना गार्डन कोडरमा में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अर्जुन यादव ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि देश आज गहरे आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और लोकतांत्रिक संकट से गुजर रहा है। केंद्र सरकार की निजीकरण, ठेकेदारीकरण, व्यवसायीकरण और कॉरपोरेटपरस्त नीतियों के कारण सार्वजनिक उपक्रमों, प्राकृतिक संसाधनों तथा जनकल्याणकारी क्षेत्रों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। इससे रोजगार के अवसर घट रहे हैं, श्रमिक अधिकार कमजोर हो रहे हैं, किसानों और मेहनतकश जनता की आजीविका पर संकट गहरा रहा है। तथा आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है। वहीं भारत - अमेरिका व्यापार समझौता से देश की खेती और किसानी चौपट हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं और साम्राज्यवादी दबावों के अनुरूप लागू की जा रही नीतियां देश की आर्थिक संप्रभुता, आत्मनिर्भरता तथा संविधान की समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक भावना के विपरीत हैं। नेताओं ने कहा कि चारों लेबर कोड श्रमिकों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा पर हमला हैं, जबकि किसानों से किए गए एमएसपी की कानूनी गारंटी, संपूर्ण कर्जमाफी और भूमि अधिकार संबंधी वादे अब तक पूरे नहीं किए गए हैं। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी रिक्त पदों को न भरना, पेपर लीक, मनरेगा को कमजोर करने के प्रयास, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की बदहाली तथा संविधान, लोकतांत्रिक अधिकारों और संघीय ढांचे पर बढ़ते हमले जनता की चिंताओं को और गहरा रहे हैं। 10 अगस्त का जेल भरो आंदोलन केवल गिरफ्तारी देने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र, राष्ट्रीय संप्रभुता, सामाजिक न्याय और मेहनतकश जनता के अधिकारों की रक्षा का व्यापक आंदोलन का शंखनाद है। बैठक में झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष असीम सरकार, सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, एक्टू के जिला सचिव विजय पासवान, एआईकेएस के अर्जुन यादव, एटक नेत्री सोनिया देवी, किसान सभा के सुरेन्द्र राम, बासुदेव साव, कर्मचारी नेता दिनेश रविदास, निर्माण कामगार यूनियन के नागेश्वर दास, सहदेव दास, बालेश्वर राम आदि मौजूद थे।

## नकली विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का खुलासा 88 लीटर शराब सहित कई समान जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता मिली है। एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा में छापेमारी कर नकली विदेशी शराब बनाने वाली एक मिनी फैक्ट्री का खुलासा किया गया। कार्रवाई के दौरान 88 लीटर तैयार नकली विदेशी शराब के अलावा शराब निर्माण और पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाली भारी मात्रा में सामग्री बरामद की गई। सहायक आयुक्त उत्पाद अरुण कुमार मिश्रा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने तुरियाबेड़ा स्थित एक अर्धनिर्मित मकान में छापेमारी की। जांच के दौरान मकान से करीब 70 लीटर तैयार रंगीन नकली विदेशी शराब बरामद हुई। वहीं दो कार्टन में रखी लगभग 18 लीटर बोतलबंद नकली विदेशी शराब भी जब्त की गई। छापेमारी में विभिन्न ब्रांड के सीलिंग कॉर्क, ढक्कन, शराब की बोतलों पर लगाए जाने वाले फ्रंट एवं रियर लेबल, शराब को रंग और स्वाद देने में इस्तेमाल होने वाला कैरामेल, नकली उत्पाद आसंजक सहित बड़ी मात्रा में अन्य उपकरण और सामग्री भी बरामद की गई, जिनका उपयोग नकली विदेशी शराब तैयार करने और उसकी पैकेजिंग में किया जा रहा था। सोमवार को सहायक आयुक्त उत्पाद अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि यह मिनी फैक्ट्री रिफ्यूजी कॉलोनी, संकोसाई रोड नंबर-1 निवासी बिट्टू कुमार महतो द्वारा संचालित की जा रही थी। हालांकि छापेमारी के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया। उसके विरुद्ध झारखंड उत्पाद अधिनियम की सुसंगत एवं कठोर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उत्पाद विभाग ने कहा है कि जिले में अवैध एवं नकली शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि इस तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खेत में उतरे राजेश कच्छप, धान रोपनी की तैयारी में किया श्रमदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा** : खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने आज अपने पैतृक खेत में धान रोपनी की तैयारी के तहत धान की बिचड़ी (पौध) खेत तक पहुँचाने एवं कृषि कार्य में स्वयं श्रम किया। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी उनकी जड़ों से जुड़ी पहचान है और अवसर मिलने पर वे अपने खेत में परिवार एवं ग्रामीणों के साथ कृषि कार्य में भाग लेते हैं। राजेश कच्छप ने कहा, ₹किसान का श्रम ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। खेत और किसान से हमारा रिश्ता केवल राजनीति का नहीं, बल्कि जीवन और संस्कृति का रिश्ता है। अपने खेत में काम करना मेरे लिए गर्व और आत्मीयता का विषय है। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ-साथ पारंपरिक खेती की विरासत को भी संजोए रखने की अपील की तथा सभी किसानों के लिए अच्छी बारिश, बेहतर फसल और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी कृषि कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक श्रम की परंपरा को आगे बढ़ाया।

## चंद्रवंशी विकास मंच की मासिक बैठक संपन्न शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक विकास पर बनी रणनीति

### जे जे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति के आंदोलन को दिया समर्थन, छात्रों से संघर्ष में आगे आने का आह्वान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : चंद्रवंशी विकास मंच, कोडरमा की मासिक बैठक ॐ साईं फैमिली कैंटीन एंड रेस्टोरेंट कोडरमा में मुख्य संरक्षक रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, वीरेंद्र राम, ओम प्रकाश राम, सीता राम भगत जी, प्रवीण चंद्रा,उपेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष दीपक कुमार नवीन ने की, जबकि मंच के सचिव महेश भारती ने बैठक का संचालन किया। बैठक में जिले की शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक विकास तथा वर्तमान राजनीतिक परिवेश पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक एकता को प्राथमिकता देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बैठक में सर्वसम्मति से मंच के विधिवत पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का निर्णय लिया गया। साथ ही समाज की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से कोडरमा में सार्वजनिक चंद्रवंशी धर्मशाला के निर्माण के लिए व्यापक जनसहयोग जुटाने एवं आवश्यक पहल करने पर जोर दिया गया। बैठक में कोडरमा जिले की लगातार बिगड़ती शिक्षा व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि जिले के उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थिति चिंताजनक है, जिसका सीधा असर हजारों छात्रों के भविष्य पर पड़ रहा है। इस अवसर पर जे जे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति, कोडरमा द्वारा शिक्षा और शैक्षणिक संस्थानों को बचाने के लिए चलाए जा रहे जनआंदोलन का मंच ने पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की आधारशिला है। यदि आज शिक्षा व्यवस्था को बचाने के लिए समाज एकजुट नहीं हुआ तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संकट में पड़ जाएगा। उन्होंने छात्रों, युवाओं, अभिभावकों, बुद्धिजीवियों एवं सभी सामाजिक संगठनों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस जनहित के आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। बैठक में कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, अरुण राम, अनिल राम, प्रकाश राम, रवि राम, सुमित कुमार, पवन राम, सुरेश राम , मिथलेश राम,दिवाकर कुमार, मुकेश राम, मनोज कुमार आदि सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के अंत में समाज की एकजुटता, शिक्षा के विकास, सामाजिक उत्थान तथा जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया।

## लावारिस पिकअप वैन से 80 किलो गांजा बरामद

**खूंटी** : जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। खूंटी रांची रोड पर हिरण पार्क के समीप जंगल किनारे पिछले करीब एक सप्ताह से लावारिस हालत में खड़ी एक संदिग्ध पिकअप वैन से पुलिस ने सोमवार को लगभग 80 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। गांजे की खेप पुराने कबाड़ के टायरों के नीचे छिपाकर रखी गई थी। ग्रामीणों की सूचना पर एनडीपीएस थाना प्रभारी मनीदीप, पुलिस पदाधिकारी रामदेव यादव और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तलाशी के दौरान गांजा बरामद किया। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी मंगल सिंह जमुदा ने बताया कि वाहन पर लगा नंबर प्लेट फर्जी है, जबकि विंडस्क्रीन पर लगा फास्टैग स्टिकर भी उखाड़ दिया गया था, जिससे वाहन की पहचान छिपाई जा सके। पुलिस को आशंका है कि वाहन चोरी का हो सकता है और तस्कर इसे जंगल में छोड़कर फरार हो गए।

# अभाविप केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक संपन्न परीक्षा सुधार और राष्ट्रभक्ति अभियानों पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की दो दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक 1 और 2 अगस्त को एनार्कुलम (केरलम) में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा, शिक्षा से जुड़े समसामयिक मुद्दों और आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में झारखंड, बिहार, कर्नाटक और पंजाब सहित विभिन्न राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं पर चिंता जताई गई। अभाविप ने कहा कि वह विद्यार्थियों की न्यायोचित मांगों और लोकतांत्रिक आंदोलनों का समर्थन करती है। संगठन ने निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत सुधारों की आवश्यकता बताई। साथ ही, नीट परीक्षा में अनियमितताओं के बाद गठित उच्चस्तरीय समिति के समक्ष विस्तृत सुझाव देने का निर्णय लिया गया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'कैंपस टू कैंपस वंदे मातरम, 'एक गांव-एक तिरंगा', तिरंगा रैली और सामूहिक वंदे मातरम् गायन जैसे अभियान चलाने की रूपरेखा भी तय की गई। संसद द्वारा वंदे मातरम् के सम्मान को विधिक संरक्षण दिए जाने का स्वागत करते हुए इसे राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को मजबूत करने वाला कदम बताया गया। राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को निष्पक्ष और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली मिलना उसका अधिकार है। उन्होंने कहा कि अभाविप परीक्षा सुधारों के लिए ठोस सुझाव देगी और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने यह भी कहा कि केरलम में संगठनात्मक विस्तार के साथ 'कैंपस टू कैंपस वंदे मातरम्' और 'स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम' अभियान को विशेष रूप से संचालित किया जाएगा। बैठक में संत रविदास जी के 650वें प्राकट्य वर्ष, गुरु तेगबहादुर जी के 350वें बलिदान वर्ष, आपातकाल विरोधी आंदोलन के 50 वर्ष, छात्रावास सर्वेक्षण, राष्ट्रीय अधिवेशन तथा अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी संपर्क सहित विभिन्न विषयों पर भी आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### झरना कुंड विकास समिति की कमान फिर प्रवीण यादव के हाथ, सुनील कुमार यादव बने सचिव



**झुमरी तिलैया** : झरना कुंड धाम परिसर में झरना कुंड विकास समिति की आम बैठक सह चुनाव का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रवीण यादव ने की। समिति का तीन वर्षीय कार्यकाल पूरा होने के बाद नियमानुसार नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान तिलैया बस्ती एवं इंदरवा बस्ती के सामाजिक व धार्मिक कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए मनोज यदुवंशी, संतोष यादव, विनोद कुमार यादव, महेश यादव एवं प्रेम पासवान को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया।अध्यक्ष पद के लिए प्रवीण यादव, विक्की यादव, भोला राणा (सुधीर राणा), महेश राम एवं महेश दास ने दावेदारी पेश की। मतदान के बाद प्रवीण यादव को सर्वाधिक मत प्राप्त हुए और वे लगातार दूसरी बार समिति के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। ग्रामीणों ने उनके पिछले कार्यकाल में किए गए कार्यों पर विश्वास जताते हुए उन्हें पुनः जिम्मेदारी सौंपी।वहीं सचिव पद के लिए मतदान नहीं कराया गया। चयन प्रक्रिया के तहत सुनील कुमार यादव को सर्वसम्मति से समिति का सचिव मनोनीत किया गया।बैठक में संतोष यादव, अनिल यादव, उत्तम शर्मा, प्रकाश यादव, पवन चंद्रवंशी, संजय यादव, सोनू चंद्रवंशी, प्रेम पासवान, महेश यादव, विनोद यादव, सुजीत यादव, उमेश यादव, कुंदन, विक्रम सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा टुकलाल यादव, अभय कुमार, छोटू राम, रूपेश कुमार, मंटू कुमार, देव चंद्रवंशी, चंद्रमोहन यादव, नागेश्वर दास, बंटी कुमार, सोनू दास, गुड्डू कुमार, विशाल सिंह, बजरंग कुमार, सनी पासवान, गुड्डू पासवान, लेखो साहू, मनीष यादव, प्रमोद कुमार, बबलू, पिंटू शर्मा, प्रदीप बरनवाल, वासुदेव कुमार, गोपाल सिंह, पप्पू कुमार, ज्योतिष चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण यादव एवं मनोनीत सचिव सुनील कुमार यादव का ग्रामीणों एवं अतिथियों ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

### केडीसीए चुनाव से पहले क्लबों की बैठक, मतदाता सूची और बायलॉज उपलब्ध कराने की मांग

**कोडरमा** : कई वर्षों से चुनाव लंबित होने पर जेएससीए सचिव सौरभ तिवारी 2 माह पूर्व कोडरमा जिला क्रिकेट की दैनिय स्थिति को देखते हुए विभिन्न क्लबों के साथ संवाद करने के बाद उन्होंने विश्वास दिलाया जल्द ही चुनाव कराया जाएगा।उसी क्रम में कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन (केडीसीए ) पत्राचार के माध्यम से चुनाव की जानकारी दी।संभावित चुनाव को लेकर जिले के समस्त संबद्ध क्रिकेट क्लबों के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव को पत्र प्रेषित कर केडीसीए की मतदाता सूची एवं एसोसिएशन के बायलॉज की प्रति अभिलंब उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया मेल के माध्यम से।बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होने की जानकारी प्राप्त हुई है। ऐसे में प्रत्येक संबद्ध क्लब एवं पात्र मतदाता को मतदाता सूची एवं बायलॉज उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है, ताकि सभी क्लब चुनाव संबंधी नियमों, पात्रता एवं प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकें तथा चुनाव पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हो।बैठक में स्पोर्टिंग यूनियन, विनीत स्पोर्ट्स गार्डन , वाईडीसी इंदरवा, कोडरमा स्पोर्टिंग, आसनाबाद स्पोर्टिंग, बिशुनपुर क्रिकेट क्लब, स्टार क्रिकेट क्लब, यूनीक क्रिकेट क्लब, टीम यूनाइटेड, तिलैया स्पोर्टिंग क्लब, स्पोर्टिंग ब्लू, वीएसजी ब्लू, वीर स्पोर्टिंग एवं यंग स्पोर्टिंग सहित जिले के विभिन्न संबद्ध क्लबों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में मुख्य रूप से अशोक कुमार,जतिन जेठवा,मनोज झा, संतोष कुमार,विशाल सूद, हर्ष सिंह, चंदन सिंह, सूरज वर्मा, अमित राय,अभिषेक राय,अजय राणा,नीरज कुमार, आदित्य रवानी, अभिराज गौतम, रवि कुमार,एवं सहित अन्य क्लब के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**सिल्ली** : सिल्ली सावन माह के पहले सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और विश्व कल्याण की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर 'बोल बम' और 'ॐ नमः शिवाय' के जयघोष से गूंजता रहा।प्रखंड के लागाम गांव स्थित दलबेड़ा शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने स्वर्णरेखा नदी से लाए पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। इसके बाद शिवलिंग पर दूध, मधु, बेलपत्र,नारियल, पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिर में महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों की विशेष भागीदारी देखने को मिली।हिंदालको स्थित शिव मंदिर में भी सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। दिनभर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से परिवार की सुख-शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि की प्रार्थना की।

### पहली सोमवारी पर विभिन्न शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु



**बोकारो** : सावन की पहली सोमवारी को सुबह से ही चास-बोकारो के सभी शिवालय में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारा से क्षेत्र गुंजायमान रहा। श्रद्धालु मंदिर में बेलपत्र, अकवन फूल, नैवेद्य, दूध व जल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ को पूजा-अर्चना किए। मंदिरों में पूजा अर्चन्द्र के लिए दिन भर तांता लगा रखा। शहर के सभी शिवालयों में भीड़ देखने को मिली। नगर के सेक्टर दो सेक्टर-1 राम मंदिर, सेक्टर दो नर्मदेश्वर मंदिर, सेक्टर तीन प्राचीन शिव मंदिर, सेक्टर-4, जगनाथ मंदिर, सेक्टर पांच, सेक्टर-6 निरंजन नाथ मंदिर, सेक्टर-9 नवनाथ मंदिर, सेक्टर-12सी शिव मंदिर, बियाडा स्टाफ कॉलोनी मंदिर, लिहांचल, सेक्टर-11, ढूंदीबाग, रितुडीह, आजाद नगर, सेक्टर-9 गायत्री मंदिर, कुमीर्डीह दुर्गा मंडप स्थित शिव मंदिर, आरपीएफ बैरेक कुमीर्डीह शिव मंदिर, रेलवे कॉलोनी, बालीडीह थाना स्थित शिव मंदिर के अलावा चास जोड़ा मंदिर, चेकपोस्ट, जोधाडीह मोड़ शिव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। शिव मंदिरों के पास फूल, बेलपत्र, फल, नारियल व पूजा सामग्री की दुकानें भी लगी, जहां से भक्त खरीदारी कर भगवान को अर्पित कर रहे थे। वहीं, सेक्टर वन राम मंदिर स्थित शिवालय में पहली सोमवारी पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया।

### एनजीटी के बाद भी जारी अवैध बालू कारोबार पर प्रशासन सख्त

# एसडीओ के औचक निरीक्षण से बालू कारोबारियों में हड़कंप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण एनजीटी के आदेश लागू होने के बावजूद जिले में अवैध बालू परिवहन और भंडारण की शिकायतों पर प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है।

चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी श्री नितिन शिवम गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम ने सोमवार को चौका-ईचागढ़ मार्ग स्थित बालू भंडारण स्थलों का औचक निरीक्षण किया। टीम में प्रभारी अंचल अधिकारी तुलेश्वर रोहीदास और चौका थाना प्रभारी गौरव कुमार भी शामिल थे।



**भंडारण स्थलों की जांच, कागजात तलब**

एसडीओ की टीम ने चांडिल प्रखंड अंतर्गत चंदूडीह और ट्यूडूंगरी में जेएसएमडी द्वारा अधिकृत बालू भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान संचालकों से भंडारण से संबंधित सभी आवश्यक कागजात के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

**पुलिस को देखकर भागे ट्रैक्टर चालक**

निरीक्षण के दौरान जब प्रशासनिक टीम चौका-ईचागढ़ मार्ग से गुजर रही थी, तो कई ट्रैक्टर चालक सरकारी वाहन को देखकर झाड़ियों में अवैध बालू गिराकर फरार हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रात 12 बजे से तड़के 4 बजे तक इस मार्ग पर भारी वाहन और ट्रैक्टरों द्वारा अवैध बालू का परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इससे सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि लगातार छापेमारी से अवैध बालू कारोबार पर रोक लगेगी।

एसडीओ ने कहा कि अवैध खन और परिवहन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

## सावन की पहली सोमवारी को शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

**लातेहार :** श्रावण माह की पहली सोमवारी को जिला मुख्याकलय के विभिन्न. शिवालयों में बड़ी संख्या१ में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जल अर्पित कर आस्था प्रकट की। वहीं शहर के रेलवे स्टेयशन क्षेत्र के देवी मंडप सह श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से एक कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंची। कलश यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह, उपाध्यक्ष संतोष रंजन कुमार, वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता व जयराम कपूर एवं आजाद खान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान बोल बम के जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहा। शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में गूंजा देशभक्ति का स्वर

**बरही :** आगामी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान तथा देश के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करना था। कार्यक्रम में ओज कवि मेजर संजय, युवा कवि चंदन प्रजापति, ओंकार कश्यप एवं समर राज ने अपनी ओजपूर्ण और देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं का पाठ कर पूरे सभागार को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़।**
**-: सूचना :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No. 385376 में प्रकाशित ई-निविदा सूचना संख्या-RDSD/RAMGARH/10/2026-27 (Gola Vendor Market Development Scheme For Promotion of Local Livelihoods (Phase-II) निविदा प्रकाशन की तिथि को कारणवश संसोधित किया जाता है। विवरणी निम्नवत्:-

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- दिनांक 04.08.2026
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 04.08.2026 से 11.08.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 13.08..2026 अपराह्न 02:00 बजे।
4. कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह के स्थान पर 12 (बारह) माह समझा जाय।

शेष सभी यथावत् है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़।

PR 386558 Rural Work Department(26-27)D


# बाउंड्रीवाल और चार नए कमरों से सजेगा महराजगंज विद्यालय, बरही विधायक ने किया शिलान्यास

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय महराजगंज में अब शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलने जा रही है। करीब 78 लाख रुपये की लागत से विद्यालय के व्यापक उन्नयन कार्य का सोमवार को विधायक मनोज कुमार यादव ने विधिवत शिलान्यास किया। सांसद एवं विधायक की अनुशंसा से स्वीकृत इस योजना के तहत विद्यालय में बाउंड्रीवाल और चार अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे छात्रों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में बाउंड्रीवाल बनने से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, जबकि अतिरिक्त कमरों के निर्माण से लंबे समय से बनी कक्षाओं की कमी दूर होगी और पठन-पाठन की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।इस दौरान विद्यालय परिवार ने विधायक को मांगपत्र सौंपते हुए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति तथा विद्यालय में पुस्तकालय की स्थापना की मांग रखी। विद्यालय प्रभारी गुलाब महतो, शिक्षक मो० कलीमुद्दीन अंसारी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्या आसरा शाहीन ने बताया कि शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विधायक ने मांगों पर सकारात्मक पहल का भरोसा देते हुए कहा कि जल्द ही शिक्षकों की व्यवस्था कराने तथा पुस्तकालय स्थापित कराने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, रामस्वरूप पासवान, आशीष सिंह, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, मुखिया जानकी यादव, पूर्व मुखिया मो० सफाल उद्दीन, समिति सदस्य प्रतिनिधि मो. फैजान, समाजसेवी अरविंद सिन्हा, जन्मजय सिंह, महेंद्र साव, रंजीत प्रजापति, प्रकाश साव, मो० जहांगीर अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।



## मंडल डैम के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए वैप्कोस की अध्यक्ष से मिले सांसद

**पलामू :** सांसद विष्णु दयाल राम ने सोमवार को नई दिल्ली में वैप्कोस लिमिटेड की अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक शिल्पा सचिन शिंदे से मुलाकात कर बहुप्रतीक्षित उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना के निर्माण कार्यों में तेजी लाने और परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की। सांसद ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत लेफ्ट मेन कैनाल के लिए 0.61 एकड़ भूमि का मुआवजा वितरण किया जाना शेष है। वहीं राइट मेन कैनाल का लगभग 14 किलोमीटर निर्माण कार्य अभी बाकी है। दोनों कैनालों का निर्माण कार्य कर रही विक्रमादित्य कंपनी की ओर से कार्य अत्यंत धीमी गति से किए जाने के कारण उक्त कंपनी की निविदा को निरस्त की जाएगी। अक्टूबर 2026 तक नई निर्माण एजेंसी का चयन कर कार्य आवंटित किया जाएगा, जिससे परियोजना के निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी आएगी।

## लोक शिकायत निवारण शिविर में बनाए गए प्रमाण-पत्र

**खूंटी :** राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के अंचल कार्यालय कर्रा की ओर से सोमवार को उड़ीकेल पंचायत भवन में लोक शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की राजस्व एवं प्रमाण-पत्र संबंधी समस्याओं का पंचायत स्तर पर त्वरित समाधान करना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। इस दौरान जाति, आवासीय, आय तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के प्रमाण-पत्र जारी किए गए। साथ ही राजस्व संग्रह का कार्य भी किया गया। आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद पात्र आवेदकों को प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराए गए, जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्तियों और शैक्षणिक संस्थानों में आवेदन करने में सुविधा मिलेगी।

# जेपीएससी-जेएसएससी विवाद पर सरिया में विरोध प्रदर्शन, विधानसभा मार्च की रणनीति

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** झारखंड में जेपीएससी, और जेएसएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कथित धांधली, पेपर लीक, पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया के अभाव और युवाओं के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में सोमवार को सरिया में एक प्रतिवाद मार्च निकाला गया। यह मार्च इंकलाबी नौजवान सभा और आइसा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। भाकपा (माले) पार्टी कार्यालय से शुरू होकर यह मार्च झंडा चौक पहुँचा, जहाँ एक नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए आरवाईए राष्ट्रीय परिषद सदस्य सोनू पांडेय ने कहा झारखंड के लाखों युवा वर्षों से परीक्षाओं में अनियमितता, पेपर लीक, परिणाम में देरी और धांधली की मार झेल रहे हैं। इससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है और सरकारी भर्ती व्यवस्था से उनका भरोसा उठ चुका है। राज्य सरकार को पूरी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और धांधलीमुक्त बनाना चाहिए तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने छात्रों और आम जनता से अपील की कि वे 07 अगस्त को रांची में आयोजित विधानसभा मार्च में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पारदर्शी रोजगार और न्याय की आवाज को बुलंद करें।अध्यक्षता व संचालन सभा की अध्यक्षता आरवाईए प्रखंड अध्यक्ष जिम्मी चौरसिया ने की, जबकि संचालन जिला कमिटी सदस्य अविनाश सिंह ने किया। मौके पर रामविलास पासवान, राहुल राज मंडल, कुश कुशवाहा, विनोद मंडल, अक्षय यादव, हकीक अंसारी, राजा दशरथ, राजेंद्र मंडल, रंजीत मंडल, रघु पासवान, मनोज मंडल, कुलदीप कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे।




# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सरपंच व समाजसेवी प्रदीप मिश्रा शीघ्र होंगे भाजपा में शामिल, विधायक ने किया सम्मानित

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को कटकमसांडी प्रखंड के धरहरा में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सरपंच प्रदीप मिश्रा जी से आत्मीय भेंट कर विभिन्न सामाजिक, संगठनात्मक एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने प्रदीप मिश्रा जी का भारतीय जनता पार्टी का अंगवस्त्र (गमछा) पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह हर्ष और संतोष का विषय है कि श्री प्रदीप मिश्रा जी शीघ्र ही विधिवत एवं आधिकारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर भाजपा परिवार का हिस्सा बनेंगे। उनके अनुभव, सामाजिक सक्रियता एवं जनसेवा की भावना से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदीप मिश्रा के भाजपा परिवार से जुड़ने से कटकमसांडी क्षेत्र में संगठन का विस्तार और सशक्त होगा तथा क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को नई गति मिलेगी। विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित, विकास और सेवा की भावना से कार्य करने वाले सभी लोगों का सदैव स्वागत करती है। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने भी प्रदीप मिश्रा जी के भाजपा परिवार में स्वागत को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएँ दिया । इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, सुमन राय , कालेश्वर रजक, विनोद सिंह, अशोक राणा , मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, अजीत कुशवाहा, शिवपाल यादव, बिजूल देवी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, गदोखर मुखिया नारायण साव , रामू राम ,महामंत्री वीरेंद्र ओझा, वीरेंद्र ठाकुर, वीरेंद्र शुक्ला, गोविंद यादव, बजरंग साव, राजेश ठाकुर, पवन गिरी, बैजनाथ यादव, राजेंद्र ठाकुर, उपेन्द्र शर्मा, रमेश राम, मनीष चौधरी, परमेश्वर यादव,राजेश यादव, सहित सैकेडो संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।




**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, लोहरदगा**

**रोजगार मेला संबंधी सूचना**

दिनांक 06.08.2026 को नगर भवन, लोहरदगा में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:-

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Experience | Remarks (Pay Scale) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Triple Canopy SecurityLLP, Ranchi. | Security Guard | 120 | 10th / 12th | 18-40 | -- | Salary14000 to 18000 + Accommodation and Food Service, Job Location-All over India. |
| | | Security Supervisor | 40 | Graduate | 18-40 | 1 yr | Salary13000 to 19000 + Accommodation and Food Service, Job Location-All over India. |
| | | Cook Man | 50 | 8th | 18-40 | 1yr | Salary 9000 to 13000 Accommodation and Food Service, Job Location-All over India. |
| | | Office Executive | 40 | 10th | 18-40 | -- | Salary12000 to 16000 Job Location-All over India. |
| | | Dhaga Mill (Helper) | 100 | 10th | 18-40 | -- | Salary13000 to 17000 + Accommodation and Food Service, Job Location-All over India. |
| | | Fitter (Helper) | 50 | 10th | 18-40 | -- | Salary12000 to 15000 + Accommodation and Food Service, Job Location-All over India. |
| | | Driver | 30 | 10th | 22-40 | 1yr | Salary14000 to 20000 + Accommodation and Food Service, Job Location-All over India. |
| | | Tele Caller | 30 | 10th | 18-40 | -- | Salary 9000 to 15000 Job Location-All over India. |
| | | Accountant | 03 | B.com | 22-40 | 1yr | Salary18000 to 27000 Job Location-All over India. |
| | | H.R. Executiver | 03 | B.B.A | 22-40 | 1 yr | Salary15000 to 25000 + Accommodation and Food Service, Job Location-All over India. |
| 2 | Hindalco Industries Ltd., Lohardaga. | Apprentice HR/Apprentice Finance/ Apprentce CSR | 05 | Graduate | 21-25 | -- | As per Apprentice ACT Job Location : Lohardaga. |
| 3 | L.I.C. of India, Lohardaga. | Bima Sakhi. | 55 | 10th to Graduate | 18 & Above | -- | Stipend 5000/= to 7,000/= Per Month. |
| 4 | MAETT SKILLS, Ormanjhi Ranchi 835219. | Block Coordinators | 7 | Graduate | 25-40 | 01 yrs. | 20,000-40,000 (According to work (Incentive Base) Job Location : Lohardaga |
| | | Panchayat Field Executive | 30 | 12th | 20-40 | -- | 20,000/- + Incentive Job Location : Lohardaga |
| | | Trainees for Computer | 60 | 10th | 18-25 | -- | Salary After Training. Place of Posting : Ranchi. |
| | | Trainees for Sampling Trailor | 60 | 10th | 18-25 | -- | Salary After Training. Place of Posting : Ranchi. |
| | | Trainees for GDA (Nursing) | 60 | 10th | 18-25 | -- | Salary After Training. Place of Posting : Ranchi. |
| | | Trainees for Electricin | 60 | 10th | 18-25 | -- | Salary After Training. Place of Posting : Ranchi. |
| 5 | Terrier Security Services India Pvt. Ltd., Bengaluru Karnataka. | Security Guard | 250 | 10th/12th/Graduation | 18-45 | Yes | Salary 17,000/= to 23000/= Job Location - PAN India. |
| 6 | Vision India Services Private Ltd., Ranchi. | Schneider Electric India Pvt. Ltd. (Production Associate | 100 | 12th/ITI/Diploma | 18-27 | -- | Salary 17,000/= to 23000/= Job Location - Bangalore. |
| | | Ultraviolet (Assembly Line Operator) | 100 | 10th/12th/Graduation | 18-27 | -- | Salary 18,000/= to 23000/= Job Location - Bangalore. |
| | | MRF (Trainer) | 50 | 10th/12th/ITI | 18-26 | -- | Salary 17,000/= to 19500/= Job Location - Goa. |
| | | Global (Production Trainee) | 50 | 10th/12th/ITI and Diploma | 18-30 | -- | Salary 14,000/= Job Location - Noida. |
| 7 | Bajaj Allianz Life Insurance co. Ltd., Lohardaga. | A.S.M | 7 | Graduate | 18-40 | 0-2 years | Salary 27,000/= Job Location - Lohardaga. |
| | | S.S.M | 2 | Graduate | 18-40 | 0-2 years | Salary 30,000/= Job Location - Lohardaga. |
| | | E.S.M | 1 | Graduate | 18-40 | 1-3 years | Salary 31,000/= Job Location - Lohardaga. |
| | | Insurance Advisor | 13 | 10th | 18-40 | Fresher | Salary 20,000/= Job Location - Lohardaga. |
| 8 | M/S Ranchi Security Pvt. Ltd., Harmu Road, Ranchi 834001. | Centre Manager | 4 | Graduation | 18 above | 5 yrs | Salary 20000/- to 30000/= Job Location : Gumla/Ranchi/Khunti. |
| | | MIS Executive | 10 | Graduation | 18 above | 5 yrs | Salary 15000/- to 17000/= Job Location : Gumla/Ranchi/Khunti. |
| | | SMO/SET (Sewing Machine Operator)Trainer | 5 | 12th | 18 above | 5 yr | Salary 15000/- to 17000/= Job Location : Gumla/Ranchi/Khunti. |
| | | Housekeeping Staff | 4 | NA | 18 above | 1 yr | Salary 5000/- to 8000/= Job Location : Gumla/Ranchi/Khunti. |
| | | Cook | 4 | NA | 18 above | 2 yrs | Salary 8000/- to 13000/= Job Location : Gumla/Ranchi/Khunti. |
| | | Mobilizer/Field Officer | 10 | 10th | 18-45 | 1 yr | Salary 12000/- to 15000/= Job Location : Ranchi/Gumla/Khunti. |
| | | Trainee | 200 | 10th | 18-45 | -- | Salary 12000/- to 15000/= Job Location : Gumla/Ranchi/Khunti. |
| 9 | Bharat Forge Ltd., Pune. | Operator | 300 | 12th/ITI/Graduation/ Diploma | 18-32 | -- | Salary 18337/- to 21510/= Job Location : Baramati. |
| 10 | Premsons Bajaj, Ranchi. | Sales Executive | 10 | 12th | 18 above | -- | Salary 15000/= Job Location : Lohardaga. |
| 11 | Manpower Group, Hazratganj 226001 | Producation Associate | 400 | 10th/12th/ITI | 18-28 | -- | Salary 16528/= Job Location : Aurangabad. |
| 12 | Dusky Stallion Education and Training Services Pvt. Ltd., Haryana. | NAPS Trainee | 200 | 12th/Graduation/Diploma/ITI | 18-28 | -- | Salary 15500/- to 20000/= Job Location : Ahmedabad. |
| 13 | Aatmasamman Foundation, Delhi. | Packing operator | 50 | 8th/10th Pass | 18-35 | -- | Salary 20000/- to 25000/= Job Location : Bangalore & Hyderabad. 12hrs working. |
| | | Loader & Packer (Big Basket) | 50 | 8th/10th Pass | 18-35 | -- | Salary 18000/- Job Location : Bangalore & Hyderabad. 08 hrs working. |
| 14 | Shivford Group, Ranjangaon, Pune, Maharashtra 412209 | Assembly Line Operator/Production Dept./Quality Dept. | 200 | 10th/12th/ITI Any Trade/Diploma/Graduate | 18-35 | -- | Salary 21500/- to 22500/- CTC Benefits:- 2 time food, Bus Transportation, Medical etc Job Location : Pune. |
| 15 | GR Management Solution, No-163, 5th Main Road, 2nd Cross, Malathalli, Bangalor, Karnataka - 560056. | Machine Operator/ Quality Checker/ Assembly Line Operator / Mobile Assembly Operator/ Ward Boy/Girl | 500 | 10th/12th/Diploma/ITI/Graduate/GDA/HHA etc. | 18-30 | -- | Salary 17000/- to 22000/= Job Location : Bangalore, Chennai. |
| 16 | Jay Mataji Enterprises, Ahmedabad. | Machine Operator/Helper/Safety Checker/Mig Welder. | 270 | 10th/12th/ITI/Welder | 18-35 | -- | Salary 20000/- to 25000/= Job Location :Ahmedabad. |
| 17 | Auro Spinning Mills (Vardhman Textile Ltd.), Sai road Baddi, Dist. Solan (HP). | Apprentice | 200 | 5th to 12th | 18-25 | -- | Salary 13500/- Job Location :Baddi, Solan (HP). |
| 18 | SLV Security Service Pvt. Ltd., Odisha 768004. | Security Guard/Security Supervisor/Security Rood Marshal/Compurt Operator. | 280 | 10th/12th/Graduation and Above. | 20-40 | -- | Salary 16000/- to 19000/= Job Location : Sambalpur. |
| 19 | Prejha Foundation, Ranchi. | Mobile Assembly/Tiles Mistri/CNC Lathe Machine/ ANM (Female Only). | 280 | 10th/12th/Graduate/MA | 18-35 | -- | Salary 18000/- to 40000/= Job Location : PAN India. |
| 20 | Aforeserve Com.Ltd, .Bengaluru | Computer Hardware Engineer & Quality Check Engineer | 20 | 10+2/ITI/Diploma/Graduate/ECE & EEE | 18-35 | - | Salary 14500/- Job Location : Bangalore |
| 21 | Best Corporation. Ltd. Tamil Nadu | Stitching operator | 1000 | 8th Pass | 18+ | - | Salary 13158/- Job Location : Tirupur,Tamil Nadu |
| 22 | Phenix Health & Wellness Pvt. Ltd., Pune | Health Worker Attendent | 100 | Matriculation + General Duty Assistant | 18+ | - | Salary 16000 - 21000/- Job Location : Tirupur,Tamil Nadu |
| 23 | Best Tex App Private Limited, Tirupur, Tamilnadu | Stiching/Checking | 120 | 08th Pass | 18-28 | | Salary 14420/- Job Location : Tirupur,Tamil Nadu |
| Total | | | 5593 | | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 11:00 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

**District Employment Officer,**
**Lohardaga.**

PR 386492 Lohardaga(26-27)#D

# देश में आरक्षण की दशा और दिशा

देश में आरक्षण का प्रश्न केवल राजनीति का नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और राष्ट्रीय विकास से जुड़ा विषय है। आजादी के लगभग 80 वर्ष बाद भी आरक्षण पर बहस उतनी ही तीखी है जितनी संविधान लागू होने के समय थी। एक पक्ष इसे ऐतिहासिक अन्याय के प्रतिकार का आवश्यक साधन मानता है, जबकि दूसरा पक्ष यह मानता है कि वर्तमान व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार डॉ. भीमराव राव आंबेडकर ने आरक्षण को सामाजिक रूप से वंचित वर्गों को अवसर प्रदान करने का एक संवैधानिक साधन माना था। संविधान सभा की चचाओं में उन्होंने यह कहा था कि उद्देश्य समान अवसर उपलब्ध कराना है, ना कि समाज को स्थायी रूप से विभाजित करना। संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लिए विधानसभा और लोकसभा में राजनीतिक आरक्षण प्रारंभ में 10 वर्ष के लिए रखा गया था, जिसे बाद में संसद ने समय-समय पर संवैधानिक संशोधनों के माध्यम से बढ़ाया। वहीं, शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण के लिए संविधान ने कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित नहीं की। डॉ. आंबेडकर जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता को भारतीय समाज की गंभीर समस्या मानते थे। 1932 के पूना समझौते के बाद पृथक निर्वाचक मंडल के स्थान पर आरक्षित सीटों की व्यवस्था बनी। यह समझौता डॉ. आंबेडकर और महात्मा गांधी के बीच हुआ था, इसलिए यह कहना कि वे केवल किसी एक पक्ष के दबाव में आरक्षण के पक्षधर हुए, इतिहास का पूर्ण चित्र प्रस्तुत नहीं करता। स्वतंत्रता के बाद विभिन्न सरकारों, विशेषकर कांग्रेस के लंबे शासनकाल में, आरक्षण व्यवस्था को बनाये रखा गया और समय-समय पर उसका विस्तार भी हुआ। 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने का निर्णय जनता दल सरकार ने लिया, जबकि बाद की विभिन्न सरकारों ने भी आरक्षण संबंधी प्रावधानों को जारी रखा। हाल के वर्षों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्ल्यू एस ) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण भी लागू किया गया, जो आर्थिक आधार पर आरक्षण का एक नया उदाहरण है, जो केन्द्र सरकार की एक उपलब्धि है। आरक्षण व्यवस्था की सबसे बड़ी आलोचना यह है कि इसका लाभ कई बार एक ही परिवार या अपेक्षाकृत संपन्न वर्ग तक सीमित रह जाता है। अनेक विशेषज्ञों का मत है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के भीतर भी ऐसे परिवार हैं जिन्हें बार-बार आरक्षण का लाभ मिलता है, जबकि उसी समुदाय के अत्यंत गरीब और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोग अभी भी अवसरों से वंचित हैं। यही कारण है कि आरक्षण की समीक्षा, लाभार्थियों की पहचान और वास्तविक जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने की मांग समय-समय पर उठती रही है। दूसरी ओर, आरक्षण के समर्थकों का तर्क है कि सामाजिक भेदभाव केवल आर्थिक स्थिति से समाप्त नहीं हो जाता। उनका कहना है कि आज भी अनेक क्षेत्रों में जाति आधारित भेदभाव मौजूद है, इसलिए केवल आर्थिक आधार पर्याप्त नहीं होगा। उच्चतम न्यायालय ने भी कई मामलों में माना है कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन आरक्षण का महत्वपूर्ण आधार है। कुछ लोग यह भी मानते हैं कि लंबे समय तक आरक्षण जारी रहने से सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं में अवसरों की कमी की भावना उत्पन्न हुई है, इसी बहस के बीच आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग आरक्षण को लागू किया गया, जिससे आर्थिक आधार को भी नीति का हिस्सा बनाया गया। आज सत्ता और विपक्ष की अधिकांश राजनीतिक पार्टियां आरक्षण समाप्त करने की बात नहीं करतीं। इसका एक कारण यह है कि आरक्षण करोड़ों लोगों के अधिकार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा विषय बन चुका है। दूसरा कारण यह है कि भारतीय लोकतंत्र में विभिन्न सामाजिक वर्ग महत्वपूर्ण मतदाता हैं और कोई भी दल इस विषय पर अत्यधिक जोखिम नहीं लेना चाहता। साथ ही, कई दलों का मानना है कि जब तक सामाजिक असमानताएं पूरी तरह समाप्त नहीं होतीं, तब तक आरक्षण की आवश्यकता बनी रहेगी। भविष्य की दृष्टि से अनेक नीति विशेषज्ञ सुझाव देते हैं कि आरक्षण व्यवस्था की समय-समय पर निष्पक्ष समीक्षा हो, वास्तविक जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचे, गुणवत्तापूर्ण विद्यालयी शिक्षा और कौशल विकास पर अधिक निवेश हो तथा जिन वर्गों में अपेक्षाकृत संपन्न तबका लगातार लाभ ले रहा है, वहां सुधार के विकल्पों पर विचार किया जाए।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन : झारखंड आंदोलन के जननायक आदिवासी अस्मिता के प्रहरी और लोकतंत्र की संघर्षगाथा

**वरुण कुमार**

एक नाम नहीं, एक विचार का नाम है 'दिशोम गुरु' भारतीय राजनीति और सामाजिक आंदोलनों के इतिहास में कुछ ऐसे व्यक्तित्व हुए हैं, जिन्होंने अपनी तत्कालीन परिस्थितियों से लड़कर न केवल इतिहास के पन्नों में स्थान बनाया, बल्कि भूगोल की सीमाओं को भी पुनर्परिभाषित कर दिया। दिशोम गुरु शिबू सोरेन एक ऐसा ही नाम है। 'दिशोम गुरु'–जिसका संथाली भाषा में अर्थ होता है 'देश का नेता' या 'दिशोम का गुरु'। शिबू सोरेन महज एक राजनेता, पूर्व मुख्यमंत्री या सांसद भर नहीं थे; वे मध्य भारत के जंगलों, पहाड़ों, पठारों और नदियों के कछार में बसने वाले करोड़ों आदिवासियों की दबी हुई आवाज, उनकी चेतना और उनके जल, जंगल, जमीन की अस्मिता का प्रतीक थे।

छोटानागपुर और संताल परगना के सुदूर गांवों से शुरू हुआ उनका संघर्ष भारतीय लोकतंत्र की उन गहरी धाराओं को छूता है, जहाँ सामाजिक न्याय, जल-जंगल-जमीन पर अधिकार और सांस्कृतिक स्वाभिमान की लड़ाई लड़ी गई। छोटानागपुर के पठार पर जब महाजनी प्रथा का शोषण अपने चरम पर था, जब आदिवासियों की जमीनों को बेदखल किया जा रहा था और जब शराब के कारोबार ने एक पूरी नस्ल के आत्मसम्मान को खोखला कर दिया था, तब शिबू सोरेन का उदय एक जलते हुए मशाल की तरह हुआ। उन्होंने बंदूक की भाषा के बजाय जनांदोलन की राह चुनी, आदिवासियों को संगठित किया और एकीकृत बिहार के दक्षिणी हिस्से को 'झारखंड' के रूप में एक स्वतंत्र प्रशासनिक पहचान दिलाने में केंद्रीय भूमिका निभाई।

11 जनवरी 1944 को रामगढ़ जिले के नेमरा गांव (तत्कालीन बिहार) में जन्मे शिबू सोरेन का बचपन अभावों और संघर्षों से घिरा हुआ था। उनके पिता शोबरन सोरेन एक साधारण किसान और गांव के सम्मानित शिक्षक थे। शोबरन सोरेन खुद महाजनों और सूदखोरों के अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाते थे। उस दौर में महाजनी प्रथा एक ऐसा दीमक थी, जो गरीब आदिवासियों को कम ब्याज पर कर्ज देकर उनकी पीढ़ियों पुरानी जमीनें हड़प लेती थी।

साल 1957 में एक ऐसी घटना घटी जिसने युवा शिबू के जीवन का रुख हमेशा के लिए बदल दिया। स्थानीय महाजनों ने उनके पिता शोबरन सोरेन की निर्मम हत्या कर दी। उस समय शिबू सोरेन की उम्र महज 13-14 वर्ष के आसपास थी। पिता का साया उठ जाने और महाजनों के अत्याचारों को अपनी आंखों से देखने के बाद, किशोर शिबू के भीतर गहरा रोष पैदा हुआ। लेकिन उन्होंने इस रोष को व्यक्तिगत प्रतिशोध की अग्नि में भस्म होने देने के बजाय सामाजिक बदलाव का हथियार बनाने का संकल्प लिया। शुरूआती पढ़ाई पूरी करने के बाद वे आदिवासियों को जागरूक करने में जुट गए। उन्होंने महसूस किया कि महाजनों के शोषण का सबसे बड़ा कारण आदिवासियों में अशिक्षा, नशाखोरी और असंगठित होना है। इसी समझ के साथ उन्होंने 1960 के दशक के उत्तरार्ध में 'संताल नवयुवक संघ' का गठन किया। इस संगठन के माध्यम से उन्होंने आदिवासी युवाओं को एकजुट करना शुरू किया।

राजनीतिक सत्ता के गलियारों में पहुँचने से बहुत पहले शिबू सोरेन एक जमीनी समाज सुधारक के रूप में स्थापित हो चुके थे। उन्होंने समझ लिया था कि आदिवासियों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त किए बिना राजनीतिक अधिकार हासिल नहीं किए जा सकते। 70 के दशक की शुरूआत में दिशोम गुरु ने महाजनों द्वारा जबरन कब्जाई गई आदिवासी जमीनों को वापस लेने के लिए 'धान काटो आंदोलन' चलाया। महाजन आदिवासियों की जमीनों पर गैर-कानूनी तरीके से कब्जा कर लेते थे और उन पर फसल उगाते थे। शिबू सोरेन के आह्वान पर हजारों आदिवासी तीर-धनुष और पारंपरिक हथियार लेकर खेतों में उतर जाते थे और महाजनों की फसल को काटकर अपने घरों में ले आते थे। यह केवल फसल की कटाई नहीं थी, बल्कि अपनी बेदखल की गई मातृभूमि पर अपना हक दोबारा जताने की एक अहिंसक क्रांति थी। इस आंदोलन ने महाजनों के दिल में खौफ और शोषित आदिवासियों के दिल में असीम साहस भर दिया। शिबू सोरेन का मानना था कि शिक्षा ही शोषण के चक्र को तोड़ सकती है। उन्होंने जंगलों और सुदूर गांवों में 'रात्रि पाठशालाएं' शुरू कीं। दिनभर खेतों और खदानों में मजदूरी करने वाले आदिवासी रात में इन पाठशालाओं में पढ़ने आते थे। यहाँ उन्हें न केवल साक्षर बनाया जाता था, बल्कि कानून, अपने अधिकारों और शोषण के तरीकों के प्रति जागरूक भी किया जाता था। आदिवासी समाज में 'हंडिया' (चावल से बनी पारंपरिक मदिरा) का सेवन एक सामाजिक परंपरा रही है, लेकिन महाजनों और ठेकेदारों ने इसका फायदा उठाकर आदिवासियों को शराब की लत में ढकेल दिया था। शिबू सोरेन ने इसके खिलाफ एक व्यापक सामाजिक अभियान चलाया। उन्होंने गांवों में बैठकें कीं, शपथ दिलाई और नशा करने वालों पर सामाजिक दंड लागू किए। उनके प्रयासों से हजारों परिवारों में आर्थिक स्थिरता आई और घरेलू हिंसा में भारी कमी दर्ज की गई।

4 फरवरी 1973 का दिन झारखंड के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में तीन महान विभूतियों का ऐतिहासिक मिलन हुआ। शिबू सोरेन झ जिन्होंने आदिवासियों का प्रतिनिधित्व किया। विनोद बिहारी महतो - जिन्होंने 'शिवाजी समाज' के माध्यम से महतो/कुड़मी समुदाय को संगठित किया था। ए. के. रॉय (अरुण कुमार रॉय) - जो मार्क्सवादी समन्वय समिति के नेता थे और खदान मजदूरों तथा वामपंथी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते थे। इन तीनों दिग्गजों ने मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की नींव रखी। विनोद बिहारी महतो को इसका पहला अध्यक्ष और शिबू सोरेन को महासचिव बनाया गया। संगठन केवल एक राजनीतिक दल नहीं था, बल्कि लाल (वामपंथी मजदूर वर्ग) और हरा (आदिवासी-मूलवासी किसान वर्ग) की विचारधाराओं का अनूठा संगम था। जेएमएम के झंडे का हरा रंग जंगलों, खेती और प्रकृति का प्रतीक था, जबकि शिबू सोरेन का नारा था: आंदोलन भी करेंगे, चुनाव भी लड़ेंगे और अपना हक छीनकर लेंगे।

1970 और 1980 के दशकों में झारखंड आंदोलन अपने चरम पर पहुँच गया। बिहार विधानसभा से लेकर केंद्र सरकार तक अलग झारखंड राज्य की मांग गूंजने लगी। शिबू सोरेन इस पूरे आंदोलन के केंद्र बिंदु बन चुके थे। अपने उग्र आंदोलनों, धरना-प्रदर्शनों और महाजनों के खिलाफ अभियानों के कारण शिबू सोरेन को सालों तक पुलिस प्रशासन की नजरों से बचकर 'भूमिगत' जीवन बिताना पड़ा। पारसनाथ की पहाड़ियों और सारंडा के घने जंगलों में बैठकर वे आंदोलन की रणनीतियां बनाते थे। कहा जाता है कि पुलिस जब भी जंगलों में उन्हें घेरने की कोशिश करती, स्थानीय ग्रामीण और आदिवासी उन्हें सुरक्षित एक जगह से दूसरी जगह पहुँचा देते थे। उनके प्रति आदिवासियों की निष्ठा इतनी अटूट थी कि कोई भी उनके बारे में पुलिस को सुराग नहीं देता था। इसी अगाध श्रद्धा और विश्वास के कारण उन्हें 'दिशोम गुरु' का दर्जा मिला। दिशोम गुरु जानते थे कि सड़क के संघर्ष को जब तक कानून की मेज तक नहीं पहुँचाया जाएगा, तब तक अंतिम जीत नहीं मिल सकती। 1980 के लोकसभा चुनाव में शिबू सोरेन दुमका संसदीय सीट से पहली बार सांसद चुने गए। इसके बाद वे दुमका से आठ बार लोकसभा सांसद रहे। संसद के भीतर उन्होंने बार-बार छोटानागपुर और संताल परगना के शोषण, खनिजों की लूट और अलग राज्य की आवश्यकता पर बेबाक आवाज उठाई। उन्होंने पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों के नेताओं और राष्ट्रीय स्तर के वामपंथी तथा क्षेत्रीय दलों को एकजुट करके अलग राज्य के मुद्दे को राष्ट्रीय एजेंडे पर ला खड़ा किया।

अलग झारखंड राज्य का गठन केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं था; यह शिबू सोरेन और उनके लाखों समर्थकों के पसीने, खून और दशकों की तपस्या का प्रतिफल था। हालांकि, राज्य बनने के बाद राजनीतिक समीकरणों और गठबंधन की मजबूरियों के कारण शुरूआती दौर में सत्ता की बागडोर अन्य हाथों में रही, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं था कि इस नए राज्य की आत्मा में दिशोम गुरु का ही नाम बसा हुआ था।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेनः झारखंड की माटी का स्वाभिमान, भारत रत्न का सच्चा हकदार

**विजय शंकर नायक**

कुछ लोग सत्ता से इतिहास बनाते हैं, लेकिन कुछ लोग संघर्ष से इतिहास लिखते हैं। दिशोम गुरु शिबू सोरेन उन्हीं विरले जननायकों में थे, जिन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण जल, जंगल, जमीन, आदिवासी अस्मिता और झारखंड की पहचान के लिए समर्पित कर दिया।

4 अगस्त 2026 को दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पहली पुण्यतिथि है। यह केवल एक राजनीतिक नेता को श्रद्धांजलि देने का अवसर नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक संघर्ष को स्मरण करने का दिन है जिसने भारत के संघीय ढांचे को नया आयाम दिया। झारखंड राज्य का निर्माण किसी सरकार की कृपा नहीं था, बल्कि दशकों के जनांदोलन, हजारों आंदोलनकारियों के त्याग और शिबू सोरेन जैसे नेताओं के अदम्य साहस का परिणाम था।

शिबू सोरेन का जन्म ऐसे समाज में हुआ, जहाँ आदिवासी और मूलवासी समुदाय महाजनी शोषण, भूमि हड़पने की साजिशों, विस्थापन और आर्थिक असमानता से जूझ रहे थे। उनके पिता सोबरन सोरेन स्वयं सामाजिक अन्याय के विरुद्ध संघर्षरत थे। उनके निधन ने युवा शिबू सोरेन के भीतर अन्याय के खिलाफ लड़ने का संकल्प और मजबूत किया। उन्होंने सत्ता पाने के लिए राजनीति नहीं की, बल्कि समाज को न्याय दिलाने के लिए राजनीति को संघर्ष का माध्यम बनाया।

उनका सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने आदिवासी समाज की पीड़ा को जंगलों और गांवों से निकालकर संसद और राष्ट्रीय राजनीति तक पहुंचाया। उस दौर में जब आदिवासी प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में नहीं थे, शिबू सोरेन ने जल, जंगल, जमीन, स्थानीय पहचान और प्राकृतिक संसाधनों पर स्थानीय समुदायों के अधिकार को लोकतांत्रिक बहस का हिस्सा बनाया। उन्होंने महाजनी प्रथा, बंधुआ शोषण और जमीन की लूट के खिलाफ व्यापक जनआंदोलन खड़ा किया। उनके आंदोलन ने केवल आर्थिक न्याय की मांग नहीं की, बल्कि सम्मानजनक जीवन, सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक अधिकारों की लड़ाई को भी नई दिशा दी। यही कारण है कि उन्हें केवल झारखंड का नेता नहीं, बल्कि "दिशोम गुरु" अर्थात जनता का मार्गदर्शक कहा गया।

झारखंड आंदोलन का इतिहास अनेक महान नेताओं के योगदान से बना है। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी शासन और अन्याय के विरुद्ध जनविद्रोह का बिगुल फूंका। जयपाल सिंह मुंडा ने संविधान सभा में आदिवासियों की आवाज बुलंद की। विनोद बिहारी महतो, ए.के. राय और निर्मल महतो ने अलग राज्य की राजनीतिक चेतना को मजबूत किया। लेकिन इस आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने, उसे निरंतर जीवित रखने और राजनीतिक परिणाम तक पहुँचाने में शिबू सोरेन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

उनका संघर्ष केवल अलग राज्य तक सीमित नहीं था। वे हमेशा इस बात पर जोर देते रहे कि झारखंड बनने का उद्देश्य केवल नई राजधानी बनाना नहीं, बल्कि आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर और गरीब परिवारों को सम्मानजनक जीवन देना है। उनकी राजनीति का केंद्र सत्ता नहीं, समाज था।

संसद में हो या सड़क पर, शिबू सोरेन ने हमेशा झारखंड की आवाज को प्राथमिकता दी। वे कई बार सांसद बने, केंद्र सरकार में मंत्री रहे और झारखंड के मुख्यमंत्री भी बने। उनके राजनीतिक जीवन में उतार-चढ़ाव भी आए, विवाद भी हुए और कठिन परिस्थितियाँ भी आईं। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि उन्होंने हर बार जनता के बीच लौटकर अपनी राजनीतिक ताकत हासिल की। यही किसी जननेता की सबसे बड़ी पहचान होती है।

झारखंड बनने के बाद भी उन्होंने बार-बार यह कहा कि राज्य का वास्तविक विकास तभी होगा जब प्राकृतिक संसाधनों का लाभ सबसे पहले स्थानीय लोगों को मिलेगा। वे विस्थापन, बेरोजगारी, आदिवासी अधिकारों, शिक्षा और स्थानीय नीति जैसे मुद्दों पर लगातार आवाज उठाते रहे। आज भी झारखंड की राजनीति में उनकी वैचारिक छाप स्पष्ट दिखाई देती है।

दिशोम गुरु की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने आदिवासी समाज को केवल वोट बैंक नहीं माना। उन्होंने उसे राजनीतिक सम्मान दिलाने का प्रयास किया। उनकी राजनीति में भाषा, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक पहचान को बराबर महत्व मिला। उन्होंने यह स्थापित किया कि विकास और आदिवासी अस्मिता एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं।

आज जब उनकी पहली पुण्यतिथि मनाई जा रही है, तब यह प्रश्न पूरे देश के सामने खड़ा है कि क्या ऐसे जननायक को अभी तक भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न" नहीं मिलना चाहिए था?

भारत रत्न केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं है। यह उस विचार, उस संघर्ष और उस ऐतिहासिक योगदान का सम्मान होता है जिसने भारत के लोकतंत्र को मजबूत किया हो। यदि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सामाजिक न्याय की लड़ाई को राष्ट्रीय पहचान दी, यदि सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकीकरण का कार्य किया, यदि अटल बिहारी वाजपेयी को उनके राष्ट्रीय योगदान के लिए भारत रत्न मिला, तो झारखंड आंदोलन को लोकतांत्रिक सफलता तक पहुँचाने वाले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के योगदान पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी पहली पुण्यतिथि तक केंद्र सरकार ने उन्हें भारत रत्न देने की दिशा में कोई पहल नहीं की। यह विषय राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर देखने का है। किसी भी लोकतंत्र की परिपक्वता इस बात से तय होती है कि वह अपने उन नेताओं का सम्मान कैसे करता है जिन्होंने वंचित समाजों को आवाज दी।

झारखंड केवल खनिज संपदा का राज्य नहीं है, बल्कि संघर्षों की धरती भी है। यदि इस संघर्ष की सबसे बड़ी राजनीतिक पहचान शिबू सोरेन रहे हैं, तो उनका सम्मान केवल झारखंड का नहीं, बल्कि पूरे भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सम्मान होगा।

आज आवश्यकता है कि झारखंड विधानसभा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत भारत रत्न देने की अनुशंसा करे। संसद के सभी दलों के सांसदों को भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस मांग का समर्थन करना चाहिए। यह किसी एक दल का नहीं, बल्कि झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता के सम्मान का प्रश्न है। उनकी पहली पुण्यतिथि पर केंद्र सरकार को यह संदेश देना चाहिए कि भारत उन नेताओं को कभी नहीं भूलता जिन्होंने लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय अस्मिता को मजबूत किया। भारत रत्न केवल दिल्ली की राजनीति करने वालों का अधिकार नहीं है; यह उन जननायकों का भी अधिकार है जिन्होंने जंगलों, पहाड़ों और गांवों से उठकर भारत के लोकतंत्र को नई दिशा दी।

दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जीवन आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देता रहेगा कि संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता। सत्ता बदलती है, सरकारें बदलती हैं, लेकिन जनआंदोलनों की विरासत अमर रहती है। झारखंड की पहचान, आदिवासी स्वाभिमान और सामाजिक न्याय की लड़ाई का इतिहास जब भी लिखा जाएगा, उसमें दिशोम गुरु शिबू सोरेन का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज रहेगा। उनकी पहली पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि उनके सपनों का झारखंड और न्यायपूर्ण भारत बनाने की दिशा में हम सभी ईमानदारी से आगे बढ़ें तथा उनके राष्ट्रीय योगदान को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार उन्हें मरणोपरांत "भारत रत्न" प्रदान करने पर गंभीरतापूर्वक विचार करे।

## सूडोकु नवताल- 7876

✶✶✶✶✩ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7875 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

# ज्ञान, कौशल, चरित्र का स्वदेशी मॉडल और 2047 का भारत

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भगवन! मनुष्य के लिए कौन-सा मार्ग श्रेष्ठ है? बालक नचिकेता ने यमराज से प्रश्न किया। उत्तर मिला– "श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेतः..."

कठोपनिषद का यह संदेश बताता है कि मनुष्य के सामने सदैव दो मार्ग रहते हैं; श्रेय और प्रेय। श्रेय दीर्घकालिक कल्याण का मार्ग है, जबकि प्रेय तात्कालिक सुख-सुविधा का आकर्षण। विवेकशील व्यक्ति श्रेय का चयन करता है। आज इक्कीसवीं सदी का भारत भी इसी निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। प्रश्न यह नहीं कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा या नहीं, बल्कि यह है कि उस विकास की चेतना क्या होगी? क्या विकास का आधार आर्थिक उपलब्धियाँ होंगी, अथवा ज्ञान, नैतिकता, संस्कृति, विज्ञान और मानवीय मूल्यों का संतुलित समन्वय?

इसी संदर्भ में अभी हाल ही में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), मुंबई में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं मुंबई विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में "विकसित भारत हेतु शिक्षा" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का यह कथन अत्यंत महत्वपूर्ण है, "ज्ञान, कौशल और चरित्र तीनों का समन्वय ही शिक्षा है। विकसित भारत की कल्पना में हमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, सभी के विकास के लिए विद्यार्थी तैयार करना है।" यह भारतीय शिक्षा-दर्शन को वर्तमान समय के अनुरूप पुनर्स्थापित करने का आह्वान है।

### भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी ज्ञान-परंपरा

विश्व के अनेक देशों ने औद्योगिक क्रांति, तकनीकी नवाचार या प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर विकास किया। भारत की विशिष्टता उसकी ज्ञान-परंपरा रही है। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी जैसे विश्वविद्यालय शिक्षा के केंद्र होने के साथ सभ्यता निर्माण के भी केंद्र थे। भारतीय शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति और समाज, दोनों का निर्माण रहा है। तैत्तिरीय उपनिषद का "सत्यं वद, धर्मं चर" तथा स्वामी विवेकानंद का "चरित्र निर्माण करने वाली शिक्षा" का विचार इसी परंपरा का विस्तार है। दत्तात्रेय होसबाले भी शिक्षा को राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला मानते हैं।

आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कम्प्यूटिंग, जैव-प्रौद्योगिकी और स्वचालन का युग है। ऐसे समय में कौशल अनिवार्य है। फिर भी कौशल तभी सार्थक है जब उसे ज्ञान दिशा दे और चरित्र उद्देश्य प्रदान करे। इतिहास बताता है कि विज्ञान ने परमाणु ऊर्जा जैसी उपयोगी शक्ति भी दी और परमाणु बम जैसा विनाशकारी अस्त्र भी। अंतर उद्देश्य और चरित्र का था। विकसित भारत का अर्थ ऐसे नागरिक तैयार करना है जो दक्ष होने के साथ उत्तरदायी और संवेदनशील भी हों।

### चार पुरुषार्थ और भारतीय शिक्षा-दृष्टि

दत्तात्रेय होसबाले ने शिक्षा को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष से जोड़कर भारतीय चिंतन की समग्रता को सामने रखा है। धर्म का अर्थ कर्तव्य और नैतिकता है, अर्थ आर्थिक समृद्धि का आधार, काम सृजनात्मक आकांक्षाओं का प्रतीक तथा मोक्ष आत्मबोध और आंतरिक स्वतंत्रता का स्वरूप। यदि शिक्षा आर्थिक सफलता तक सीमित रह जाए और नैतिक चेतना कमजोर हो जाए तो सामाजिक संतुलन भी प्रभावित होता है। भारतीय शिक्षा-दर्शन जीवन के प्रत्येक आयाम में संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा देता है।

राधाकृष्णन आयोग का उल्लेख करते हुए दत्तात्रेय होसबाले कहते हैं, "हम एक फैक्ट्री नहीं बना रहे हैं, हम एक सभ्यता बना रहे हैं।" यही शिक्षा का वास्तविक स्वरूप है। फैक्ट्री वस्तुओं का उत्पादन करती है, शिक्षा व्यक्तित्व का निर्माण करती है। आज शिक्षा की सफलता का मूल्यांकन प्रायः नौकरी, वेतन और परीक्षा परिणामों से किया जाता है। इनका महत्व है, फिर भी शिक्षा का व्यापक लक्ष्य दूरदर्शी, जिम्मेदार और राष्ट्रनिष्ठ नागरिक तैयार करना है। किसी भी विकसित राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति उसके ऐसे ही नागरिक होते हैं।

### संवाद और जिज्ञासा की संस्कृति


होसबाले ने समाज में बढ़ती संवादहीनता पर भी चिंता व्यक्त की है। सूचना के इस युग में उत्तर सहज उपलब्ध हैं, प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति कमजोर पड़ती दिखाई देती है। भारतीय ज्ञान-परंपरा का आधार संवाद रहा है। गार्गी और याज्ञवल्क्य का शास्त्रार्थ, उद्दालक और श्वेतकेतु का संवाद तथा नचिकेता और यमराज का प्रश्नोत्तर इस बात के प्रमाण हैं कि भारत ने शिक्षा को जिज्ञासा, तर्क और विचार-विमर्श का माध्यम माना। भविष्य की शिक्षा व्यवस्था में इसी संवाद संस्कृति का पुनर्जागरण आवश्यक है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की दिशा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय ज्ञान-परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय की दिशा में महत्त्वपूर्ण पहल है। बहुविषयक शिक्षा, मातृभाषा में अध्ययन, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास और मूल्य-आधारित शिक्षण उसी व्यापक दृष्टि का हिस्सा हैं। भारत यदि वैश्विक ज्ञान-अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करना चाहता है तो उसे तकनीक का उपयोग करने वाले समाज से आगे बढ़कर ज्ञान का सृजन करने वाला राष्ट्र बनना होगा। प्रयोगशालाओं के साथ जीवन-मूल्यों का विकास भी उतना ही आवश्यक है। दत्तात्रेय होसबाले का यह कथन कि "विकसित भारत-2047 एक पड़ाव है, यात्रा का अंत नहीं", भारतीय चिंतन की मूल भावना को व्यक्त करता है।

## दैनिक पंचांग

4 अगस्त को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.32 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कन्या | 08.44 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | तुला | 10.55 बजे से |
| बुध | मिथुन में | वृश्चिक | 13.09 ब.से |
| गुरु | कर्क में | धनु | 15.25 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मकर | 17.31 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.17 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.50 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.20 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | वृष | 00.01 बजे से |
| | | मिथुन | 01.59 बजे से |
| | | कर्क | 04.12 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 216 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083
**शक संवत्** 1948
**मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 22.04 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रेवती 21.54 बजे को समाप्त।
**योग** धृति 19.34 बजे को समाप्त।
**करण** गर 10.33 बजे तदनन्तर वणिज 22.04 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 17'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872791
**जूलियन दिन** 2461256.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448 **महीना** सफर
**तारीख** 20 **विशेष** मंगला गौरी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### श्रावण में खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान होटल-ढाबों की हुई जांच

**साहिबगंज** : पवित्र श्रावण (सावन) माह में शिवगादी धाम आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी आशिष कुमार वर्मा एवं नौरंगदेव कुमार द्वारा बरहेट एवं शिवगादी धाम क्षेत्र के विभिन्न होटल, ढाबों एवं भोजनालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, रसोई की साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के भंडारण, खाद्य सुरक्षा लाइसेंस/पंजीकरण तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन की जांच की गई। होटल संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने, ताजी एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री का ही उपयोग करने तथा एक्सपायरी खाद्य पदार्थों का विक्रय या उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य हित में इस प्रकार के निरीक्षण अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

### सावन के पहला सोमवारी में श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



**साहिबगंज** : सावन मास की पहला सोमवारी पर साहिबगंज मुख्यालय के उत्तर वाहिनी गंगा में हजारों लोगों ने मुक्तेश्वर धाम सीढ़ी घाट पर आस्था की डुबकी लगाई। वहीं विभिन्न मंदिरों में सोमवारी पर भक्तों ने शिवलिंग पर जल अर्पित कर पूजा अर्चना की। गंगा स्नान के बाद शिव भक्तगण ने मुक्तेश्वर धाम शिव मंदिर, श्री श्री 108 महाकालेश्वर धाम सहित पूरे शहर के अन्य शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। पहला सावन की सोमवारी को लेकर छोटे-बड़े-बुजुर्गों में काफी उत्साह देखा गया।

### विकास कार्य में लापरवाही खुला गड्ढा बना राहगीरों के लिए खतरा

**साहिबगंज**: जिले के बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या-03, पहाड़ी बाबा चौक (मस्जिद के बगल) में सड़क किनारे नाली निर्माण कार्य चल रहा है। विकास कार्य सराहनीय है लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नाली निर्माण के लिए सड़क किनारे गहरा गड्ढा खोदा गया है लेकिन न तो बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है।उल्लेखनीय है कि यह मार्ग बरहरवा के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है जहां दिन-रात आवागमन लगा रहता है। ऐसे में हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा विकास कार्य तो किया जा रहा है लेकिन आम जनता की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। शाम ढलते ही इस स्थान पर अंधेरा हो जाता है और बिना बैरिकेड तथा रिफ्लेक्टर के वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को गड्ढे का पता नहीं चल पाता। स्थानीय ग्रामीणों ने ठेकेदार तथा विभाग से निवेदन किया है कि आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर एवं चेतावनी संकेतक लगवाए जाएं ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। लोगों का मानना है कि विकास के साथ सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है और जनता की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए।

## पहली सोमवारी पर बाबा नगरी शिवगादी में उमड़ा आस्था का सैलाब

# 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : सावन की पहली सोमवारी को बोल बम के जयकारों के साथ बाबा मंदिर में भक्तों ने जलार्पण किया। साथ ही बंगला सावन की तीसरी सोमवारी पर पश्चिम बंगाल से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। खासकर मंदिर के सीढ़ी पर कांवरियों को राहत देने के लिए आधुनिक फव्वारे लगाए गए हैं। एक दिन पहले रविवार से ही श्रद्धालुओं की भीड़ बाबा नगरी पहुंचने लगी थी। मंदिर का पट्ट प्रातः कालीन 3 बजे खुलने के साथ ही अनुमान करीबन 50 हजार के पार शिव भक्तों ने सोमवार देर शाम तक बाबा गाजेश्वर नाथ के दिव्य शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की भीड़ को मंदिर में नियंत्रण रखने को लेकर समिति के सदस्य तथा पुलिस बल लगे रहे। मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल जगह-जगह लगाए गए हैं। जलार्पण को लेकर कांवड़ियों की लंबी कतार मेला क्षेत्र तक लगी थी। रविवार देर रात तक मुख्य द्वार के पास आंगन में शिव के भजन गीतों में झूम कर नाचते रहे। इधर, उत्तर वाहिनी राजमहल गंगा तथा फरक्का से कांवरिया पवित्र गंगा जल लेकर बोल बम के जयकारों के साथ बाबा दरबार रोजाना पहुंच रहे हैं। बरहेट, बोरियो, पतना, बरहरवा, तीनपहाड़ तथा राजमहल थाना क्षेत्र के कांवरिया पथ पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। इस बार कांवरियों को बरहेट शिवगादी पथ पर सोलर स्ट्रीट लाइट की रोशनी मिलने से काफी उत्सुक दिखे। बाबा दरबार में लोगों की भीड़ लगातार बढ़ रही श्रावणी मेला की रौनक ओर भी बढ़ गई है।

### सावन में सत्य सनातन संस्था का सेवा अभियान, शिवालयों में श्रद्धालुओं को निःशुल्क पूजन सामग्री वितरित



**पाकुड़** : जिले में पवित्र श्रावण मास के अवसर पर शिवभक्तों की सुविधा एवं सेवा भाव को लेकर सत्य सनातन संस्था की ओर से जिले के विभिन्न शिवालयों में नि:शुल्क सेवा शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में श्रद्धालुओं के बीच बेलपत्र, कच्चा दूध, गंगाजल सहित अन्य पूजन सामग्री का नि:शुल्क वितरण किया गया। संस्था की इस पहल का शिवभक्तों ने स्वागत करते हुए इसे धार्मिक सेवा का सराहनीय प्रयास बताया। संस्था के अध्यक्ष रंजीत कुमार चौबे ने बताया कि सत्य सनातन संस्था पिछले छह वर्षों से लगातार सावन माह में यह सेवा अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि सावन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना करने मंदिर पहुंचते हैं। ऐसे में कई श्रद्धालुओं को पूजन सामग्री जुटाने में कठिनाई होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए संस्था के कार्यकर्ता विभिन्न शिवालयों में सेवा शिविर लगाकर नि:शुल्क पूजन सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि हर श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के विधि-विधान से भगवान शिव की आराधना कर सके। सेवा अभियान के तहत भगतपाड़ा शिव मंदिर में रवि भगत, हर्ष भगत, अजय भगत, मिंटू गिरी एवं विशाल भगत ने श्रद्धालुओं की सेवा की। कूड़ापाड़ा स्थित नागेश्वरनाथ शिव मंदिर में गौतम कुमार एवं अरुण कुमार सरदार ने सेवा शिविर का संचालन किया।

# पंचायत भवन में दोपहर तक लटका रहा ताला कामकाज ठप रहने से ग्रामीणों में नाराजगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

- सचिव व कर्मियों की अनुपस्थिति पर उठे सवाल जांच कर कार्रवाई की मांग




**अमड़ापाड़ा** : पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र की अमड़ापाड़ा संथाली पंचायत में सोमवार को पंचायत भवन बंद रहने का मामला सामने आया, जिससे पंचायत स्तर की प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। दोपहर करीब 12 बजे के बाद भी पंचायत भवन के मुख्य द्वार पर ताला लटका रहा। आवश्यक कार्यों के लिए पहुंचे ग्रामीणों को कार्यालय बंद मिलने से घंटों इंतजार करना पड़ा और अंततः कई लोग बिना काम कराए ही मायूस होकर लौट गए। ग्रामीणों के अनुसार वे विभिन्न सरकारी कार्यों जैसे आवासीय, आय एवं जाति प्रमाण पत्र से संबंधित प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं के आवेदन, पेंशन, राशन कार्ड तथा अन्य पंचायत स्तरीय कार्यों के लिए दूर-दराज के गांवों से पंचायत भवन पहुंचे थे। लेकिन कार्यालय बंद रहने के कारण उनका कोई भी काम नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन में न तो पंचायत सचिव मौजूद थे और न ही कोई अन्य कर्मी दिखाई दिया। वहीं, लोगों की सुविधा के लिए संचालित प्रज्ञा केंद्र भी बंद पाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि वे काफी देर तक पंचायत भवन के बाहर कर्मचारियों के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई भी अधिकारी या कर्मचारी कार्यालय नहीं पहुंचा। इससे लोगों में नाराजगी देखी गई। कई ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत भवन में अक्सर समय पर कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए बार-बार चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत कार्यालय ग्रामीणों के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक केंद्र होता है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में कार्यालय का निर्धारित समय पर नहीं खुलना सरकारी सेवाओं की उपलब्धता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन एवं जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यह पता लगाया जाए कि कार्यालय समय में पंचायत भवन बंद क्यों रहा और संबंधित अधिकारी-कर्मी अनुपस्थित क्यों थे। उन्होंने दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की भी मांग की। ग्रामीणों ने प्रशासन से यह भी आग्रह किया कि पंचायत भवन को नियमित समय पर खोला जाए तथा पंचायत सचिव और संबंधित कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम लोगों को सरकारी योजनाओं और आवश्यक सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। उनका कहना है कि पंचायत स्तर पर व्यवस्था में सुधार होने से ग्रामीणों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत होगा तथा लोगों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी।

### मारपीट मामले में छह साल पुराने वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पाकुड़** : जिले के पाकुड़ मुफस्सिल थाना पुलिस ने वर्ष 2020 के मारपीट मामले में फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, मुफस्सिल थाना कांड संख्या 81/20 में नामजद आरोपी जियाउल शेख, पिता अब्दुल रहमान, निवासी जुगीगुड़िया के विरुद्ध माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। वारंट के आलोक में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## अमड़ापाड़ा में बंद अस्पताल चालू कराने व जर्जर मुख्य सड़क के निर्माण की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अमड़ापाड़ा** : पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा बाजार स्थित वर्षों से बंद पड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को पुनः संचालित कराने तथा अमड़ापाड़ा मुख्य मार्ग की जर्जर सड़क का शीघ्र निर्माण कराने की मांग को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने सोमवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के जिला सचिव मो. जहांगीर अंसारी ने उपायुक्त को दिए आवेदन में मांग की कि अमड़ापाड़ा बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जल्द से जल्द पुनः शुरू किया जाए। साथ ही अस्पताल में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा, महिला एवं पुरुष चिकित्सकों की नियुक्ति, नर्स, कंपाउंडर तथा एंबुलेंस की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को समय पर उपचार मिल सके। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर से संचालित होने के कारण अमड़ापाड़ा बाजार एवं आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को विशेषकर रात के समय इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे गर्भवती महिलाओं, सड़क दुर्घटना के घायलों तथा गंभीर रूप से बीमार मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती, जिससे उनकी परेशानियां बढ़ जाती हैं। मोर्चा ने यह भी सुझाव दिया कि यदि सरकारी संसाधनों की कमी हो तो क्षेत्र में कार्यरत बीजीआर माइनिंग एवं डीबीएल के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड के माध्यम से अस्पताल को पुनः चालू कराया जाए। इस अवसर पर मोर्चा के वरिष्ठ नेता मार्क बास्की ने कहा कि संगठन जनहित से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाता रहेगा और क्षेत्रवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव इलियास हांसदा एवं समाजसेवी मो. आरिफ आलम भी शामिल थे।

## बरहरवा से गिरफ्तार युवती के मोबाइल से खुला राज, होगी एफएसएल में जांच

प्रत्यूष नवबिहारी संवाददाता



**साहिबगंज** : संदिग्ध आतंकी हमीम मंडल उर्फ हामिद मंडल उर्फ हमीद फुएगो से सम्पर्क रखने के आरोप में बरहरवा से गिरफ्तार युवती के मोबाइल से पूरे नेटवर्क का राज खुल गया है। पश्चिम बंगाल एसआइटी ने युवती के मोबाइल को जब्त कर पुराने डिलिट चैट को रिकवरी का प्रयास कर रही है। इसके लिए मोबाइल को फॉरेंसिक जांच को एफएसएल भेजने की तैयारी है। सूत्रों ने बताया कि युवती के मोबाइल से कई ऐसे चैट मिले हैं, जिससे पाकिस्तानी नेटवर्क का खुलासा होता है। मोबाइल के चैट से पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री के पुत्र के अपहरण से लेकर दिल्ली में इस महीने बम विस्फोट करने की योजना से जुड़ी जानकारी एसआइटी को हाथ लगी है। दरअसल, केंद्रीय खुफिया महकमे के इनपुट पर युवती को पहले पूछताछ के लिए बरहरवा थाना पुलिस ने थाना बुलाया था। प्रारंभिक पूछताछ व मोबाइल के चैट को देखने के बाद पुलिस को कई अहम जानकारी हाथ लगी थी। उसके बाद केंद्रीय खुफिया महकमे की रिपोर्ट पर पश्चिम बंगाल एसआइटी बरहरवा पहुंच युवती को हिरासत में ले लिया। उसके मोबाइल को भी जब्त कर लिया। उधर, युवती की निशानदेही पर एसआइटी ने वर्दवान में हमीम मंडल उर्फ हामिद मंडल उर्फ हमीद फुएगो नामक युवक को दबोचा लिया। उसके मोबाइल को जब्त कर जब जांच की गई तो कई चौकाने वाले खुलासे हुए। इस मामले में बीते 31 जुलाई को एसआइटी के एक पदाधिकारी की शिकायत पर वर्दवान पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में एसआइटी को आइएसआई एजेंटों के माध्यमों से देश विरोधी तत्वों के साथ मिलकर सीमा पार से आपराधिक व जासूसी नेटवर्क चलाने का पता चला है। दर्ज केस में पाकिस्तानी हैंडलर व स्थानीय गुर्गों के माध्यम से हथियारों की खरीद, संरक्षित लोगों व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों से संबंधित खुफिया जानकारी संग्रह, गणमान्य लोगों का अपहरण, हत्या और सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के इरादे से किये गये गये अन्य कृत्यों समेत गंभीर अपराधों की तैयारी शामिल होने की बात कही गई है। पश्चिम बंगाल एसआइटी इस मामले में आगे की जांच में जुटी है।

# 15 अगस्त का मुख्य समारोह सिद्धो-कान्हो स्टेडियम में, उत्कृष्ट कार्य करने वाले होंगे सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : आगामी 80वां स्वतंत्रता दिवस-2026 के गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों एवं संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध एवं समन्वित रूप से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि विगत वर्षों की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी 15 अगस्त 2026 का मुख्य जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह सिद्धो-कान्हो स्टेडियम, साहिबगंज में आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण का समय भी निर्धारित किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी सरकारी कार्यालयों, विभागों, सार्वजनिक संस्थानों एवं विद्यालयों के कार्यालय प्रधानों तथा प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय के अनुसार अपने-अपने कार्यालयों एवं विद्यालयों में मुख्य जिला स्तरीय समारोह से पूर्व ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन करना सुनिश्चित करें तथा राष्ट्रीय ध्वज संहिता का पूर्णतः पालन किया जाए। बैठक के दौरान माल्यार्पण कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह स्थल स्थित सिद्धो-कान्हो की प्रतिमा पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से माल्यार्पण करेंगे। वहीं महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, शहीद भगत सिंह तथा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर नगर परिषद, साहिबगंज के कार्यपालक पदाधिकारी माल्यार्पण करेंगे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर उप विकास आयुक्त तथा चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुलिस उपाधीक्षक (सदर) द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी प्रतिमाओं पर पर्याप्त संख्या में पुष्पमालाएं, साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही राष्ट्रीय ध्वज की विधिवत व्यवस्था, मंच सज्जा, विशिष्ट अतिथियों एवं आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### 15 अगस्त से पहले पाकुड़ नगर की सभी स्ट्रीट लाइटें होंगी दुरुस्त : राणा ओझा



**पाकुड़** : जिले में स्वतंत्रता दिवस से पहले पाकुड़ नगर को रोशन करने की तैयारी तेज हो गई है। नगर परिषद के उपाध्यक्ष राणा ओझा की अध्यक्षता में सोमवार को नगर परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में विद्युत व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर क्षेत्र की खराब स्ट्रीट लाइटों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष राणा ओझा ने बिजली मिस्त्रियों एवं विद्युत परिवेक्षकों से कार्य में आने वाली समस्याओं, संसाधनों की उपलब्धता तथा आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए कहा कि नगरवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर परिषद की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइटों का सुचारु संचालन नागरिकों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त से पूर्व नगर क्षेत्र की सभी खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कर उन्हें चालू कर दिया जाएगा। जिन स्थानों पर लाइटें पूरी तरह खराब हो चुकी हैं, वहां नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। संबंधित अधिकारियों एवं बिजली मिस्त्रियों को सभी वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। बिजली मिस्त्रियों ने बैठक के दौरान कार्य के समय सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस पर उपाध्यक्ष राणा ओझा ने मिस्त्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुरक्षा किट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया, ताकि वे सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सकें। राणा ओझा ने विश्वास जताया कि स्वतंत्रता दिवस से पहले पूरे नगर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाएगी, जिससे प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों और मोहल्लों में पर्याप्त रोशनी उपलब्ध होगी तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। बैठक में प्रधान सहायक देवाशीष बर्मन, कनीय अभियंता सुमन कुमार, वार्ड पार्षद अनिकेत गोस्वामी, विमल चंद्र राउत, राजा अंसारी और रियाज अंसारी सहित नगर परिषद के अधिकारी, बिजली मिस्त्री एवं विद्युत परिवेक्षक उपस्थित रहे। सभी ने बैठक में लिए गए निर्णयों को समयबद्ध तरीके से लागू करने पर सहमति जताई।

### डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पाकुड़ में एसएमसी गठन पर उठे सवाल, नियमों की अनदेखी का आरोप

**पाकुड़** : जिला मुख्यालय स्थित डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पाकुड़ में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर विवाद गहरा गया है। विद्यालय के अभिभावकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि एसएमसी गठन की प्रक्रिया में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की नियमावली का पालन नहीं किया गया। आवेदन में कहा गया है कि विद्यालय में 946 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन 31 जुलाई को आयोजित बैठक में मात्र 30 अभिभावक ही मौजूद थे। इसके बावजूद 19 अभिभावकों का चयन कर लिया गया, जो निर्धारित नियमों के विपरीत बताया गया है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि कुछ अभिभावकों को भ्रामक जानकारी देकर चुनाव प्रक्रिया प्रभावित की गई। शिकायतकर्ता ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से मांग की है कि 31 जुलाई को गठित एसएमसी को रद्द कर पुन: पारदर्शी तरीके से चुनाव कराया जाए। आवेदन में यह भी अनुरोध किया गया है कि अगली बैठक शुक्रवार के बजाय किसी अन्य दिन आयोजित हो, ताकि सभी समुदायों के अभिभावक इसमें भाग लेकर निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित कर सकें।

### मुख्य मार्ग से मुरली पहाड़ मंदिर तक नवनिर्मित पीसीसी सड़क का विधायक ने किया उद्घाटन



**साहिबगंज**: राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सोमवार को राजमहल प्रखंड के मुरली मंदिर से मुख्य मार्ग तक विधायक अनुशंसा पर डीएमएफटी मद से निर्मित पीसीसी सड़क का नारियल फोड़कर विधायक ने उद्घाटन किया। सड़क निर्माण से श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। उद्घाटन के मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा, ताकि आम लोगों को उनका सीधा लाभ मिल सके।श्रावणी मेला के अवसर पर राजमहल प्रखंड के मुरली स्थित बाबा धनेश्वर नाथ सेवा समिति द्वारा लगाए गए सेवा शिविर का उद्घाटन सोमवार को राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद विधायक ने शिविर का निरीक्षण किया और समिति के सदस्यों के सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला में आने वाले कांवरियों और श्रद्धालुओं की सेवा करना पुण्य का कार्य है। समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। समिति की ओर से विधायक को अंग वस्त्र एवं पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू, जिला परिषद सदस्य सह मंदिर के संरक्षक रणधीर सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, प्रखंड सचिव दुर्गा मंडल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, सहित समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं ने समाज कल्याण पदाधिकारी को सौंपा पांच सूत्री ज्ञापन

**साहिबगंज**: बकाया मानदेय और पोषाहार भुगतान को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं का आक्रोश फूट पड़ा। साहिबगंज झारखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सोमवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार पहल करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शबाना आजमी ने की, जबकि बड़ी संख्या में सेविकाएं उपस्थित रहीं। ज्ञापन में सेविकाओं ने जनवरी 2026 से लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान, जून 2026 से एरियर राशि का भुगतान, पोषाहार मद की बकाया राशि, अंडा मद की लंबित राशि तथा जून 2026 से पोषाहार चावल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई। सेविकाओं ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। स्थिति यह है कि कई आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने के कगार पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रों के संचालन को जारी रखने के लिए उन्हें स्थानीय दुकानदारों से उधार लेकर बच्चों के लिए पोषाहार की व्यवस्था करनी पड़ रही है। प्रदर्शन कर रही सेविकाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो वे आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होंगी।

## एक नजर

### मालगाड़ी के चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**बोकारो** : गोमोह बड़काकाना रेल खंड के बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 02 से बीते संध्या को गुजर रही रेलमालगाड़ी के चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार युवक प्लेटफार्म संख्या 02 पर बैठा हुआ था और अचानक मालगाड़ी के इंजन के समीप छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। इस सन्दर्भ में स्टेशन मास्टर ने कहा की गोमिया जीआरपी को सुचना दे दी गई है, मृतक काला पैंट वा कत्था कलर का टी शर्ट पहने हुए था।

### सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बोकारो** : सावन माह की पहली सोमवारी पर तलगड़िया एवं आसपास के क्षेत्रों के शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों सहित हजारों शिवभक्तों ने बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शिवालयों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। तलगड़िया स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर में आसपास के गांवों के अलावा चीराचास, तलगड़िया मोड़, चास एवं उपनगर चास की विभिन्न कॉलोनियों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने श्रद्धा एवं विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर में पूजा-अर्चना को लेकर मंदिर समिति की ओर से मुख्य पुजारी शंभूनाथ उपाध्याय के नेतृत्व में बनवारी बटवाल, शंकर बटवाल, मुरारी बटवाल, दीपक बटवाल और जागीर बटवाल सहित अन्य सदस्य व्यवस्था में जुटे रहे। वहीं, कुम्हरी गांव स्थित चेचकाधाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इसके अलावा शिलफोड़ धाम (तलगड़िया), बाटबिनोर बूढ़ा बाबा मंदिर, बूढ़ीबिनोर शिवालय, अलकुशा शिव मंदिर, सर्वेश्वरनाथ मंदिर, पंचवटी स्थित महामृत्युंजय शिव मंदिर (उसरडीह), चदांहा शिव मंदिर, सियालजोरी बूढ़ा बाबा शिवालय, बिजुलिया-टुढरी मंदिर तथा डुमरदा सहित विभिन्न शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### रनिया में जंगली हाथियों का बढ़ा आतंक धान की फसल रौंदने से किसान चिंतित

**खूंटी** : हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जंगल से सटे गांवों में हाथियों की आवाजाही से किसान भय और चिंता के माहौल में धान की रोपाई करने को विवश हैं। हाथियों के झुंड खेतों में पहुंचकर धान की फसल को रौंद रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह के दौरान प्रखंड के कई गांवों में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। किशुनपुर मांझी टोली निवासी किसान बैजनाथ साहू और बलंकेल गांव के प्रदीप नाग के खेतों में लगी धान की फसल को हाथियों के झुंड ने पूरी तरह रौंद दिया। किसानों का कहना है कि काफी मेहनत और खर्च से तैयार की गई फसल बर्बाद हो गई है। घटना के बाद पीड़ित किसानों ने वन विभाग के कर्मियों को नुकसान की सूचना देकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के लगातार गांवों की ओर आने से खेती-किसानी प्रभावित हो रही है और लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय किसानों ने वन विभाग से हाथियों के बढ़ते आतंक पर रोक लगाने के लिए प्रभावी और स्थायी उपाय करने की मांग की है।

# ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार, 18 पुड़िया बेचने की बात कबूली, ₹8,450 नकद बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : बोकारो के माराफारी थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से दो पुड़िया ब्राउन शुगर और बिक्री से प्राप्त ?8,450 नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में माराफारी थाना कांड संख्या 71/2026 दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(ए)/22(ए) के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान माराफारी थाना क्षेत्र के दुमरो गांव निवासी 50 वर्षीय गनी अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) पवन कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि आरोपी अपनी जेब में 18 पुड़िया ब्राउन शुगर लेकर शहर के विभिन्न इलाकों में बेचने निकला है। सूचना के सत्यापन के बाद विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने आरोपी को घेरकर पकड़ा तो उसकी जेब से दो पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह 18 में से 16 पुड़िया पहले ही बेच चुका है। एक पुड़िया की कीमत करीब ?600 बताई गई है। शेष बिक्री से प्राप्त ?8,450 नकद उसकी दूसरी जेब से बरामद किए गए। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी को ब्राउन शुगर की आपूर्ति कहां से होती थी और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की क्या भूमिका है। डीएसपी पवन कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिले में नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## श्रावणी मेले के लिए 'इस्पात संजीवनी' मेडिकल मोबाइल यूनिट देवघर रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा श्रावणी मास के दौरान कांवरियों की सुविधा एवं स्वास्थ्य देखभाल हेतु पिछले तीन दशकों से बैद्यनाथ धाम (देवघर) के समीप निरंतर प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में 03 अगस्त 2026 को बोकारो इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) विभाग के तहत पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा संचालित मेडिकल मोबाइल यूनिट इस्पात संजीवनी को इस्पात भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना किया गया। इस पहल के दौरान निदेशक प्रभारी, अधिशासी निदेशकगण, सीएसआर विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बैद्यनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे। रवानगी से पूर्व आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा शिविर हेतु की गई तैयारियों, आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता तथा स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) के तत्वावधान में प्राथमिक चिकित्सा हेतु दवाओं, मरहम-पट्टी एवं अन्य आवश्यक चिकित्सा सामग्रियों से सुसज्जित यह दल चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों के साथ 'बोल-बम' के जयघोष के बीच देवघर के लिए रवाना हुआ। यह दल पूरे श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को निःशुल्क एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराएगा।

## जमशेदपुर पुलिस ने शुरू की क्यूआर कोड आधारित डिजिटल बीट पुलिसिंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम** : अपराध नियंत्रण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में जमशेदपुर पुलिस ने सोमवार को क्यूआर कोड आधारित डिजिटल बीट पुलिसिंग प्रणाली की शुरूआत की। इस नई व्यवस्था के माध्यम से पुलिस गश्त की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे प्रत्येक बीट क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता सुनिश्चित हो सकेगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आधुनिक तकनीक और पारंपरिक बीट पुलिसिंग के समन्वय से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारिब, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शुभम खंडेलवाल, सिटी एसपी ललित कुमार मीणा सहित जिले के अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों ने स्वयं पुलिस पदाधिकारियों और अन्य पुलिसकर्मियों को नई डिजिटल प्रणाली का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान क्यूआर कोड स्कैनिंग, डिजिटल रिकॉर्डिंग, बीट मॉनिटरिंग और गश्ती व्यवस्था के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि नई प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। नई व्यवस्था के तहत पूरे जिले को 206 बीट क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। इनमें 102 शहरी और 104 ग्रामीण बीट शामिल हैं। प्रत्येक बीट में एक बीट पदाधिकारी की तैनाती की गई है, जो नियमित गश्त करने, स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित करने, अपराध संबंधी सूचनाएं एकत्र करने तथा अपने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाएंगे। जमशेदपुर पुलिस ने पिछले पांच वर्षों के अपराध आंकड़ों का विश्लेषण कर ऐसे स्थानों की पहचान की है, जहां अपराध की आशंका अधिक रहती है। इन स्थानों के अलावा प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, परिवहन केंद्रों और संवेदनशील इलाकों में भी क्यूआर कोड लगाए गए हैं, ताकि गश्त की वास्तविक स्थिति डिजिटल रूप से दर्ज हो सके।

## ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो की सेक्टर-9 समिति गठित, बैजनाथ शर्मा बने संयोजक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो के सेक्टर -9 की एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय बैठक का आयोजन सेक्टर -9 बी, गली संख्या-15, आवास संख्या-1059 स्थित, श्याम मनोहर सिंह के आवास पर बैजनाथ प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक के दौरान क्षेत्र में संगठन के सुचारू संचालन, सामाजिक कार्यों को गति देने एवं समाज के विकास हेतु गहन विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से सेक्टर 9 हेतु 21-सदस्यीय समिति का गठन किया गया। गठित समिति में बैजनाथ प्रसाद शर्मा को संयोजक तथा अवधेश कुमार सिंह को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति के अन्य प्रमुख सदस्यों में सुशील कुमार ठाकुर, प्रमोद कुमार सिंह, आर्यन कुमार, संजय कुमार शर्मा (उर्फ चंदू जी), नवल शर्मा, एस. एन. शर्मा, प्रमोद कुमार, अवनीत कुमार राज (उर्फ राजा), अभय कुमार चौधरी, राम प्रवेश सिंह, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, संदीप कुमार चौधरी, प्रभात कुमार, एस. एन. शर्मा तथा अभय प्रसाद ,संतोष कुमारी चौधरी को शामिल किया गया है। बैठक में संस्था के कई अन्य सदस्य भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिनमें नग नारायण प्रसाद शाही,श्याम मनोहर सिंह, साधु शरण सिंह,हेमंत कुमार चौधरी,शशि कांत, सुरेंद्र कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार, एन. के. सिंह, डी. पी. चौधरी, नवल किशोर प्रसाद, देवेंद्र नाथ शर्मा, संदीप कुमार, शिव कुमार, सुचित प्रसाद, अनुरंजन कुमार चौधरी, राजीव रंजन, बिनोद कुमार, मनोज कुमार सिंह अखिलेश सिंह, बिट्टू कुमार एवं कमलेश चौबे आदि प्रमुख हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन देव नारायण सुधांशु द्वारा किया गया, जबकि बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अवधेश कुमार सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों ने समाज हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## विद्युत सब स्टेशन में हथियारबंद लुटेरों का धावा, लाखों की विद्युत सामग्री लूटी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चंदनकियारी** : चंदनकियारी विद्युत सब स्टेशन में रविवार देर रात हथियारबंद बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने रात्रि पाली में ड्यूटी पर तैनात स्विच बोर्ड ऑपरेटर को पिस्तौल की नोक पर बंधक बनाकर लाखों रुपये मूल्य के ट्रांसफॉर्मर क्वायल, बिजली के तार, तांबे के केबल समेत अन्य सामान लूट लिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, देर रात करीब दर्जनभर की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने ड्यूटी पर मौजूद स्विच बोर्ड ऑपरेटर अशोक हेंब्रम को पहले हथियार के बल पर कब्जे में लिया। इसके बाद उसके हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए और आंखों पर पट्टी बांधकर कंट्रोल रूम में ही बंधक बना दिया। बदमाश उसका मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए। इसके बाद अपराधियों ने परिसर में रखे 500 केवीए क्षमता के दो नए ट्रांसफॉर्मरों को खोलकर उनके क्वायल निकाल लिए। साथ ही लगभग 12 किलोमीटर हाई वोल्टेज बिजली तार, करीब तीन क्विंटल तांबे के केबल, ट्रांसफॉर्मर ऑयल तथा अन्य विद्युत सामग्री भी लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी सोमवार सुबह तब हुई, जब ड्यूटी पर पहुंचे आउटसोर्सिंग कर्मी महावीर महथा ने अशोक हेंब्रम को बंधनमुक्त कराया। इसके बाद विद्युत विभाग और पुलिस को सूचना दी गई। घटनास्थल पर पहुंचे विद्युत सहायक अभियंता नरेंद्र मिंज ने बताया कि तीन हथियारबंद बदमाशों ने अशोक हेंब्रम की छाती, पीठ और सिर पर पिस्तौल सटाकर उसे बंधक बनाया, जबकि अन्य बदमाशों ने पूरी वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही चंदनकियारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# भर्रा इलेवन ने 'पीटर थंगराज मेमोरियल' ग्रामीण युवा फुटबॉल चैंपियनशिप का जीता खिताब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के तत्वावधान में आयोजित पीटर थंगराज मेमोरियल' ग्रामीण युवा फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 का खिताब भर्रा इलेवन की टीम ने जीत लिया है। 03 अगस्त को ट्रेनीज हॉस्टल मैदान में आयोजित फाइनल मुकाबले में भर्रा इलेवन की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए परटांड को 3-1 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी, अधिशासी निदेशक, अन्य वरीय अधिकारी, क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएँ के वरीय अधिकारी व उनकी टीम तथा तथा खेल प्रेमी उपस्थित थे । समापन समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ-साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। विजेता टीम को ट्रॉफी, 10,000 रुपये की नगद पुरस्कार तथा खिलाड़ियों व टीम प्रबंधन हेतु ट्रैक सूट प्रदान किए गए, जबकि उपविजेता टीम को ट्रॉफी, 5,000 रुपये नगद पुरस्कार तथा ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में नकीब हसन शाह (सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर), कुंदन तुरी (सर्वोच्च स्कोरर - 3 गोल), राजीव हंसदा (सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर), शिवराम टुडू (सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर), सुब्रत महतो (सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर), सुजय मुर्मू (फाइनल मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) तथा सुशील सोरेन (टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) को 1,000 रुपये प्रति खिलाड़ी व सेल सेलम स्टील गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य टीमों के कोच, मैनेजर व रेफरी दल को टी-शर्ट दिया गया। उल्लेखनीय है कि इस टूर्नामेंट का आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र के पूर्व कर्मचारी (1976-1997), अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित, पूर्व ओलंपियन फुटबॉलर तथा वर्ष 1958 में 'एशिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर' रहे स्वर्गीय पीटर थंगराज की स्मृति में किया गया। प्रतियोगिता में बोकारो ग्रामीण फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 की 8 शीर्ष टीमों - भर्रा इलेवन, तुपकाडीह, परटांड, झोपड़ो, नरकरा, राधानगर, शिबुटांड़ और सेल फुटबॉल अकादमी ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 29 जुलाई को राउंड ऑफ एट्स मुकाबले खेले गए, जबकि 31 जुलाई को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले आयोजित किए गए, जिसमें टीमों ने अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### दूसरी बोकारो जिला गतका प्रतियोगिता में एमजीएम स्कूल का दबदबा





**बोकारो** : दिल्ली पब्लिक स्कूल चास में आयोजित दूसरा बोकारो जिला गतका प्रतियोगिता का शानदार आयोजन हुआ। इस आयोजन को पुकारो जिला गतका संघ के द्वारा दिनांक एक और दो अगस्त को किया गया इस आयोजन में बोकारो के विभिन्न स्कूलों से लगभग 300 बच्चों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में पहले स्थान पर एमजीएम स्कूल, दूसरे स्थान पर पिट्स मॉडल गोमिया, तीसरे स्थान पर दिल्ली पब्लिक स्कूल चास। बालिका वर्ग में पहले स्थान पर एमजीएम स्कूल, दूसरे स्थान पर डीपीएस चास तथा तीसरा स्थान पर ओरिएंटल पब्लिक स्कूल। इस आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ मनीष तिवारी तथा विशिष्ट अतिथियों में बीएमएल दास पिट्स मॉडल स्कूल गोमिया प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता के सभी उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों की भारी संख्या को देखते हुए गतका बोकारो में बहुत कम समय में खिलाड़ियों के बीच लोकप्रिय हुआ है इसके लिए बोकारो जिला गटका सन को बधाई देते हुए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया तथा खिलाड़ी गतका के राज्य प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बोकारो तथा झारखंड का नाम रोशन करेंगे इसकी अग्रिम बधाई दी। वही मटका सॉन्ग के सचिव राजीव सिंह ने बताया कि बोकारो जिला के कटक खिलाड़ी बीते 4 वर्षों से भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया प्रतियोगिता में तथा स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में भाग लेते आ रहे हैं अब तक बोकारो धनबाद पलामू सहित झारखंड के कई जिले के खिलाड़ियों को 8 लाख से अधिक प्रोत्साहन राशि स्कॉलरशिप झारखंड सरकार के द्वारा दी जा चुकी है। इस साल भी बोकारो के कई खिलाड़ियों को झारखंड सरकार के द्वारा स्कॉलरशिप दी जाएगी कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक रंजन,पायल कुमारी, प्रियांशु राज सिंह,वेदांत भारद्वाज,नईम अंसारी, राहुल प्रताप सिंह,सूरज कुमार,खुशी सिंह,आशीष कुमार,जसमीत कुमार, सतीनाथ चक्रवर्ती इत्यादि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### स्व. प्रदीप कुमार महतो के परिवार को मिला 49 लाख 76 हजार का मुआवजा



**बोकारो** : हजारीबाग जिले के जोबार पंचायत के बंदखारो के रहने वाले प्रवासी मजदूर स्वर्गीय प्रदीप कुमार महतो के परिवार वाले को 49 लाख 76 हजार रुपए का मुआवजा राशि पत्नी, माता-पिता और बेटी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी गयी हैं। परिवार वालों ने जावावी पावरटेक इंजीनियरिंग कंपनी, प्रवासी हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली, महेंद्र महतो एवं सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। बता दें कि प्रदीप कुमार महतो की मौत ओमान में पिछले 18 मार्च 2026 को सड़क दुर्घटना में हो गई थी। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और इसी दौरान इलाज कराकर पैदल अपने कैंप वापस लौट रहे थे। इसी बीच सड़क पार करने के दौरान एक वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। समाजसेवी सिकन्दर अली ने कहा कि अथक प्रयासों के बाद मेरी उपस्थिति में मृतक परिजनों और जावावी पावरटेक इंजीनियरिंग कंपनी के बीच 40 लाख रुपये का सहायता राशि दिलाने पर सहमति बनी थी। लेकिन अब 40 लाख रुपए की जगह 49 लाख 76 हजार रुपए की राशि माता-पिता,पत्नी और बेटी के बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर कर दिया। यह राशि अब पूरे परिवार के भविष्य के लिए बहुत बड़ा सहारा बनेगी।

### 'स्नेह मिलन' में अभिवंचित माताओं का सम्मान, साड़ी भेंट कर लिया आशीर्वाद



बोकारो: संकल्प सृजन झारखंड प्रदेश एवं अभिवंचित समाज उत्थान सेवा संस्था द्वारा रविवार को सोनाटांड स्थित कार्यालय परिसर में अभिवंचित वर्ग की माताओं के साथ स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आगंतुक अतिथि अनिल सिंह, कुमार अमरदीप, संस्था की महासचिव साध्वी झा एवं अन्य अतिथियों ने भारत माता चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए पुष्पार्चन किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा संरक्षित माताओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनके जीवनचर्या को समझने एवं उनकी कठिनाईयों को जानने का प्रयास किया गया। विशिष्ट समाजसेवी अनिल सिंह जी ने अपनी माता जी की स्मृति में पुण्यतिथि के अवसर उपस्थित माताओं को साड़ी भेंट देते हुए उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। समस्त उपस्थित गणमान्य जनों ने माता स्मृति शेष लीलावती देवी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया। सह सचिव रीता सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा संरक्षित अनेक एकल असहाय बुजुर्ग एवं अभिवंचित माताएं हैं जिन्हें संस्था द्वारा समाज के सौजन्य से समय समय पर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 11 नन्हें शिशु संस्था द्वारा संरक्षित हैं जिन्हें आवश्यकता अनुसार तीन से छह माह के लिए गोद लेकर दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्था द्वारा अनेक प्रकार के सामाजिक हितैषी कार्य सदैव गतिशील हैं। अंत में उपस्थित माताओं संग सभी ने मिलकर अल्पाहार का आनंद उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने बिनु पाठक, प्रिया पांडे, रीता सिंह, गीता देवी, नीतू देवी आदि सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### रोटरी क्लब ने 1500 कांवड़ियों की सेवा की पेयजल, जूस और केले का किया वितरण



**बोकारो** : रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी द्वारा जीजीपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप लगभग 1,500 कांवड़ यात्रियों (बोल बम श्रद्धालुओं) के बीच शुद्ध पेयजल, जूस एवं केले का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य भगवान भोलेनाथ के प्रति श्रद्धा एवं सेवा-भावना को समर्पित रहा। कांवड़ यात्रियों ने इस सेवा का लाभ उठाया तथा रोटरी क्लब के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। इस पुण्य कार्य को सफल बनाने में रोटेरियन अशोक तनेजा, डॉ. राजदीप, संध्या राज, चंद्रिमा रे, प्रदीप रे, हरदीप सिंह, जसविंदर कौर, संतोष सिंह, रीता सिंह, नीलम दास, अनिशा लाल, महेश कुमार, तुषार सिंह, पूनम त्रेहन, देबाशीस साहना, जसिंथा, संजय जैन, सुनीता जैन तथा घनश्याम दास सहित सभी सहयोगी रोटेरियनों एवं स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा। रोटरी क्लब सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

# पहली सोमवारी पर उमड़ी आस्था की बाढ़ सहस्त्र शिवलिंग पर हुआ जलाभिषेक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**इटखोरी :** सावन माह की पहली सोमवारी के पावन अवसर पर जिले के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर परिसर स्थित सहस्त्र शिवलिंग में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अहले सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने 1008 सहस्त्र शिवलिंग पर विधि-विधान के साथ जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मां भद्रकाली के दरबार में माथा टेककर सुख, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान हर-हर महादेव और जय मां भद्रकाली के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। श्रद्धालुओं ने बताया कि सावन माह में भगवान शिव और मां भद्रकाली की पूजा-अर्चना का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी आस्था के कारण सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करते रहे। मंदिर प्रशासन एवं स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे दिन मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं का आगमन लगातार जारी रहा। मान्यता है कि मां भद्रकाली मंदिर परिसर स्थित सहस्त्र शिवलिंग में जलाभिषेक करने से 1008 शिवलिंगों पर जल चढ़ाने के समान पुण्य की प्राप्ति होती है, यही कारण है कि सावन के प्रत्येक सोमवार को यहां हजारों श्रद्धालु दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं।

## पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**हंटरगंज/चतरा :** सावन माह की पहली सोमवारी पर जिला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भी तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। भक्त धरधरी छठ घाट से पवित्र जल लेकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने मंदिर पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को गंगाजल, कच्चा दूध, बेलपत्र, चंदन, भांग, धतूरा एवं पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, स्वास्थय और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पहली सोमवारी होने के कारण दिनभर महिलाएं, पुरुष, युवा, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचते रहे। पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। पाण्डेयपुरा के अलावा आसपास के अन्य शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। इससे पूरा क्षेत्र शिवभक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आया।

## एक नजर

### हंटरगंज के पाण्डेयपुरा में 'कैजुअल फिट फुटवियर कलेक्शन' का शुभारंभ



**हंटरगंज :** हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा प्रतापपुर मोड़ के समीप कैजुअल फिट फुटवियर कलेक्शन का शुभारंभ किया गया। नई दुकान में पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न डिजाइन और आकर्षक जूते-चप्पलों का संग्रह उपलब्ध कराया गया है। दुकान के संचालक सुधांशु शेखर ने बताया कि ग्राहकों को किफायती कीमत पर बेहतर गुणवत्ता, नए डिजाइन और बदलते फैशन के अनुरूप फुटवियर उपलब्ध कराने का प्रयास रहेगा। उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय लोगों ने नई दुकान का स्वागत करते हुए संचालक को शुभकामनाएं दीं। कैजुअल फिट फुटवियर कलेक्शन में रोजमर्रा के उपयोग के साथ-साथ फैशन और विशेष अवसरों के लिए भी अलग-अलग डिजाइन के फुटवियर उपलब्ध हैं। क्षेत्रवासियों ने कहा कि अब अच्छी गुणवत्ता के जूते-चप्पलों की खरीदारी के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पाण्डेयपुरा में ही ग्राहकों को बेहतर विकल्प उपलब्ध हो सकेंगे।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई 3 किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिले की ईचागढ़ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 3 किलोग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। मामले का खुलासा चांडिल के एसडीपीओ शिव प्रकाश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। एसडीपीओ शिव प्रकाश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि डूमटांड़ चौक से पातकुम जाने वाले मार्ग पर अफीम की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद उनके नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन कर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पीछा कर घासीराम साव (48) को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। तलाशी में आरोपी के पास से 3 किलोग्राम अफीम, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, वीवो मोबाइल फोन, प्लास्टिक बोरा और होंडा एसपी मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस कार्रवाई में ईचागढ़ थाना प्रभारी वरुण यादव, एसआई शशिभूषण सिंह मुंडा, एएसआई सुरेश भगत तथा पुलिस बल शामिल थे। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी आस्था की भीड़, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा गांव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मयूरहंड/गिद्धौर :** सावन माह की पहली सोमवारी पर गिद्धौर, पत्थलगड़ा, सिमरिया एवं मयूरहंड प्रखंड के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया और पूरा क्षेत्र शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। मयूरहंड प्रखंड के ढोढी शिव मंदिर में तड़के सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। भक्त पवित्र जल, गंगाजल और कच्चे दूध से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, भांग, चंदन, पुष्प एवं प्रसाद अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी यशवंत पांडेय ने बताया कि सावन माह भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। इस दौरान श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होने की धार्मिक मान्यता है। वहीं, गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बलबल स्थित मां बागेश्वरी मंदिर में भी पहली सोमवारी को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने गर्म जलकुंड में स्नान करने के बाद मां बागेश्वरी के दरबार में पूजा-अर्चना की और सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने कौलेश्वरी मंदिर, बटेश्वर शिव मंदिर समेत विभिन्न गांवों के शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिरों में दिनभर पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मां बागेश्वरी मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण में जुटे रहे।

# शराब तस्करी का बड़ा खुलासा, 16 लाख की 3700 बोतल विदेशी शराब बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चतरा :** चतरा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 16 लाख रुपये मूल्य की 3700 बोतल विदेशी शराब बरामद की है। शराब को एक ट्रक में धान के भूसे के नीचे छिपाकर बिहार ले जाया जा रहा था। पुलिस की कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। इस संबंध में एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने सोमवार को सदर थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसपी अनिमेष नैथानी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक के माध्यम से भारी मात्रा में अवैध शराब तस्करी के लिए बिहार ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर उनके नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। टीम में सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, पुअनि राहुल सिंह, सअनि रवि रंजन कुमार एवं प्रवीण कुमार शामिल थे। पुलिस टीम ने सदर थाना क्षेत्र के शेरेगड़ा के पास वाहन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान संदिग्ध ट्रक वहां पहुंचा। पुलिस के अनुसार, ट्रक को रुकने का इशारा करने पर चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और पुलिस टीम को चकमा देकर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया। भागने के दौरान संघरी घाटी मोड़ के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम जब दुर्घटनास्थल पर पहुंची तो ट्रक का डाला धान के भूसे से भरा मिला। जांच के दौरान भूसे के नीचे शराब की पेटियां छिपाकर रखे जाने का खुलासा हुआ। ट्रक पलटने के बाद भूसा हट गया और शराब की बोतलें सड़क पर बिखर गईं। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस ने जांच के दौरान कुल 3700 बोतल विदेशी शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 16 लाख रुपये है।

# बिना आमसभा और नोटिफिकेशन के बरही चौक का नामकरण और प्रतिमा लगाने का विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** बरही चौक का नामकरण और स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा लगाने के प्रस्ताव को लेकर बरही की आम जनता ने कड़ा विरोध जताया है। सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों ने अनुमण्डल पदाधिकारी बरही एवं बीडीओ बरही को एक लिखित आपत्ति पत्र सौंपकर इस कार्य को तत्काल रोकने की मांग की।

आपत्ति पत्र में कहा गया है कि अप्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार द्वारा बरही चौक पर शिबू सोरेन की प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया गया है। लेकिन इस संबंध में सरकार की ओर से कोई लिखित नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है और न ही आमसभा कराई गई है। पत्र में इसे संवैधानिक प्रक्रिया का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन और बरही की आम जनता के साथ धोखा बताया गया है। आमजन ने पत्र में कहा कि "इस प्रतिमा का बरही चौक पर लगाए जाने पर हम सभी को घोर आपत्ति है। आम जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस कार्य को तत्काल रोका जाए, ताकि जनांदोलन की नौबत न आए।₹ आपति पत्र में रमेश ठाकुर, गुरुदेव गुप्ता, नंदकिशोर कुमार, कैलाश ठाकुर, ब्रजेश ठाकुर, प्रदीप कुमार, चुरामन चौधरी, निरंजन केशरी सहित कई लोगों ने हस्ताक्षर किया है।

# खुला बाबा पूजा भंडार, पूजा-पाठ से जुड़ी सामग्री अब एक ही जगह मिलेगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित बाबा पूजा भंडार का सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी विपिन कुमार भारती एवं प्रमुख मनीषा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंधनियां मुखिया भोला राम, हेहुम मुखिया संतोष राम एवं समाजसेवी भोला यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन के अवसर पर बीडीओ विपिन कुमार भारती ने कहा कि स्थानीय स्तर पर इस तरह के प्रतिष्ठानों के खुलने से लोगों को आवश्यक सामग्री आसानी से उपलब्ध होती है। इससे स्थानीय रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ावा मिलने के साथ क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी मदद मिलती है। उन्होंने प्रतिष्ठान के संचालक को व्यवसाय के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रमुख मनीषा देवी ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में पूजा सामग्री की समुचित उपलब्धता होने से क्षेत्रवासियों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रतिष्ठान लोगों की धार्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ क्षेत्रवासियों का विश्वास भी हासिल करेगा। प्रतिष्ठान के संचालक आचार्य राधाकांत पाठक ने बताया कि बाबा पूजा भंडार में पूजा-पाठ, यज्ञ-हवन, तंत्र-मंत्र, ज्योतिष तथा ग्रह-नक्षत्रों से संबंधित विभिन्न प्रकार की सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इससे लोगों को धार्मिक सामग्री खरीदने के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष साहू, पूरन साहू, अभय पाठक, पूनम पाठक, सुमन पाठक, रूप पाठक, सूचित पाठक, अरुण पाठक एवं शशिकांत पाठक समेत अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### सीआरसी स्तर पर शिक्षकों की बैठक, विद्यालयों की व्यवस्थाओं और छात्र सुविधाओं की हुई समीक्षा



**गिद्धौर :** गिद्धौर प्रखंड के सभी सीआरसी केंद्रों में शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संबंधित सीआरपी ने की, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की संख्या, पोशाक योजना के लिए बैंक खाता, इको क्लब के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से संबंधित लिंक भरने सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली गई। इसके अलावा छात्र एवं शिक्षकों की प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति, बच्चों की अपार आईडी, बैंक खाता एवं आधार बनवाने तथा विद्यालय से संबंधित आवश्यक रिपोर्ट उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान कई शिक्षकों ने मांगी गई रिपोर्ट भी जमा की। सीआरपी ने सभी विद्यालयों से आवश्यक जानकारी एवं रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर सीआरपी राजकुमार राजू, प्रेमचंद साव, नवनीत सिन्हा सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

### मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ का प्रशिक्षण शुरू, 5 अगस्त से दावा-आपत्ति का दौर



**सिमरिया :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत 5 अगस्त से शुरू होने वाले दावा-आपत्ति एवं नोटिस सत्यापन कार्य को लेकर सोमवार को सिमरिया प्रखंड कार्यालय सभागार में बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं टैग कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण का उद्घाटन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्यों को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित तरीके से पूरा किया जाए, ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में किसी प्रकार की समस्या न हो। बताया गया कि प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। 5 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्रखंड सिमरिया में कुल 103 मतदान केंद्रों पर 82,594 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ एवं संबंधित कर्मियों को दावा-आपत्ति प्राप्त करने तथा नोटिस सत्यापन की प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं टैग कर्मी उपस्थित रहे।

### नहर किनारे जानलेवा गड्ढे ने ली 52 वर्षीय महिला की जान, पानी में डूबने से दर्दनाक मौत



**हंटरगंज :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के तरवागाड़ा पंचायत अंतर्गत राहरबार नहर के समीप सोमवार सुबह पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से 52 वर्षीय विधवा महिला रामपतिया देवी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका राहरबार गांव निवासी स्वर्गीय विदेशी दास की पत्नी थीं। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार, रामपतिया देवी वर्षों से गांव में प्रसव कराने का कार्य करती थीं। सोमवार सुबह वह गांव के शंभू भुइयां के घर प्रसव कराने गई थीं। प्रसव कराने के बाद वह नहर किनारे पानी से भरे गहरे गड्ढे के पास कपड़े धोने पहुंचीं। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरीं। सामने से गुजर रहे एक व्यक्ति ने उन्हें पानी में डूबते देखा और बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों और परिजनों ने निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि गोलाई नहर से सुग्गी गांव तक चल रहे निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी निकालने के लिए कई गहरे गड्ढे खोदे गए थे। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी इन गड्ढों को भरा नहीं गया। बारिश के बाद इनमें पानी भर गया, जिससे ये गड्ढे जानलेवा बन गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढों को भर दिया जाता तो हादसे को टाला जा सकता था। उन्होंने प्रशासन से निर्माण कार्य की जांच कराने, जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर हंटरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विपिन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# श्रावण की पहली सोमवारी पर बासुकीनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**दुमका :** श्रावण मास की पहली सोमवारी पर विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लगी रहीं। "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से पूरा बासुकीनाथ धाम शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ण होने की कामना की।

श्रद्धालु बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर पहले बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर में जलार्पण करने के बाद बाबा बासुकीनाथ धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सावन की पहली सोमवारी होने के कारण सामान्य दिनों की तुलना में श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक रही।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। सुबह से ही जिले के पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार और अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कंट्रोल रूम से व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी कर रहे हैं। मंदिर परिसर और आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं का जलार्पण शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से कराया जा सके। भीड़ अधिक होने के बावजूद श्रद्धालु अनुशासित ढंग से कतारबद्ध होकर जलार्पण करते नजर आए। पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी लगातार व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे, जिससे दर्शन और जलाभिषेक की प्रक्रिया सुचारु रूप से चलती रही। जिला उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बताया कि पहली सोमवारी को लेकर सभी विभागों को पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और शिवभक्तों को व्यवस्थित कतारों के माध्यम से जलाभिषेक कराया जा रहा है।

धार्मिक मान्यता है कि श्रावण मास की सोमवारी पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के कारण पहली सोमवारी पर बड़ी संख्या में शिवभक्त बाबा बासुकीनाथ धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

# द्वादशा श्राद्ध में उमड़ा विप्र समाज, दिवंगत कपूर देवी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमरिया :** सिमरिया प्रखंड अंतर्गत अमगांवा निवासी स्वर्गीय कुलदीप पांडेय की धर्मपत्नी एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति चतरा जिला उपाध्यक्ष अजय पांडेय की सास दिवंगत कपूर देवी के द्वादशा श्राद्ध कर्म में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष अमरेश गणक के नेतृत्व में झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में विप्रजन पहुंचे। सभी ने दिवंगत कपूर देवी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनकी पुण्यात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। उपस्थित विप्रजनों ने कहा कि दिवंगत कपूर देवी अत्यंत धार्मिक, सरल एवं संस्कारवान महिला थीं। उन्होंने जीवनभर अपने परिवार का कुशलतापूर्वक पालन-पोषण करने के साथ सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन किया। श्राद्ध कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक के साथ तुलेश्वर पांडेय, दामोदर मिश्र, कृष्णदेव पांडेय, महादेव पांडेय, विनोद पांडेय, हजारीबाग जिला प्रभारी बद्रीनाथ पांडेय, मुरारी पांडे, चतरा जिला उपाध्यक्ष अजय पांडे, जिला सचिव राजन कुमार पांडे, चयन समिति अध्यक्ष सुरेश पांडेय, महामंत्री जसवंत पांडेय, लावालौंग प्रखंड अध्यक्ष संतोष पांडे, बसंत पांडे, शंभू पांडे, सतीश पांडे, अनुज शर्मा, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष सुनील पांडे, उपाध्यक्ष मनोहर पांडे, सचिव राधेश्याम पांडे, गोविंद शर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य प्रकाश पांडे, अरुण पांडे, गोपाल पांडे, महेश पांडे, उमेश पांडे, मनोज पांडेय, शंकर मिश्रा, जितेंद्र पांडेय, शंकर पांडेय सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

## डस्की स्किन वाली महिलाओं जरूर ट्राई करें ये मेकअप हैक्स, बढ़ जाएगी चेहरे की खूबसूरती



**आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनका इस्तेमाल करने से आप आसानी से डस्की स्किन को खूबसूरत बना सकती हैं। हम आपको डस्की स्किन पर मेकअप करने के लिए आप कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं।**

हर महिला खूबसूरत दिखना चाहती हैं, जिसके लिए वह काफी प्रयास भी करती हैं। डस्की स्किन को खूबसूरत बनाने के लिए महिलाएं महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। अगर आपकी स्किन भी डस्की है, तो आप भी अपने चेहरे को खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए मेकअप करती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनका इस्तेमाल करने से आप आसानी से डस्की स्किन को खूबसूरत बना सकती हैं। हम आपको डस्की स्किन पर मेकअप करने के लिए आप कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं।

### सही फाउंडेशन

मेकअप करने से पहले सही फाउंडेशन का चुनाव करना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में आप ओरेंज या ब्राउन टोन फाउंडेशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह डस्की स्किन के लिए बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है।

### कोरल शेड ब्लश

डस्की स्किन वाली लड़कियां कोरल शेड ब्लश का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह इस स्किन टोन वाली लड़कियों के लिए फायदेमंद हो सकता है। वहीं आंखों का मेकअप करने के लिए आप ब्लैक कलर के लाइनर का यूज कर सकती हैं। वहीं आप आईशैडो भी लाइट कलर को चुनें।

### वॉर्म टोन लिपस्टिक

अगर आप लिपस्टिक के कलर को चुनने में कंफ्यूज हो रही हैं, तो डस्की स्किन वाली लड़कियां वॉर्म टोन वाली लिपस्टिक चुन सकती हैं। यह शेड्स आपके चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने में सहायता करते हैं।

### न्यूड शेड कंपैक्ट पाउडर

मेकअप के समय जब भी आप कंपैक्ट पाउडर का इस्तेमाल करें, तो इसका शेड न्यूड ही रखें। यह कंपैक्ट पाउडर मेकअप को खास बनाने में मदद करेगा। डस्की स्किन वाली लड़कियों के लिए यह मेकअप टिप्स बहुत काम आएंगे।

## रात में सोने से पहले चेहरे पर लगाएं एलोवेरा जेल, त्वचा को मिलेंगे ये जबरदस्त फायदे

**दादी-नानी के जमाने से एलोवेरा जेल को त्वचा के लिए फायदेमंद माना जाता रहा है। आइए एलोवेरा जेल लगाने के कुछ कमाल के स्किन बेनिफिट्स के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।**

### त्वचा के लिए फायदेमंद एलोवेरा जेल

क्या आप जानते हैं कि एलोवेरा जेल त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं से छुटकारा दिलाने में कारगर साबित हो सकता है? अगर आप सही तरीके से एलोवेरा जेल को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करते हैं, तो आप अपनी स्किन को फ्लॉलेस बना सकते हैं। हर रोज रात में सोने से पहले फेस वॉश कीजिए और फिर साफ चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाइए। महज कुछ ही हफ्तों के अंदर आपको खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर दिखाई देने लगेगा।

### सुधारे चेहरे की रंगत

एलोवेरा जेल में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व आपकी त्वचा की डीप क्लीनिंग करने में मददगार साबित हो सकते हैं। हर रोज एलोवेरा जेल यूज करने से त्वचा की रंगत काफी हद तक सुधर सकती है। अगर आप अपनी डल स्किन से छुटकारा पाना चाहते हैं और अपनी स्किन को ग्लोइंग बनाना चाहते हैं, तो हर रोज एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करना शुरू कर दीजिए।

### दूर हो जाएंगे दाग-धब्बे

क्या आपके चेहरे पर अक्सर दाग-धब्बे या फिर मुंहासे निकल आते हैं? अगर हां, तो आपको अपने स्किन केयर रूटीन में एलोवेरा जेल को जरूर शामिल करना चाहिए। औषधीय गुणों से भरपूर एलोवेरा जेल दाग-धब्बे और मुंहासे की समस्या को दूर करने में असरदार साबित हो सकता है। इसके अलावा एलोवेरा जेल टैनिंग की समस्या से छुटकारा दिलाने में भी कारगर साबित हो सकता है।

### त्वचा के लिए वरदान

रेगुलरली एलोवेरा जेल यूज करके झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम किया जा सकता है। जलन और खुजली जैसी स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम्स से छुटकारा पाने के लिए भी एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। एलोवेरा जेल में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स समेत कई पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है, जो आपकी त्वचा के लिए वरदान साबित हो सकती है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए ध्यान रहे कि एलोवेरा जेल फ्रेश और केमिकल फ्री होना चाहिए।



## दीवार और छत की काई हटाने का आसान तरीका, ये 4 घरेलू नुस्खे हैं फायदेमंद





जब बारिश का मौसम आता है तो ठंडी हवा और हरियाली से हर कोई खुश हो जाता है। बारिश की वजह से वातावरण में सुकून और ताजगी भी महसूस होती है। लेकिन कुछ ही दिनों में यही बारिश कई तरह की परेशानियां लेकर आती है। उन परेशानियों में से एक बड़ी समस्या है घर की दीवारों और छतों पर काई लगना। हरे रंग की काई न केवल देखने में खराब लगती है, बल्कि दीवारों को नुकसान भी पहुंचाती है। इसके अलावा काई फिसलन भरी होती है, जिससे गिरने का खतरा भी बढ़ जाता है। अक्सर लोग इस समस्या से निजात पाने के लिए नींबू और नमक का देसी नुस्खा इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके अलावा भी कुछ और घरेलू उपाय है जिनकी मदद से आप घर की दीवारों और छतों की काई आसानी से साफ कर सकते है।

### नींबू और नमक का देसी नुस्खा

नींबू और नमक का पेस्ट बनाना बहुत आसान है। सबसे पहले एक कटोरे में नींबू का रस लें और उसमें नमक डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को सीधे काई वाली जगह पर अच्छी तरह लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें ताकि नींबू का एसिड और नमक का खुरदुरापन काई को ढीला कर सके। अब एक कड़े ब्रश या स्क्रबर की मदद से अच्छी तरह रगड़कर काई को साफ करें। इसके बाद पानी से धो लें। यह तरीका बहुत प्रभावी होता है क्योंकि नींबू का एसिड और नमक मिलकर काई को हटाने में मदद करते हैं।

### बेकिंग सोडा और विनेगर का पेस्ट

अगर आप कोई और तरीका अपनाना चाहते हैं तो बेकिंग सोडा और विनेगर का पेस्ट भी बहुत अच्छा काम करता है। इसके लिए बेकिंग सोडा और विनेगर को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। यह पेस्ट लगाने पर झाग बनेगा, जो सामान्य है। इसे काई वाली जगह पर 30 मिनट से 1 घंटे तक लगा रहने दें। फिर एक ब्रश की मदद से रगड़कर पानी से साफ कर लें। विनेगर में मौजूद एसिटिक एसिड और बेकिंग सोडा के क्षारीय गुण मिलकर काई को असरदार तरीके से हटाते हैं।

### ब्लीच और पानी का घोल

ब्लीच काई और फंगस को मारने के लिए सबसे तेज और असरदार तरीका है। लेकिन इसका इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतनी बहुत जरूरी है। एक बाल्टी में 1 हिस्सा ब्लीच और 3-4 हिस्से पानी मिलाकर घोल तैयार करें। इसे स्प्रे की मदद से या ब्रश से काई वाली जगह पर लगाएं। 15-20 मिनट के बाद ब्रश से रगड़कर पानी से धो लें। ध्यान रखें कि ब्लीच लगाते समय दस्ताने और मास्क जरूर पहनें ताकि आपकी त्वचा और सांस सुरक्षित रहे।

### टी ट्री ऑयल और पानी का स्प्रे

टी ट्री ऑयल एक प्राकृतिक एंटी-फंगल है, जो हल्की काई के लिए बहुत कारगर है। इसे इस्तेमाल करना भी बहुत आसान है। एक स्प्रे बोतल में एक कप पानी लें और उसमें 10-15 बूंदें टी ट्री ऑयल डालें। इसे अच्छी तरह मिलाएं और फिर इस मिश्रण को काई वाली जगह पर छिड़क दें। छिड़काव के बाद इसे सूखने दें। इस प्रक्रिया में रगड़ने या धोने की जरूरत नहीं होती। टी ट्री ऑयल धीरे-धीरे काई को बढ़ने से रोकता है और खत्म भी कर देता है।

### डिटर्जेंट और गर्म पानी

अगर काई मामूली हो तो डिटर्जेंट और गर्म पानी का घोल भी एक आसान और असरदार उपाय है। एक बाल्टी में गर्म पानी लें और उसमें कोई भी लॉन्ड्री डिटर्जेंट या डिशवॉश लिक्विड डालकर घोल बनाएं। इस घोल को काई वाली जगह पर स्प्रे करें या ब्रश से लगाएं। 15-20 मिनट बाद ब्रश से रगड़कर साफ करें और फिर पानी से धो लें। डिटर्जेंट गंदगी और चिकनाई को ढीला करने में मदद करता है, जिससे काई आसानी से हट जाती है।

### सावधानियां और सुझाव

काई साफ करते समय हमेशा दस्ताने पहनें ताकि हाथों को नुकसान न पहुंचे।

ब्लीच या विनेगर जैसे तेज रसायनों का इस्तेमाल खुली हवा में करें।

अगर दीवारें बहुत ज्यादा खराब हो गई हैं तो पेशेवर मदद लेना बेहतर होता है।

नियमित सफाई से भी काई लगने से बचाव हो सकता है।

बारिश के मौसम में काई की समस्या को नजरअंदाज न करें। ऊपर बताए गए ये घरेलू नुस्खे आजमाकर आप अपने घर की दीवारें और छत को साफ और सुरक्षित रख सकते हैं। इससे आपका घर सुंदर दिखेगा और गिरने-फिसलने का खतरा भी कम होगा।

## अलसी है बालों के लिए बेहद फायदेमंद



### एक साथ देती है कई फायदे, बस जान लें इस्तेमाल का सही तरीका

**अगर आप तेज़ी से बाल बढ़ाना चाहते हैं, तो अलसी के बीज आपके लिए कमाल कर सकते हैं। इनमें विटामिन बी, मैग्नीशियम, मैंगनीज, सेलेनियम और ओमेगा 3 फैटी एसिड होते हैं। ये सभी पोषक तत्व बालों को झड़ने से रोकते हैं और उन्हें बढ़ने में मदद करते हैं।**

### अलसी है बालों के लिए बेहद फायदेमंद

अगर आप तेजी से बाल बढ़ाना चाहते हैं, तो अलसी के बीज आपके लिए कमाल कर सकते हैं। इनमें विटामिन बी, मैग्नीशियम, मैंगनीज, सेलेनियम और ओमेगा 3 फैटी एसिड होते हैं। ये सभी पोषक तत्व बालों को झड़ने से रोकते हैं और उन्हें बढ़ने में मदद करते हैं। सबसे खास बात, अलसी के बीजों से बना जेल बालों की कोशिकाओं को खोलकर उनके विकास को बढ़ावा देता है। आइए, जानते हैं इसके फ़ायदे और इसे बनाने का तरीका।

### बालों के लिए अलसी के जेल के फ़ायदे

झड़ते बालों में फ़ायदेमंद : अलसी के बीज विटामिन ई का एक बड़ा स्रोत है, जो बालों के विकास में मदद करता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण बालों को झड़ने से रोकते हैं और स्कैल्प को नुकसान से बचाते हैं।

बालों को पोषण देता है : अलसी ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर होती है। ये फैटी एसिड बालों के विकास को बढ़ावा देते हैं। सबसे पहले, ये फैटी एसिड बालों के रोमछिद्रों को पोषण देते हैं और प्रदूषण से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। इससे बाल कम खराब होते हैं और स्वस्थ रहते हैं। पीएच स्तर को संतुलित रखता है : तेजी से बाल बढ़ाने के लिए स्कैल्प के पीएच स्तर को संतुलित रखना बहुत जरूरी है। अलसी का जेल इसमें आपकी मदद कर सकता है और स्कैल्प को शांत करता है। यह तेल बनाने वाली ग्रंथियों को प्रभावित करता है, जिससे सही मात्रा में तेल बनता है और बाल स्वस्थ रहते हैं। इससे बाल तेजी से बढ़ने लगते हैं।

### अलसी का जेल कैसे बनाएं?

बालों के लिए अलसी का यह जेल आप आसानी से घर पर बना सकते हैं। बस इन बातों का ध्यान रखें। एक बर्तन में 2 कप साफ़ पानी और आधा कप अलसी के बीज डालकर, गाढ़ा होने तक उबालें। जब यह गाढ़ा होने लगे, तो 1-2 टेबलस्पून नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिला लें। जब यह जेल जैसा दिखने लगे, तो आंच बंद कर दें और इसे ठंडा होने दें। ठंडा होने पर यह और गाढ़ा हो जाएगा। ठंडा होने के बाद, आप इस जेल को एक कंटेनर में स्टोर कर सकते हैं। इस अलसी के हेयर जेल को बालों में लगाएं।

संक्षिप्त समाचार

## ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम का भारत दौरा

### भारतीय मूल के नील पटेल को 16 सदस्यीय टीम में मिली जगह

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने होने वाले भारत दौरे के लिए 16 सदस्यीय अंडर-19 पुरुष टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में भारतीय मूल के न्यू साउथ वेल्स के खिलाड़ी नील पटेल को भी शामिल किया गया है। यह टीम भारत के खिलाफ राजकोट और अहमदाबाद में पांच मैचों की मल्टी-फॉर्मेट सीरीज खेलेगी। न्यू साउथ वेल्स के रहने वाले नील पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स क्रिकेट क्लब से खेलते हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के उभरते युवा खिलाड़ियों में गिना जाता है।



- **राजकोट और अहमदाबाद में खेले जाएंगे मैच** – यह दौरा चार सप्ताह तक चलेगा। इसमें ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत के खिलाफ तीन 50-ओवर के मैच और दो चार-दिवसीय मैच खेलेगी।ये मुकाबले 13 सितंबर से 9 अक्टूबर 2026 के बीच राजकोट और अहमदाबाद में आयोजित किए जाएंगे। इस टीम का चयन यूथ नेशनल सिलेक्शन पैनल ने किया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के सबसे होनहार युवा खिलाड़ियों को जगह दी गई है।
- **टिम नील्सन होंगे हेड कोच** – ऑस्ट्रेलियाई टीम के हेड कोच पूर्व क्रिकेटर टिम नील्सन होंगे। नील्सन फिलहाल डार्विन में बांग्लादेश के खिलाफ क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन प्रोग्राम की देखरेख कर रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की नेशनल डेवलपमेंट हेड सोन्या थॉम्पसन ने कहा कि यह दौरा युवा खिलाड़ियों के विकास के लिए एक बेहतरीन मौका है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में खेलने से खिलाड़ियों की तकनीकी और मानसिक क्षमता का परीक्षण होगा।टीम नील्सन फिलहाल डार्विन में बांग्लादेश के खिलाफ क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन प्रोग्राम की देखरेख कर रहे हैं।
- **ऑस्ट्रेलियाई टीम में ये खिलाड़ी शामिल** – टीम में केसी बार्टन (तस्मानिया), हेडन बारबुलोविक (साउथ ऑस्ट्रेलिया), एली ब्रेन (क्वींसलैंड), विल बायरोम (न्यू साउथ वेल्स), ब्लेक कैटल (न्यू साउथ वेल्स), जैक जोस्रेक (विक्टोरिया), स्पेंसर ग्रीन (क्वींसलैंड), कॉनर ग्रेगरी (साउथ ऑस्ट्रेलिया), चार्ली हेंडरसन (क्वींसलैंड), जेड होलिक (वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया), मैथ्यू लॉफ (वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया), नील पटेल (न्यू साउथ वेल्स), जैकब पिट्ज़ (विक्टोरिया), पैट्रिक सुलिवन (विक्टोरिया), थियो त्सिंगोस (क्वींसलैंड) और थॉमस वासेओ (क्वींसलैंड) शामिल हैं।

## टीम इंडिया की बढ़ती चोटों पर बीसीसीआई सख्त

### सपोर्ट स्टाफ और हेड फिजियो की होगी समीक्षा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट टीम में लगातार बढ़ रही खिलाड़ियों की चोटों ने अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चिंता बढ़ा दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलंका टेस्ट सीरीज के बाद बोर्ड टीम इंडिया के मेडिकल और सपोर्ट स्टाफ की समीक्षा करेगा। खासतौर पर हेड फिजियो कमलेश जैन की भूमिका जांच के दायरे में है। कप्तान शुभमन गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर भी खिलाड़ियों की लगातार चोटों से संतुष्ट नहीं बताए जा रहे हैं।

**लगातार चोटों ने बढ़ाई बीसीसीआई की चिंता**– हाल के महीनों में टीम इंडिया के कई अहम खिलाड़ी चोटिल हुए हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घुटने की चोट के कारण श्रीलंका दौरे से बाहर हो गए हैं। इससे पहले हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी भी चोट के चलते दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके हैं।वहीं स्टार ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर पहले टेस्ट से बाहर हैं और दूसरे टेस्ट में भी उनके खेलने पर संशय बना हुआ है। लगातार बढ़ती इन चोटों ने चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

बाय-बाय ग्लास्गो 2026

# भारत को मिली कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी, सौंपी मिशाल






### कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की रंगारंग समाप्ति

2030 कॉमनवेल्थ गेम्स अहमदाबाद में होंगे, जिससे ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत दूसरा ऐसा देश बन जाएगा जिसने एक से ज़्यादा बार इस मल्टी-स्पोर्ट इवेंट की मेजबानी की है। भारत ने इससे पहले 2010 में नई दिल्ली में ये गेम्स होस्ट किए थे. क्लोजिंग सेरेमनी स्कॉटलैंड की रिच कल्चरल हेरिटेज के सेलिब्रेशन के साथ शुरू हुई, जिसके बाद भारत की कल्चरल डायवर्सिटी और सदियों पुरानी परंपराओं का एक रंगीन शोकेस हुआ।
सेरेमनी की एक खास बात एक अनोखा इंडो-स्कॉटिश कल्चरल कोलैबोरेशन था, जिसमें दोनों देशों के म्यूजिशियन और डांसर एक जबरदस्त 'जुगलबंदी' के लिए एक साथ आए, जो ग्लासगो से अहमदाबाद बैटन के ट्रांसफर का प्रतीक था. सेरेमोनियल हैंडओवर पूरा होने के साथ, अब फोकस अहमदाबाद पर है, जो 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स के सौवें एडिशन को होस्ट करेगा।

नीरज, पीटी ऊषा को ध्वज मिला, क्लोजिंग सेरेमनी में शंकर महादेवन, मानुषी छिल्लर की शानदार प्रस्तुति ग्लास्गो (स्कॉटलैंड): 11 दिनों तक चले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की रविवार को रंगारंग समाप्ति हो गई। इस इवेंट में भारत ने 39 मेडल के साथ ओवरऑल मेडल स्टैंडिंग में चौथा स्थान हासिल किया. बता दें, नई बॉक्सिंग चैंपियन बनी जैस्मिन लैम्बोरिया को क्लोजिंग सेरेमनी के लिए देश का फ्लैग-बेयरर बनाया गया।

जानकारी के मुताबिक अगले कॉमनवेल्थ गेम्स (2030) का शताब्दी संस्करण बनाया जाएगा, जिसकी मेजबानी भारत को सौंपी गई है. कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित किए जाएंगे. क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान कॉमनवेल्थ गेम्स के आधिकारिक ध्वज और बैटन भारत को सौंपे गए हैं. इस दौरान भारत की तरफ से ओलंपिक गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा और गुजरात के डिप्टी सीएम हर्ष सिंघवी मौजूद रहे।

भारत ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में 122 खिलाड़ियों के ग्रुप से 13 गोल्ड, 17 ??सिल्वर और नौ ब्रॉन्ज मेडल जीते. यह चार साल पहले बर्मिंघम में मिली चौथी जगह की बराबरी है, जबकि इस बार उसने एक बहुत छोटे प्रोग्राम में हिस्सा लिया था, जिसमें कई ऐसे खेल शामिल नहीं थे जिनमें देश पारंपरिक रूप से मेडल जीतता है. भारत के मेडल की संख्या 2022 में बर्मिंघम में जीते गए 61 मेडल से कम थी, लेकिन हालात कुछ और ही कहानी बताते हैं. उनमें से तीस मेडल ऐसे खेलों में आए थे, जिन्हें ग्लासगो प्रोग्राम से हटा दिया गया था।

चार साल पहले 210 की तुलना में सिर्फ 122 एथलीट के साथ, भारत फिर भी अपना चौथा स्थान बनाए रखने में कामयाब रहा, जबकि मेडल कन्वर्जन रेट और भी बेहतर रहा, जिसमें 38 एथलीट मेडल के साथ घर लौटे. लंबी दूरी के रनर गुलवीर सिंह दो मेडल जीतने वाले अकेले भारतीय थे. ऑस्ट्रेलिया ने 70 गोल्ड मेडल समेत कुल 171 मेडल जीतकर गेम्स में अपना दबदबा बनाया, जबकि इंग्लैंड 110 मेडल के साथ दूसरे और कनाडा 62 मेडल के साथ तीसरे नंबर पर रहा. भारत 39 मेडल के साथ मेजबान स्कॉटलैंड के बराबर रहा, लेकिन ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने की वजह से चौथे नंबर पर रहा।

## आकिब नबी पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में

### बुमराह की जगह श्रीलंका दौरे पर जाएंगे, टीम इंडिया में आने वाले जम्मू-कश्मीर के तीसरे प्लेयर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह आकिब नबी को टीम में शामिल किया गया है। नबी टीम इंडिया में चुने जाने वाले जम्मू-कश्मीर के सिर्फ तीसरे क्रिकेटर हैं। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगी।



जसप्रीत बुमराह रविवार को टीम इंडिया से बाहर हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे घुटने की चोट से नहीं उबर पाए हैं। टीम मैनेजमेंट और बीसीसीआई ने उनके लंबे करियर को देखते हुए कोई जोखिम नहीं लेने का फैसला किया है।

**नबी टेस्ट टीम में चुने जाने वाले जम्मू-कश्मीर के पहले क्रिकेटर** – 23 साल के आकिब नबी ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया था। अब उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में मौका मिला है। वे टेस्ट टीम में चुने जाने वाले जम्मू कश्मीर के पहले क्रिकेटर हैं। वैसे, यहां के परवेज रसूल और उमरान मलिक भी भारतीय टीम में चुने जा चुके हैं लेकिन उन्हें सिर्फ वनडे और टी20 टीम में मौका मिला है।

**दो रणजी सीजन में कुल 104 विकेट चटकाए** – 29 साल आकिब ने 2025-26 रणजी ट्राफी में मात्र 10 मैचों में 60 विकेट लिए, जिनमें सात बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल है। पिछले दो रणजी सीजन में आकिब नबी ने कुल 104 विकेट लिए हैं। इनमें 2025-26 में 60 और पिछले सीजन में 44 विकेट शामिल हैं। इन आंकड़ों ने आकिब नबी का लाल गेंद क्रिकेट में देश के सबसे प्रभावशाली गेंदबाजों में शुमार कर दिया है।आकिब का नाकआउट मुकाबलों में प्रदर्शन विशेष रूप से शानदार रहा। आकिब ने क्वार्टरफाइनल में मध्य प्रदेश, सेमीफाइनल में बंगाल और फाइनल में कर्नाटक के विरुद्ध निर्णायक गेंदबाजी की। इन प्रदर्शनों ने न केवल जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब दिलाया बल्कि दबाव में उनके धैर्य को भी प्रदर्शित किया। बीसीसीआई ने टीम में बदलाव की पुष्टि की है। हालांकि, बोर्ड ने बुमराह को टीम से बाहर करने या आकिब नबी को शामिल करने का कारण नहीं बताया है।

**हाल ही में इंडिया ए के साथ श्रीलंका दौरे पर थे नबी** – आकिब नबी हाल ही में इंडिया ए टीम के साथ श्रीलंका दौरे पर भी गए थे। वहां उन्होंने दो प्रथम श्रेणी मैचों में छह विकेट लिए थे।

वेस्टइंडीज ने पहले दिन बनाए 239/5

# ग्रीव्स-चेज की नाबाद साझेदारी, पाकिस्तान के स्पिनर्स को मिली सफलता, पेसर्स रहे बेअसर

**पोर्ट ऑफ स्पेन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वीन्स पार्क ओवल में खेले जा रहे टेस्ट मैच के पहले दिन मेजबान टीम ने मजबूत शुरुआत की। बारिश और खराब रोशनी से प्रभावित दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 5 विकेट पर 239 रन बनाए। जस्टिन ग्रीव्स अर्धशतक लगाकर नाबाद लौटे। उनके साथ कप्तान रोस्टन चेज भी क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी हो चुकी है। पाकिस्तान की ओर से स्पिनरों ने शुरुआती सफलता दिलाई, लेकिन निचले क्रम ने टीम की वापसी नहीं होने दी।



**अब्बास को बाहर रखने पर उठे सवाल, ओपनर्स ने दिलाई तेज शुरुआत** – मैच से पहले पाकिस्तान ने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास को प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया। इस फैसले पर पूर्व खिलाड़ियों और विशेषज्ञों ने सवाल उठाए।

वेस्टइंडीज के ओपनर्स ने इसका फायदा उठाते हुए 9.5 ओवर में 49 रन जोड़ दिए। हालांकि, बारिश से पहले आखिरी गेंद पर मोहम्मद अली ने तागेनरायन चंद्रपॉल को फाइन लेग पर कैच कराकर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई।

**बारिश के बाद स्पिनर्स ने बदला मैच का रुख** – बारिश के बाद पिच से स्पिनरों को मदद मिलने लगी। कप्तान बाबर आजम ने अली उस्मान और साजिद खान को आक्रमण पर लगाया।अली उस्मान ने ब्रैंडन किंग को एलबीडब्ल्यू आउट कर टेस्ट करियर का पहला विकेट हासिल किया। इसके बाद साजिद खान ने कावेम हॉज को विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। दोनों फैसलों में पाकिस्तान ने सफल डीआरएस लिया। किंग ने 46 रन बनाए।

**उबेद शाह को मिला पहला टेस्ट विकेट** – शाई होप और अमिर जांगू ने चौथे विकेट के लिए तेजी से रन जोड़े और पाकिस्तान पर दबाव बनाए रखा। होप ने कवर के ऊपर शानदार छक्का भी लगाया।इसके बाद डेब्यू कर रहे तेज गेंदबाज उबेद शाह ने अमिर जांगू को विकेटकीपर रिजवान के हाथों कैच कराकर टेस्ट क्रिकेट का पहला विकेट लिया। हालांकि, वह पूरे दिन महंगे साबित हुए।

**ग्रीव्स और चेज ने पाकिस्तान की उम्मीदों पर फेरा पानी** – चायकाल के बाद मोहम्मद अली ने शाई होप को बोल्ड कर पाकिस्तान को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद लगा कि पाकिस्तान जल्द पारी समेट सकता है, लेकिन जस्टिन ग्रीव्स और कप्तान रोस्टन चेज ने संभलकर बल्लेबाजी की।

ग्रीव्स ने शानदार अर्धशतक लगाया और चेज के साथ छठे विकेट के लिए 66 रन की नाबाद साझेदारी कर टीम का स्कोर 239/5 तक पहुंचाया। पहले दो सत्र में असरदार दिखे पाकिस्तान के स्पिनर्स दिन के अंत तक पिच से कम मदद मिलने के कारण ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके।

## धवन के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हराया

**लुसाका, ज़ाम्बिया (एजेंसी)।** एशियन लीजेंड्स लीग में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए हाई-वोल्टेज मुकाबले में इंडियन रॉयल्स ने शानदार वापसी करते हुए पाकिस्तान पैंथर्स को दो विकेट से हरा दिया। 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 17.3 ओवर में 8 विकेट खोकर 169 रन बनाए और रोमांचक जीत दर्ज की। इस जीत के सबसे बड़े हीरो ऋषि धवन रहे, जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया।

**पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने बनाए 167 रन** – टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान पैंथर्स ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 167 रन बनाए। भारतीय गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में रन गति पर लगाम लगाई, जिससे पाकिस्तान बड़ा स्कोर नहीं बना सका। भारतीय टीम के सामने जीत के लिए 168 रन का लक्ष्य था।



**44 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद संकट में फंसी भारतीय टीम** – लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडियन रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। मोहम्मद इरफान ने नमन ओझा (4) को जल्दी पवेलियन भेज दिया। अभिषेक जलोटा ने 19 गेंदों में 30 रन की तेज पारी खेली, लेकिन उनके आउट होते ही भारतीय बल्लेबाजी लड़खड़ा गई।

## 30 अगस्त से शेर-ए-पंजाब टी-20 लीग शुरू

### मोहाली में खेलते दिखेंगे शुभमन गिल और अर्शदीप सिंह, 6 टीमों के बीच होंगे 27 मुकाबले

**मोहाली (एजेंसी)।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह समेत कई स्टार क्रिकेटर अब इसी महीने मोहाली के पीसीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेलते नजर आएंगे। शेर-ए-पंजाब टी-20 लीग का रविवार को भव्य आगाज हुआ। टूर्नामेंट 30 अगस्त से 13 सितंबर तक चलेगा।

पीसीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के सचिव गुरमीत सिंह मीत हेयर और अध्यक्ष अमरजीत सिंह महिता ने लीग का औपचारिक शुभारंभ किया। इस मौके पर भारतीय कप्तान शुभमन गिल और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।




**9 अगस्त को होगी खिलाड़ियों की नीलामी**– टूर्नामेंट में छह फ्रेंचाइजी टीमें कुल 27 मुकाबले खेलेंगी। क्रिकेट प्रेमियों को शुभमन गिल, अर्शदीप सिंह, अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, गुरनूर बराड़ और रमनदीप सिंह जैसे स्टार खिलाड़ियों को एक्शन में देखने का मौका मिलेगा। खिलाड़ियों की नीलामी 9 अगस्त को होगी।

**छह फेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी** – लीग में अमृतसर, फाजिल्का, जालंधर, लुधियाना, मोहाली और बठिंडा की छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास 45 लाख रुपए का पर्स होगा और वह अधिकतम 20 खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल कर सकेगी। मार्की खिलाड़ी की कीमत 10 लाख रुपए तय की गई है, जबकि आइकन खिलाड़ी की बेस प्राइस 1.50 लाख रुपए रखी गई है।

प्रथम श्रेणी, अंडर-23, अंडर-19 और जिला स्तर के खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग बेस प्राइस निर्धारित की गई है। पीसीए सचिव गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि यह लीग मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

इसका उद्देश्य पंजाब के घरेलू खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने और पेशेवर माहौल में सीखने का अवसर देना है। कार्यक्रम के दौरान टूर्नामेंट का आधिकारिक लोगो लॉन्च किया गया। इस अवसर पर पीसीए के पदाधिकारियों ने फ्रेंचाइजी मालिकों और प्रमुख क्रिकेटरों को सम्मानित भी किया।

## तीसरा गोल्ड जीतने वाली मीराबाई चानू ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात, भेंट की साइन की हुई जर्सी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने के बाद भारतीय स्टार वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की। इस दौरान मीराबाई और भारतीय वेटलिफ्टिंग टीम के मुख्य कोच विजय शर्मा ने रिजिजू को पूरी भारतीय वेटलिफ्टिंग टीम के खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली जर्सी भेंट की। किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, कॉमनवेल्थ गेम्स, ग्लासगो में शानदार जीत के बाद स्वागत है मीराबाई चानू। आपने एक बार फिर वेटलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया। सभी वेटलिफ्टरों के हस्ताक्षर वाली टी-शर्ट भेंट करने के लिए धन्यवाद।




**मीराबाई ने रचा इतिहास** – टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने स्नैच में 85 किलोग्राम वजन उठाकर कॉमनवेल्थ गेम्स रिकॉर्ड बनाया, जबकि क्लीन एंड जर्क में 105 किलोग्राम वजन उठाकर एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने लगातार तीसरी बार कॉमनवेल्थ गेम्स का गोल्ड मेडल जीतने का कारनामा किया।

**चौथा सीडब्लयूजी पदक, लगातार तीसरा गोल्ड** – मीराबाई के करियर का यह चौथा कॉमनवेल्थ गेम्स पदक है। उन्होंने 2014 ग्लासगो खेलों में रजत पदक जीता था, जबकि 2018 गोल्ड कोस्ट, 2022 बर्मिंघम और अब 2026 ग्लासगो में लगातार तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वह कॉमनवेल्थ गेम्स में लगातार तीन गोल्ड जीतने वाली दुनिया की पहली महिला वेटलिफ्टर भी बन गई हैं।

**दिल्ली एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत** – ग्लासगो से लौटने के बाद रविवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मीराबाई चानू का जोरदार स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में प्रशंसक, परिवार के सदस्य और समर्थक उनका स्वागत करने पहुंचे।

## जम्मू-कश्मीर में 10 दिनों में हुए दो आतंकी हमले

श्रीनगर(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में 10 दिनों के भीतर दो स्थानों पर हुए आतंकी हमलों में सुरक्षाबल के एक जवान और छत्तीसगढ़ के दो प्रवासी मजदूरों समेत तीन लोगों की जान चली गई। कुलगाम में ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों की हत्या के पीछे सुरक्षाबलों को एक ही बचे स्थानीय आतंकवादी मोहम्मद लतीफ भट का हाथ होने का संदेह है। सुरक्षा रिकॉर्ड के अनुसार, घाटी में अब लतीफ भट ही एकमात्र जीवित स्थानीय आतंकी बचा है, जो कुलगाम का ही रहने वाला है। इसके अलावा अमरनाथ यात्रा के दौरान 22 जुलाई को एक हेड कॉन्स्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सीआरपीएफ और पुलिस फाइलों में खूंखार आतंकी के रूप में दर्ज भट के अलावा घाटी में 40 से 50 पाकिस्तानी यानी विदेशी आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है। सुरक्षा एजेंसियों के आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि घाटी में स्थानीय आतंकवाद अब समाप्ति के कगार पर है। पांच साल पहले जांच में 50 से 60 स्थानीय आतंकियों के होने का पता चला था, जो पिछले साल मई तक घटकर 17 रह गए थे। एनआईए और सुरक्षा एजेंसियों की लगातार सख्ती, नार्को टेररिज्म पर कार्रवाई और आतंकी फंडिंग की कमर तोड़े जाने से अब पाकिस्तानी आतंकी स्थानीय युवाओं को बरगलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं, जिससे नई भर्तियों पर पूरी तरह रोक लग गई है। अधिकारियों के अनुसार, बीते 8 जुलाई को अनंतनाग में चलाए गए एक संयुक्त ऑपरेशन शेरोवाली के दौरान लश्कर आतंकी जाकिर अहमद गनेई मारा गया था, जबकि उसका साथी लतीफ भट भागने में सफल रहा। गनेई और भट दोनों कुलगाम के ही निवासी थे और अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। 22 जुलाई को हुई हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन की शहादत और प्रवासी मजदूरों की हत्या के तरीकों में गहरी समानताएं पाई गई हैं। दोनों घटनाओं में हमलावरों ने टोपी पहन रखी थी और उनके हाथों में गनी बैग देखा गया था। भट ने वर्ष 2025 में घर छोड़कर केआरए का दामन थामा था, जो लश्कर और द रेजिस्टेंस फ्रंट से जुड़ा संगठन है। फिलहाल सुरक्षाबल इस अंतिम स्थानीय आतंकी का सफाया करने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रहे हैं।

## पुंछ में दो जंग लगे मोर्टार गोले बरामद, सेना ने सुरक्षित उड़ाया

पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में दो गांवों से जंग लगे दो मोर्टार गोले बरामद हुए, जिन्हें सेना के बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षित तरीके से नष्ट किया। अधिकारियों ने बताया कि पहला गोला मनकोट क्षेत्र में छज्जला पुल के पास खुले मैदान में ग्रामीणों को मिला। तुरंत पुलिस और सुरक्षा बलों को सूचित किया गया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। इसके बाद सेना के बम निरोधक दस्ते ने सभी सुरक्षा नियमों का पालन कर नियंत्रित विस्फोट के जरिए नष्ट कर दिया। वहीं, दूसरा निष्क्रिय मोर्टार गोला मेंढर नाले के पास अधकी गांव के खेतों में मिला, जिसे विशेषज्ञों ने सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों का अनुमान है कि ये विस्फोटक संभवतः नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पहले हुई सीमा-पार गोलाबारी के दौरान फटे नहीं और निष्क्रिय पड़े रहे है।


## असम में किशोरी से बर्बरता-रेप के बाद हत्या, इलाका स्तब्ध

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के हैलाकांडी जिले में 15 वर्षीय किशोरी की बर्बरतापूर्ण हत्या ने पूरे इलाके को स्तब्ध किया है। अलोईचारा इलाके में हुई यह दिल दहला देने वाली घटना तब हुई, जब बच्ची घर पर अकेली थी। परिजनों ने दावा किया है कि हमलावरों ने हत्या से पहले बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न किया और फिर उसकी बेरहमी से जान ले ली। इस खौफनाक वारदात ने लोगों के बीच गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। जब परिजन पास के रिश्तेदार के घर एक दावत से देर रात लौटे, तब उन्होंने अपने कमरे के फर्श पर अपनी बेटी का क्षत-विक्षत शव पड़ा देखा। बच्ची की हालत इतनी भयानक थी कि पहचानना भी मुश्किल हो रहा था। दरिंदों ने बच्ची का सिर और चेहरा किसी भारी वस्तु से पूरी तरह कुचल दिया था। इसके साथ ही, हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए उसके प्राइवेट पार्ट में लोहे की रॉड डाल दी गई थी, जिससे परिवार और पूरा समाज सदमे में है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बच्ची शनिवार रात करीब 11 बजे अपने एक कजिन भाई से किसी बात पर बहस होने के बाद दावत छोड़कर अकेली अपने घर वापस आ गई थी। इसी बीच यह अमानवीय घटना घटित हुई। इस जघन्य अपराध के बाद पूरे हैलाकांडी जिले में तनाव का माहौल है। रविवार सुबह सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित ग्रामीणों और प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाइवे (एनएच-6) पर सड़क जाम कर दिया। वे दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और उन्हें फांसी की सजा दिए जाने की मांग कर रहे थे, जिसके चलते पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई।

## कंगना रनौत का नया वीडियो : हां, मुझे संघी बनना है


### -इंडस्ट्री की दोहरी सोच पर साधा निशाना

नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने हाल ही में वीडियो साझा कर अपने आलोचकों को जवाब दिया है। वीडियो में कंगना ने स्पष्ट कहा है कि हां, मुझे संघी बनना है और उन्हें बीजेपी व आरएसएस की विचारधारा से प्रेरित जागरूक हिंदू बनने की इच्छा है। अपनी पुरानी छवि पर उठते सवालों का जवाब देकर कंगना ने कहा कि वे कभी मॉडरेट हिंदू थीं, लेकिन अब जागरूक हिंदू बनना चाहती हैं। आलोचकों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, मुझपर तंज किया जाता है कि तुम कब से संघी बन गई? हां, मुझे संघी बनना है।मुझे कन्वर्ट होना है। मैं क्यों नहीं कन्वर्ट हो सकती? उन्होंने पुराने वीडियो को लेकर हो रही आलोचनाओं पर भी जवाब दिया, यह कहते हुए कि उन्हें अपनी पहचान बदलने का पूरा हक है। वीडियो में कंगना ने फिल्म इंडस्ट्री की हिंदू अभिनेत्री पर भी निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि कई हिंदू लड़कियां पहले राजनीति या धर्म को लेकर तटस्थ रहती हैं, लेकिन जैसे ही वे किसी इस्लामी के साथ रिश्ते में आती हैं, उनकी सोच कट्टरपंथी लेफ्टिस्ट बन जाती है। कंगना ने ऐसी सोच को दोगला बताकर सवाल किया कि जब संविधान सबको अपनी पसंद का धर्म या विचारधारा चुनने की आजादी देता है, तब हिंदू लड़कियों के चुनाव पर सवाल क्यों उठते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, कंगना ने यह तंज कथित तौर पर बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा पर कसा है, जिन्होंने बीते दिनों सीजेपी आंदोलन का समर्थन किया था। इससे पहले कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर बिना नाम लिए सोनाक्षी सिन्हा पर भी हमला बोला था।



# दिल्ली के बाद अब झारखंड में जंतर-मंतर जैसी लामबंदी

### छात्रों का अनिश्चितकालीन अनशन और मशाल जुलूस



रांची (एजेंसी)। दिल्ली में भले ही छात्र आंदोलन शांत हो गया हो, लेकिन झारखंड की राजधानी रांची में छात्रों का गुस्सा अब जंतर-मंतर जैसी लामबंदी का रूप ले चुका है। कचहरी चौक स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में भारी संख्या में छात्र-छात्राएं एकजुट हो रहे हैं। जेपीएससी और जेएसएससी रिफॉर्म्स मंच के बैनर तले जारी इस आंदोलन को सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। सोनम वांगचुक के अनशन की तर्ज पर अब छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

रविवार को दिनभर चले प्रदर्शन के बाद शाम को बड़ी संख्या में छात्रों ने जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक विशाल मशाल जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारी छात्र हाथों में मशालें थामे और शरीर पर बैनर-पोस्टर चिपकाए हुए थे। पूरे रास्ते छात्रों ने परीक्षाओं में हो रही धांधली के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। छात्रों का सीधा आरोप है कि राज्य सरकार लंबे समय से पेपर लीक और परीक्षा घोटालों के संवेदनशील मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखा रही है। छात्रों की मुख्य मांग है कि जिन जेएसएससी परीक्षाओं पर अनियमितता और गड़बड़ी के आरोप लगे हैं, उन्हें तत्काल रद्द किया जाए। इसके अलावा टीडीपीएल कंपनी, अभय तिवारी और विवादित एजेंसियों से जुड़े परीक्षा मामलों की निष्पक्ष सीबीआई जांच कराई जाए। साथ ही 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कर पूरी चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। सत्याग्रह के नौवें दिन अनशन पर बैठे छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि विवादित 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी हुए एक महीना बीत चुका है, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे अभ्यर्थियों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र हितों को लेकर राज्य सरकार की मंशा में खोट है। देवेंद्र ने स्पष्ट किया कि जब तक सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक यह सत्याग्रह और भूख हड़ताल जारी रहेगी।

## हिंदू संगठन ने सांसद पप्पू यादव का पुतला फूंका, सदस्यता खत्म करने की मांग



वाराणसी (एजेंसी)। वाराणसी में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के पुतले फूंके गए। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संगठन ने संसद परिसर में साधु-संतों और सनातन धर्म का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनकी सदस्यता खत्म करने और गिरफ्तारी की मांग की। इस मांग को लेकर डीएम के जरिए ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन ने चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पप्पू यादव ने भगवान राम की तस्वीर और सनातन का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि संगठन डीएम को ज्ञापन देने के साथ जल्द ही थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग करेगा।

## दो साल बाद सार्वजनिक रूप से सामने आएंगी शेख हसीना



### -5 अगस्त को वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस को करेंगी संबोधित

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना लगभग दो साल के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर सार्वजनिक रूप से दुनिया के सामने आने जा रही हैं। वह 5 अगस्त 2026 को नई दिल्ली स्थित फॉरेन कॉरेस्पॉन्डेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया के सर मार्क टुली ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगी। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से 7-30 बजे तक चलेगा और इसे क्लब के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लाइव प्रसारित किया जाएगा। यह तारीख इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि ठीक दो साल पहले, 5 अगस्त 2024 को देशव्यापी हिंसक छात्र आंदोलन के बीच उन्हें बांग्लादेश छोड़कर भारत शरण लेनी पड़ी थी।

इस बहुप्रतीक्षित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शेख हसीना द्वारा अगस्त 2024 के छात्र आंदोलन, अपनी सरकार के पतन और बांग्लादेश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर खुलकर विचार व्यक्त करने की संभावना है। इसके साथ ही वह वर्तमान बांग्लादेश सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना कर सकती हैं। सूत्रों के अनुसार, शेख हसीना दिसंबर 2026 के आसपास अपनी स्वेच्छा से बांग्लादेश वापस लौटने की भावी योजनाओं का खुलासा कर सकती हैं, जहाँ वह अदालत के समक्ष प्रस्तुत होकर अपनी पार्टी अवामी लीग पर लगाए गए प्रतिबंधों को कानूनी रूप से चुनौती देने की रणनीति साझा करेंगी।

उल्लेखनीय है कि 5 अगस्त 2024 को लाखों प्रदर्शनकारियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास का घेराव करने के बाद सैन्य सलाह पर इस्तीफा देकर शेख हसीना अपनी बहन शेख रेहाना के साथ सैन्य विमान से गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पहुंची थीं और तब से वे भारत में कड़ी सुरक्षा के बीच रह रही हैं। इस बीच, बांग्लादेश के युद्ध अपराध न्यायाधिकरण ने नवंबर 2025 में छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के मामले में उनकी अनुपस्थिति में उन्हें मौत की सजा सुनाई थी, जिसे शेख हसीना ने पूरी तरह असंवैधानिक और राजनीति से प्रेरित करार देकर खारिज कर दिया है। बांग्लादेश सरकार द्वारा भारत से उनके प्रत्यर्पण की मांग भी की गई है, जिस पर भारतीय विदेश मंत्रालय द्विपक्षीय कानूनी संधियों के तहत समीक्षा कर रहा है। दो साल के मौन के बाद होने जा रही शेख हसीना की इस पहली सार्वजनिक उपस्थिति और प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय यह देखने के लिए उत्सुक है कि वह बांग्लादेश के मौजूदा राजनीतिक संकट, अपनी स्वदेश वापसी और अपने भावी राजनीतिक कदमों को लेकर क्या नया संदेश देती हैं।

# राजनीति नहीं, गांव की सेवा करना चाहते हैं अभिजीत दीपके

### विधायक या सांसद बनने का नहीं है लक्ष्य



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में हाल ही में हुए विशाल छात्र आंदोलन की अगुवाई करने वाले अभिजीत दीपके ने स्पष्ट किया है कि उनकी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा नहीं है और वे किसी मुख्यधारा की राजनीति में शामिल नहीं होना चाहते। हालांकि, वे अपने गृह गांव के विकास के लिए जमीनी स्तर पर काम करने के इच्छुक हैं। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब देश के बड़े नेता और मंत्री उनसे लगातार मुलाकात करने पहुंच रहे हैं। अमेरिका में अपनी पढ़ाई के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की शुरुआत करने वाले दीपके का कहना है कि अगर उन्हें राजनीति करनी होती तो वे उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका नहीं जाते।

अभिजीत दीपके महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में स्थित अपने गांव सांतुक पिंपरी के सरपंच बनकर गांव की सूरत बदलना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि वे हर साल गर्मियों में दो-तीन महीने अपने गांव में बिताते हैं। अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद उन्होंने देखा कि उनके रिश्तेदारों के बच्चे आज भी टूटे-फूटे स्कूलों में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। इसी स्थिति को बदलने के लिए वे अपने गांव में बेहतर स्कूल, सड़कें, नालियां और एक आधुनिक अस्पताल बनवाना चाहते हैं। भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए सीजेपी के संस्थापक दीपके ने बताया कि वे और उनके वॉलंटियर्स का समूह मिलकर एक पॉलिटिकल प्रेशर ग्रुप (राजनीतिक दबाव समूह) की तरह काम करेगा। उनका मानना है कि लोकतंत्र में जितने ज्यादा दबाव समूह होंगे, जनता के मुद्दों को उतनी ही मजबूती मिलेगी। वे चाहते हैं कि समय के साथ नए युवा सामने आएं और जनहित के आंदोलनों को आगे बढ़ाएं।

इस बीच, दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में एक महीने तक चले आंदोलन के बाद संगठन अब अपनी अगली रणनीति तय करने में जुट गया है। आगामी 5 अगस्त को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित दीपके के आवास पर सीजेपी के प्रमुख सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। इस बैठक में देशभर के कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों से मिले सुझावों पर गहन मंथन किया जाएगा। बैठक के बाद आयोजित होने वाली प्रेसवार्ता में संगठन की भविष्य की कार्ययोजना और आगे की रणनीति की औपचारिक घोषणा की जाएगी।

# तमिलनाडु सरकार ने कर्नाटक सीएम डीके शिवकुमार पर साधा निशाना

### -कावेरी जल विवाद पर बातचीत टली



चेन्नई (एजेंसी)। कावेरी जल विवाद को लेकर तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच सीधी बातचीत के जरिए समाधान की कोशिश अब तीखी राजनीतिक बहसबाजी में बदल गई है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय द्वारा कर्नाटक के साथ सीधे संवाद की पहल टलने के बाद, तमिलनाडु सरकार के वरिष्ठ मंत्री और प्रमुख प्रवक्ता आर निर्मल कुमार ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीके शिवकुमार अपनी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व की सुनने के बजाय तमिलनाडु के मुख्य विपक्षी दल डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन के इशारों पर काम कर रहे हैं।

पत्रकारों से बातचीत में निर्मल कुमार ने कहा कि अगर स्टालिन या उनका परिवार कुछ कहता है, तो कर्नाटक के मुख्यमंत्री उसे तुरंत मान लेते हैं, क्योंकि दोनों के बीच का रिश्ता बेहद मजबूत है। मंत्री का यह बयान सरकार का आधिकारिक रुख माना जा रहा है। इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि तमिलनाडु सरकार अब आपसी बातचीत को विकल्प नहीं मान रही है और कावेरी जल विवाद का निपटारा एक बार फिर अदालतों तथा ट्रिब्यूनल के फैसलों पर ही निर्भर रहेगा। दरअसल, पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री विजय ने कावेरी मुद्दे पर शिवकुमार से मुलाकात की पेशकश की थी। हालांकि, कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के आदेशों के खिलाफ कर्नाटक में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद यह प्रस्तावित बैठक स्थगित कर दी गई। टीवीके के रणनीतिकारों का मानना है कि बातचीत की इस पहल से सरकार को कोई राजनीतिक फायदा नहीं हुआ, इसलिए अब सॉफ्ट अप्रोच छोड़कर आक्रामक रुख अपनाने का फैसला किया गया है। निर्मल कुमार ने मुख्य विपक्षी दलों डीएमके और एआईएडीएमके की नीयत पर भी सवाल उठाते हुए पूछा कि बीते 5 वर्षों में सत्ता में रहते हुए डीएमके ने कावेरी मुद्दे पर प्रभावी कानूनी कदम क्यों नहीं उठाए।

#### क्या है विवाद?

कावेरी नदी के जल बंटवारे की शर्तें दोनों राज्यों के बीच पहले से तय हैं, लेकिन कम बारिश के कारण उत्पन्न जल संकट की वजह से कर्नाटक तय हिस्से का पानी छोड़ने में असमर्थता जता रहा है। इसके अलावा, कर्नाटक सरकार मेकेदातू में बेंगलुरु के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु विशाल बांध बनाना चाहती है। तमिलनाडु इस परियोजना का कड़ा विरोध कर रहा है, क्योंकि उसका मानना है कि बांध बनने से नदी के निचले हिस्से में पानी का प्रवाह कर्नाटक के नियंत्रण में आ जाएगा, जिससे तमिलनाडु के डेल्टा क्षेत्र के लाखों किसानों की आजीविका और खेती पूरी तरह तबाह हो जाएगी।

# सपा का राम मंदिर चढ़ावा, नीट लीक और अन्य मुद्दों पर जोरदार प्रदर्शन




लखनऊ (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले सोमवार को मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायकों और विधान परिषद सदस्यों ने विधान भवन परिसर में जमकर हंगामा किया। सपा ने अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक सहित कई गंभीर मुद्दों पर योगी सरकार की घेराबंदी की।

विधानसभा में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने बड़ी संख्या में सपा सदस्यों ने तख्तियां, बैनर और पोस्टर लेकर अपना विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान, सपा सदस्यों ने राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी, बीते दस वर्षों में 26 हजार से अधिक सरकारी विद्यालयों को बंद करने, नीट पेपर लीक, बिगड़ती कानून-व्यवस्था और विभिन्न जनसरोकारों से जुड़े मुद्दे उठाए। कुछ सदस्यों ने विरोध के प्रतीकात्मक रूप से अपने सिर पर 'चंदा पेटिका' लिखे दानपात्र भी रखे थे।

सपा विधायक रागिनी सोनकर ने आरोप लगाया कि बीजेपी की ''डबल इंजन'' सरकार ने प्रदेश में 26 हजार से अधिक सरकारी विद्यालय बंद किए हैं, जिससे 18 हजार बेटियों को अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी है। उन्होंने भाजपा पर केवल ''जुमलेबाजी'' करने और लोगों की आस्था से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। सपा विधायक अतुल प्रधान ने भाजपा पर राम मंदिर चढ़ावे की चोरी जैसा ''पाप'' करने का आरोप लगाकर कहा कि एसआईटी रिपोर्ट सौंपे जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सिर पर दानपात्र रखे प्रधान ने कहा, ''आज हम यहां चंदा चोरों के खिलाफ अभियान लेकर आए हैं।'' इस दौरान ''चंदा चोरों, गद्दी छोड़ो'' के नारे लगाए गए।

सपा सदस्य कमाल अख्तर ने बेरोजगारी, लगातार प्रश्नपत्र लीक होने, किसानों को खाद न मिलने, राज्य में बाढ़ के गंभीर हालात और बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों को उठाया। उन्होंने सरकार पर जनता और विपक्ष के सवालों से बचने के लिए सत्र की अवधि कम करने का आरोप लगाया। तीन से छह अगस्त तक चलने वाले इस सत्र को आगामी विधानसभा चुनावों से पहले संभवतः अंतिम सत्र माना जा रहा है, जिसमें सरकार चार अगस्त को पहला अनुपूरक बजट प्रस्तुत करेगी।


# छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन के इस्तेमाल की कार्रवाई पर स्पष्टीकरण दें अमित शाह

### -'इंडिया' गठबंधन की बैठक के बाद खड़गे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को संसद में आकर प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन के इस्तेमाल को लेकर स्पष्टीकरण देना चाहिए। खड़गे ने यह भी कहा कि पीएम मोदी को बताना चाहिए कि राम मंदिर में चढ़ावे की ''चोरी'' कैसे हुई। खड़गे ने संसद भवन स्थित अपने कक्ष में 'इंडिया' गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं की बैठक के बाद एक्स पर पोस्ट किया, ''मोदी सरकार को 'इंडिया' को जवाब देना होगा। मीडिय रिपोर्ट के मुताबिक गृह मंत्री संसद में आएं और छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन के इस्तेमाल की कार्रवाई पर स्पष्टीकरण दें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी यह बताएं कि राम मंदिर को श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया गया चंदा और चढ़ावा कैसे चोरी हो गया, जबकि ट्रस्ट प्रधानमंत्री की निगरानी में था। विपक्ष बीते 20 जुलाई को प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री से संसद में बयान देने की मांग कर रहा है। विपक्ष ने इस मुद्दे पर अमित शाह के इस्तीफे की भी मांग की है। विपक्षी दलों की बैठक में खड़गे के अलावा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश और के सी वेणुगोपाल, सपा सांसद धर्मेंद्र यादव, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और सागरिका घोष, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत और अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माजी, माकपा के जॉन ब्रिटास और कई अन्य नेता शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की सुरक्षा बढ़ी, अब बुलेटप्रूफ वाहन का करेंगे इस्तेमाल



### -जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े दो संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

### -मुख्यमंत्री की गतिविधियों से जुड़े दस्तावेज बरामद होने का दावा

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोलकाता,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से कथित खतरे की सूचना और हाल ही में हुई गिरफ्तारियों के बाद मुख्यमंत्री ने बुलेटप्रूफ वाहन का नियमित रूप से उपयोग शुरू कर दिया है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) से जुड़े सूत्रों के हवाले से सामने आई है।

एसटीएफ ने हाल ही में जैश-ए-मोहम्मद से कथित रूप से जुड़े संदिग्ध हमीम मंडल और उसकी सहयोगी अर्पिता सरकार को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों के अनुसार, दोनों के पाकिस्तान स्थित कथित आतंकी-अपराधी नेटवर्क शहजाद भट्टी नेटवर्क (एसबीएन) से भी संबंध होने की बात सामने आई है। हमीम मंडल को पूर्वी बर्दवान जिले के बर्दवान शहर से गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान उसके पास से मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के दैनिक कार्यक्रम और आवाजाही से जुड़े कुछ दस्तावेज मिलने का दावा किया गया है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां और अधिक सतर्क हो गई हैं।

सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री ने रविवार शाम से नई बुलेटप्रूफ गाड़ी का उपयोग शुरू कर दिया। उन्होंने पूर्वी मिदनापुर जिले के कांथी स्थित अपने पैतृक निवास से कोलकाता तक की यात्रा इसी वाहन से की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष की शुरुआत में मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद से ही उनके काफिले में एक बुलेटप्रूफ वाहन शामिल कर दिया गया था। हालांकि, मुख्यमंत्री आम लोगों से सहज संपर्क बनाए रखने के उद्देश्य से सामान्य वाहन में यात्रा करना अधिक पसंद करते थे। लेकिन मौजूदा सुरक्षा परिस्थितियों और संभावित खतरे को देखते हुए अधिकारियों ने उन्हें बुलेटप्रूफ वाहन का नियमित उपयोग करने की सलाह दी है।

गौरतलब है कि 6 मई को मुख्यमंत्री के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावरों ने उनकी कार को रोककर नजदीक से फायरिंग की थी, जिसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त एहतियाती कदम उठाने की सिफारिश की थी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशन्स एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902